
नई दिल्ली
सोमवार 6 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 78
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 27
न्यून. 29

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


## होसबाले के बयान से पूरी तरह सहमत राम मंदिर चंदा चोरी पर बोले भागवत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को राम मंदिर चंदे के विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह इस पूरे मामले पर संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले की बात से पूरी तरह सहमत हैं।

नागपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जब भागवत से चंदा चोरी के आरोपों पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, होसबाले जी का बयान देखिए...मेरी भी वही प्रतिक्रिया है। राम मंदिर चंदा विवाद पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने दत्तात्रेय होसबाले के बयान का समर्थन किया है, जिसमें आरोपों की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कठोर सजा की मांग की गई है और हिंदू समाज से धैर्य रखने की अपील की गई है। इससे पहले शुक्रवार को आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने इस मामले पर एक बयान जारी किया था। उन्होंने कहा था कि अयोध्या के राम मंदिर में चंदे की हेराफेरी के आरोपों ने पूरे समाज की भावनाओं और आस्था को गहरी ठेस पहुंचाई है। होसबाले ने सरकार और जांच एजेंसियों से मांग की थी कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसे सख्त सजा दी जानी चाहिए। होसबाले ने अपने बयान में इस बात पर भी जोर दिया था कि कुछ हिंदू विरोधी और देश-विरोधी ताकतें इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का फायदा उठाने की कोशिश कर रही हैं। वे इस बहाने हिंदू धर्म को बदनाम करना चाहते हैं। उन्होंने हिंदू समाज से अपील की कि इस मुश्किल समय में वे सब्र और संयम बनाए रखें और ऐसी किसी भी साजिश को कामयाब न होने दें।

# श्री राम मंदिर चढ़ावा चोरी: विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार विपक्षी नेताओं पर भड़के, जांच अधिकारी को लिखा पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में जांच को लेकर एक नया घटनाक्रम सामने आया है। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने इस मामले के जांच अधिकारी और अयोध्या के डीएसपी आशुतोष तिवारी को विस्तृत पत्र लिखकर उन राजनीतिक नेताओं के बयान दर्ज करने की मांग की है, जिन्होंने सार्वजनिक मंचों पर करोड़ों रुपये की चोरी और बड़े स्तर की अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। विदित हो बयान कलमबद्ध करने के बाद अगर विपक्षी नेताओं के आरोप झूठे पाए, गए तब वो कानूनी रूप से फंसेंगे। 4 जुलाई को लिखे गए इस पत्र में आलोक कुमार ने कहा है कि राम जन्मभूमि थाना, अयोध्या में दर्ज एफआईआर संख्या 0090/2026 के तहत श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की जांच चल रही है। इस दौरान विभिन्न नेताओं द्वारा टीवी चैनलों, सोशल मीडिया और अन्य सार्वजनिक मंचों पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### किन नेताओं का किया गया उल्लेख

*पत्र में जिन नेताओं के बयानों का उल्लेख किया गया है, उनमें प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हैं।*

### जांच एजेंसी से क्या मांग

*आलोक कुमार ने पत्र में कहा है कि जिन नेताओं ने इतने गंभीर और निश्चित आंकड़ों के साथ आरोप लगाए हैं, उनसे जांच एजेंसी को पूछना चाहिए। उनके आरोपों का तथ्यात्मक आधार क्या है ? उन्हें यह जानकारी किस स्रोत से मिली? उनके पास आरोपों के समर्थन में कौन-कौन से दस्तावेज या अन्य साक्ष्य उपलब्ध हैं? पत्र में कहा गया है कि यदि संबंधित नेता अपने आरोपों के समर्थन में विश्वसनीय सामग्री उपलब्ध कराते हैं तो इससे जांच एजेंसी को सच्चाई तक पहुंचने में मदद मिलेगी।*

### झूठे आरोप साबित होने पर कार्रवाई की मांग

*पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि जांच में यह पाया जाता है कि किसी व्यक्ति ने बिना किसी तथ्यात्मक आधार या साक्ष्य के गंभीर सार्वजनिक आरोप लगाए हैं, तो जांच एजेंसी कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करने पर विचार कर सकती है। पत्र में कहा गया है कि किसी को भी ऐसे निराधार आरोप लगाने की अनुमति नहीं दी जा सकती जो समाज में घृणा, दुर्भावना और वैमनस्य का वातावरण पैदा करें।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### विज्ञापनों में अश्लील कंटेंट हटाने के दिए सख्त आदेश

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने इंस्टाग्राम पर पेड विज्ञापनों के जरिए बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा देने के मामले में मेटा (फेसबुक, इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी) को कड़े शब्दों में नोटिस जारी किया है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश के बाद सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कंपनी से 7 दिनों के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है।



### आईआरसीटीसी: विशेष यात्रा पैकेज की घोषणा

नई दिल्ली। आईआरसीटीसी ने पितृ पक्ष के पवित्र अवसर पर भारत गौरव स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन के तहत एक विशेष यात्रा पैकेज की घोषणा की है। मात्र 18,040 की शुरुआती कीमत वाले इस पैकेज में यात्रियों को पुरी, भुवनेश्वर, गंगासागर और बाबा बैद्यनाथ धाम (झारखंड) जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे।



### भाजपा सांसद संबित पात्रा का वाट्सएप हैक

नई दिल्ली। ओडिशा की पुरी सीट से भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा का रविवार को वाट्सएप अकाउंट हैक हो गया। हैकर्स ने उनके नंबर से अर्जेंट 65 हजार रुपए की जरूरत है, जैसे भ्रामक संदेश भेजकर पैसों की मांग की। संबित पात्रा ने प्रेस एक्स पर लोगों को आगाह करते हुए वित्तीय लेन-देन न करने की अपील की। उनका अकाउंट रिकवर कर लिया गया।



## देश के युवाओं के भविष्य के लिए भी बड़ा खतरा है नशा

# नशे के खिलाफ साझा रणनीति पर ब्रिक्स देशों की बैठक आज से गुवाहाटी में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत पहली बार ब्रिक्स देशों की मादक पदार्थ रोधी एजेंसियों के प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक की मेजबानी करेगा। यह महत्वपूर्ण बैठक 6 और 7 को असम की राजधानी गुवाहाटी में आयोजित हो रही है। विशेष सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य देशों की एंटी-ड्रग एजेंसियों के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती मादक पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े खतरों से निपटने के लिए साझा रणनीति तैयार करेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार, इस बैठक का उद्देश्य ब्रिक्स देशों के बीच संस्थागत सहयोग को मजबूत करना, परिचालन स्तर पर समन्वय बढ़ाना तथा नशीले पदार्थों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई को अधिक प्रभावी बनाना है। बैठक का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा किया जा रहा है।




### इन मुद्दों पर होगी विशेष चर्चा

बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। इनमें प्रमुख रूप से सिंथेटिक ड्रग्स के बढ़ते खतरे से निपटने की रणनीति। ड्रग निर्माण में उपयोग होने वाले रसायनों की अवैध आपूर्ति रोकना।सदस्य देशों के बीच खुफिया सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान। सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध संयुक्त अभियान। जांच एजेंसियों की क्षमता वृद्धि और प्रशिक्षण संस्थागत सहयोग को और मजबूत बनाने के उपाय।

### संवाद से आगे, कार्रवाई पर रहेगा जोर

गृह मंत्रालय ने कहा है कि भारत इस बैठक को केवल विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि इसे संरचित और परिणामोन्मुख सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देख रहा है। भारत का लक्ष्य है कि ब्रिक्स देशों के बीच नशीले पदार्थों के खिलाफ वास्तविक समय में सहयोग, संयुक्त अभियान और सूचना साझाकरण की मजबूत व्यवस्था विकसित हो।

### भारत को मिलेगा अपनी उपलब्धियां साझा करने का अवसर

*यह सम्मेलन भारत को मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों और हाल के वर्षों में की गई कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर भी देगा। केंद्र सरकार का मानना है कि नशीले पदार्थों और मनःप्रभावी पदार्थों का दुरुपयोग न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य के लिए भी बड़ा खतरा है।*

### संयुक्त घोषणा पत्र अपनाए जाने की संभावना

*दो दिवसीय बैठक के समापन पर संयुक्त घोषणा पत्र जारी किए जाने की संभावना है। इस घोषणा पत्र में सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी, सिंथेटिक ड्रग्स के बढ़ते नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ ब्रिक्स देशों की साझा प्रतिबद्धता तथा भविष्य की कार्ययोजना का उल्लेख किया जाएगा।*

### क्या है ब्रिक्स?

*ब्रिक्स विश्व की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है, जिसमें वर्तमान में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, इंडोनेशिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई सदस्य देश शामिल हैं। यह समूह आर्थिक, रणनीतिक, सुरक्षा और वैश्विक सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में समन्वय बढ़ाने के लिए कार्य करता है। नशीले पदार्थों की तस्करी तेजी से अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले रही है। ऐसे में गुवाहाटी में होने वाली यह बैठक ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को नई दिशा देने और वैश्विक स्तर पर मादक पदार्थों के नेटवर्क के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।*

## पीएम मोदी की इंडोनेशिया यात्रा आज से

## रक्षा,समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष और व्यापार में परस्पर सहयोग को मिलेगी नई गति



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से इंडोनेशिया की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। 6 से 8 जुलाई तक प्रस्तावित इस यात्रा को भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा, समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा और संपर्क सहित कई क्षेत्रों में नए समझौतों और सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।

**भारत-इंडोनेशिया संबंधों को मिलेगी नई मजबूती :** जकार्ता में भारत के राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा दोनों देशों के मौजूदा संबंधों को और मजबूत करेगी तथा सहयोग के कई नए क्षेत्रों के द्वार खोलेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के बाद भारत और इंडोनेशिया के बीच ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कई महत्वपूर्ण समझौतों पर होंगे हस्ताक्षर

*राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने बताया कि यात्रा के दौरान समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष सहयोग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इन समझौतों से दोनों देशों के बीच तकनीकी, आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को नई दिशा मिलेगी।*

### इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग

*इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा पर बोलते हुए भारतीय राजदूत ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया इस क्षेत्र की दो प्रमुख शक्तियां हैं। दोनों देशों के बीच बढ़ता सहयोग समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।उन्होंने विशेष रूप से मलक्का जलडमरूमध्य का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विश्व व्यापार के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक व्यापार का बड़ा हिस्सा गुजरता है। भारत, इंडोनेशिया के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि मलक्का जलडमरूमध्य सुरक्षित और निर्बाध रूप से खुला रहे तथा उसे हॉर्मुज जलडमरूमध्य जैसी चुनौतियों का सामना न करना पड़े।*

## चौहान ने विकसित भारत—जी राम जी के लिए राज्यों को 25,863 रूपए करोड़ की पहली किस्त जारी की

# वीबी-जी राम जी के तहत समय पर भुगतान, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण कार्य पर सरकार का विशेष जोर: शिवराज

- *केंद्रीय ग्रामीण विकास चौहान ने रविवार को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वीबी—जी राम जी के क्रियान्वयन की समीक्षा की*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत—गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) [वीबी—जी राम जी] के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा राज्यों को योजना के संचालन के लिए 25,863 करोड़ रूपये की पहली किस्त (मदर सैंक्शन) जारी की। बैठक को ▶▶ शेष पेज 5 पर

## ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त

# ज्ञानेश कुमार ने ओंकारेश्वर में पूरी की सभी 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा

एजेंसी ▶▶ ओंकारेश्वर



भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने पवित्र तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचकर सपरिवार पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उनकी 23 वर्षों की लंबी आध्यात्मिक साधना और 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का संकल्प पूर्ण हो गया। इस ऐतिहासिक पल पर भावुक होते हुए ज्ञानेश कुमार ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2003 में सभी ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का संकल्प लिया था, जो 2026 में ओंकारेश्वर आकर संपन्न हुआ। उन्होंने देशवासियों को अध्यात्म का संदेश देते हुए कहा कि अध्यात्म जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और संतुलन लाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सहभागिता की अपील की। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने लखनऊ में आयोजित 'शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन' में कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने की अपील की

# विपक्ष चाहे जितना जोर लगा ले, यूपी में एक बार फिर प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा: नवीन

- कहा, प्रभु श्री राम के मंदिर की आस्था के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा, इसके लिए चाहे जितनी भी कुर्बानी देनी पड़े
- कहा, इस बार साइकिल पंचर नहीं, खराब ही हो जाएगी, यूपी में भाजपा ही सपा को धूल चटायेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को उत्तर प्रदेश प्रवास के दूसरे दिन लखनऊ में आयोजित 'शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन' को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने की अपील की। नवीन ने विपक्ष पर तुष्टिकरण, परिवारवाद और समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को साकार करने के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम से पूर्व, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लखनऊ के गोमती नगर स्थित होटल ताज में एनडीए गठबंधन के नेताओं के साथ संयुक्त बैठक की। इसके पश्चात ▶▶ शेष पेज 5 पर

## गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय गुरुकमल में भव्यता के साथ मनाई गई डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 जयंती

# जब सिद्धांत और मंत्री पद चुनने पर फैसला करना पड़ा तो डा. मुखर्जी ने सिद्धांतों को चुना: विनोद तावड़े

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती रविवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय गुरुकमल में भव्यता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े और प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने डा. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने की। इससे पहले जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े और प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का कार्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद विनोद तावड़े ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता दीपक की तरह स्वयं तपकर समाज और राष्ट्र के जीवन में प्रकाश फैलाने का संकल्प लेकर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ पार्टी का चुनाव चिन्ह दीपक चुना था, क्योंकि दीपक स्वयं जलकर दूसरों के जीवन में उजाला करता है। यही भावना भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता की होनी चाहिए कि वह अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर गरीब, वंचित और राष्ट्र के हित में कार्य करें। तावड़े ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## रविवार को रायपुर के एम्स में ली अन्तिम सांस

# प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई का निधन , राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया गहरा शोक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ की विश्वविख्यात पंडवानी गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई के निधन पर पूरे देश में शोक की लहर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे भारतीय लोककला और सांस्कृतिक जगत की अपूरणीय क्षति बताया है। लंबे समय से बीमार चल रही 69 वर्षीय पंडवानी गायिका ने रविवार को अन्तिम सांस लीं। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पंडवानी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया

*तीजन बाई को पंडवानी शैली की सबसे प्रतिष्ठित कलाकारों में गिना जाता था। उन्होंने महाभारत की कथाओं को अपनी सशक्त गायन शैली, अभिनय और भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से देश-विदेश के मंचों पर लोकप्रिय बनाया। उन्होंने लोककला को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अनेक देशों में अपनी प्रस्तुतियां दीं।*

### अनेक राष्ट्रीय सम्मानों से हुई थीं सम्मानित

*भारतीय लोककला के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्म विभूषण सहित अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया था। उनकी कला साधना ने पंडवानी जैसी पारंपरिक लोकवाचिक शैली को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सांस्कृतिक जगत में शोक तीजन बाई के निधन से देशभर के कलाकारों, साहित्यकारों और सांस्कृतिक संस्थानों में शोक व्याप्त है। कला जगत का मानना है कि उनके जाने से भारतीय लोक परंपरा की एक ऐसी अमूल्य धरोहर का अंत हुआ है, जिसकी आवाज और प्रस्तुति सदैव भारतीय सांस्कृतिक इतिहास का अभिन्न हिस्सा बनी रहेगी।*

## हत्या के मामले में नाबालिग पर वयस्क के तौर पर चलेगा केस

**नई दिल्ली।** शकरपुर इलाके में गत वर्ष हुई 22 वर्षीय युवक की हत्या के आरोपी नाबालिग पर किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) ने व्यस्क के तौर पर मुकदमा चलाने का निर्देश दिया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी देते हुये कहा कि जांच अधिकारी द्वारा दायर एक आवेदन पर विचार करने के बाद बोर्ड ने चार जुलाई को यह आदेश पारित किया। जांच अधिकारी ने अपने आवेदन में अपराध की गंभीरता और जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्यों का हवाला दिया था।पुलिस के अनुसार यह मामला सात दिसंबर 2025 को शकरपुर बाजार में सामने आया था। 22 वर्षीय एक युवक की चाकू गोदकर की गई निर्मम तरीके से हत्या की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने इस हत्या के सिलसिले में एक नाबालिग को पकड़ा था। पता चला कि नाबालिग पहले से ही 2024 में दर्ज हत्या के एक अन्य मामले में मुकदमे का सामना कर रहा था और जब उसने इस नए अपराध को अंजाम दिया, तब वह जमानत पर बाहर था। जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री के आधार पर जांच अधिकारी ने बोर्ड के समक्ष आवेदन दायर कर किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के तहत नाबालिग को वयस्क मानकर उसके खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध किया था। साक्ष्यों और कानून के तहत अन्य प्रासंगिक कारकों की समीक्षा करने के बाद बोर्ड ने इस याचिका को स्वीकार कर लिया।

### हांसी में जिम संचालक की हत्या में थे वांटेड

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शूटर पुलिस मुठभेड़ में ढेर

- दोनों की गिरफ्तारी पर हरियाणा पुलिस ने घोषित किया था एक-एक लाख का इनाम
- दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के हांसी में जिम संचालक की हत्या के मामले में वांटेड चल रहे लॉरेंस बिश्नोई-हैरी बॉक्सर गैंग के दो शूटर शनिवार देर रात बहादुरगढ़ में दिल्ली पुलिस और हरियाणा एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारे गए। इस संबंध में बहादुरगढ़ के सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। मुठभेड़ के दौरान स्पेशल सेल में तैनात कांस्टेबल अंकित के भी पैर में गोली लगी है। एडिशनल सीपी पी एस कुशवाहा के अनुसार, दोनों शूटर प्रवेश और हिमांशु को गुप्त सूचना के आधार पर बहादुरगढ़ में घेरा गया था। पुलिस टीम द्वारा रोके जाने पर दोनों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों पर 11 जून को हांसी में जिम संचालक कपिल की हत्या का आरोप था। कपिल पर उस समय ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गई थी जब वह छह-सात नौजवानों को सड़क पर व्यायाम का प्रशिक्षण दे रहा थे। इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुआ था। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि हत्या की इस वारदात को प्रवेश और हिमांशु ने अंजाम दिया था। दोनों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक, प्रवेश हिसार जिले के टिब्बा दानाशेर गांव से जबकि हिमांशु हिसार जिले के जाखोद खेड़ा गांव से था।

### हैरी बॉक्सर-अनिल पंडित सिंडिकेट के खिलाफ मकोका के तहत मामला दर्ज

संगठित अपराध से निपटने के लिये स्पेशल सेल ने हैरी बॉक्सर-अनिल पंडित सिंडिकेट के खिलाफ मकोका एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। एडिशनल सीपी पी एस कुशवाहा ने बताया कि यह ऑपरेशन स्पेशल सेल की टीम के साथ हुई एक और मुठभेड़ के बाद शुरू हुआ है। 25 जून को हरियाणा के सोनीपत जिले के रावारा गांव के रहने वाले दो और आरोपियों हकीकत उर्फ साहिल और सागर को पकड़ने के लिए पश्चिम विहार ईस्ट में साहिबी नदी/नाला रोड के पास जाल बिछाया था। ये अपराधी भी हरिराम (हैरी) बॉक्सर-अनिल पंडित सिंडिकेट से जुड़े थे और इन्होंने 11 जून को पश्चिम विहार में स्थित गायक गुरु रंधावा के जिम '24 एसएच फिटनेस' के बाहर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। 25 जून को हुई इस मुठभेड़ में हकीकत उर्फ साहिल की दाहिनी कोहनी में गोली लगी थी, जबकि आरोपी सागर के बाएं घुटने में गोली लगी थी। दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। फिट घोषित होने के बाद 2 जुलाई को उनकी पुलिस कस्टडी रिमांड ली गई और फिलहाल वे पुलिस कस्टडी में हैं। हकीकत और सागर से लगातार पूछताछ के दौरान हांसी मर्डर के आरोपियों प्रवेश और हिंमाशु के बारे में अहम सुराग मिले थे। यह मर्डर भी उसी दिन यानी 11 जून को हुआ था जिस दिन जिम पर फायरिंग की गई थी। इस सिंडिकेट को चलाने वाले फरार अपराधी हरिराम जाट, अनिल पंडित पर शिकंजा कसने के लिये ही इस सिंडीकेट पर मकोका एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

## नाबालिग लड़की के यौन शोषण और तस्करी में शामिल एक लाख का इनामी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।




क्राइम ब्रांच की नई दिल्ली रेंज ने एक नाबालिग लड़की की तस्करी और शोषण के मामले में 'घोषित अपराधी' फिरोज को गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी पर 1 लाख के इनाम की घोषणा की गई थी। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर नाबालिग लड़कियों के अपहरण, यौन शोषण, आपराधिक धमकी और मानव तस्करी में शामिल था।

डीसीपी चंद्र कुमार सिंह के अनुसार फिरोज आजकल गुरुग्राम, हरियाणा में रह रहा था और मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। वह गोविंदपुरी पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में गिरफ्तारी से बचकर भाग रहा था। कोर्ट ने भी इसे 18 दिसंबर 2025 को 'घोषित अपराधी' करार दिया था। दरअसल मामला एक नाबालिग लड़की की शिकायत पर अपहरण, यौन शोषण, आपराधिक धमकी, मानव तस्करी और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता के बयान के अनुसार, 2022 में तुगलकाबाद एक्सटेंशन की एक फैक्टरी में पर्स बनाने का काम सीखने के दौरान वह आरोपी फिरोज के संपर्क में आई थी। आरोपी उसे बहला-फुसलाकर अलग-अलग जगहों पर ले गया, जहां उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद उसने धोखे से राजस्थान के झुंझुनू में एक अन्य व्यक्ति के साथ उसकी शादी करवा दी, जिसके बदले में उसने 2 लाख लिए थे। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि अगर उसने किसी को घटना के बारे में बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई थी। जब वह अपने परिवार से संपर्क करने में सफल रही, तो पुलिस ने उसे बचाकर परिवार से मिलाया था। शुरुआती जांच में पता चला था कि आरोपी बिहार का रहने वाला था। पुलिस की एक टीम बिहार में उसके पैतृक गांव गई, जहां पता चला कि घटना के बाद वह गांव छोड़कर चला गया था। इसके बाद उसके परिवार के सदस्यों और साथियों के बारे में जानकारी इकट्ठा की गई। स्थानीय सूत्रों को सक्रिय किया गया और कई संदिग्ध ठिकानों पर निगरानी रखी गई। इंस्पेक्टर विवेक मलिक के नेतृत्व में एक खास टीम ने आरोपी का मौजूदा ठिकाना हरियाणा के गुरुग्राम में पता लगाया और उसे दबोच लिया। लगातार पूछताछ करने पर आरोपी फिरोज ने ऊपर बताए गए मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। 46 वर्षीय आरोपी गुरुग्राम के उद्योग विहार में होम डेकोर की एक फैक्ट्री में चमड़े का काम करता था।

## ठगों को एक्टिव सिमकार्ड मुहैया करवाने वाला पीओएस एजेंट किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मध्य जिले की साइबर पुलिस ने अनिवार्य केवाईसी मानदंडों का उल्लंघन कर साइबर ठगों को सिम कार्ड सक्रिय करने और उन्हें देश भर में आपूर्ति करने के आरोप में एक लाइसेंस प्राप्त दूरसंचार 'प्वाइंट ऑफ सेल' (पीओएस) एजेंट को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये एजेंट का नाम शिवा बताया गया है। इसे हिंदू राव अस्पताल के पास से पकड़ा।

पुलिस के अनुसार, शिवा सड़क किनारे लाइसेंस प्राप्त एक अस्थायी दूरसंचार दुकान चला रहा था और कथित तौर पर असली ग्राहकों की जानकारी के बिना उनके पहचान दस्तावेजों एवं बायोमेट्रिक निशानों का गलत इस्तेमाल करके सिम कार्ड सक्रिय करता था। यह जांच तब शुरू की गई जब खुफिया सूचना मिली कि दिल्ली में कुछ पीओएस एजेंटों द्वारा जारी किए गए सिम कार्ड अलग-अलग राज्यों में दर्ज साइबर धोखाधड़ी के मामलों में बार बार सामने आ रहे थे। जांच के दौरान तीन खुदरा दुकानें शक के दायरे में आई थी। जांच से पता चला कि शिवम टेलीकॉम के जरिए सक्रिय किए गए 11 सिम कार्ड का इस्तेमाल अलग अलग राज्यों में सामने आए कम से कम 18 साइबर धोखाधड़ी मामलों में किया गया था। पुलिस ने दो जुलाई को उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने कबूला कि वह सिम कार्ड को बिचौलियों एवं साइबर धोखाधड़ी करने वालों को 500 से 600 रुपये प्रति सिम के हिसाब से बेचता था। पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से सक्रिय किए गए सिम कार्ड से जुड़े डिजिटल रिकॉर्ड और सिमकार्ड सक्रिय करने से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पहले से एक आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस इसके नेटवर्क के बिचौलियों एवं दूसरे सदस्यों की पहचान करने की कोशिश में जुटी हैं।

## फ्लैट से गिरकर नवविवाहिता की मौत परिजनों का दहेज हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



लोधी कॉलोनी इलाके में एनडीएमसी के एक आवासीय परिसर की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरने के बाद 28 साल की एक नवविवाहिता की मौत हो गई। मृतका का नाम आकृति बताया गया है। महिला के परिजनों ने उसके पति और ससुराल वालों पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने और हत्या का आरोप लगाया है। एसडीएम और पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार पुष्प विहार की रहने वाली आकृति नाम की महिला शनिवार को पालिका कुंज के एनडीएमसी फ्लैट्स के बी-ब्लॉक से कथित तौर पर गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। उसे तुरंत एम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आकृति ने इस साल 24 अप्रैल को शादी की थी और वह छतरपुर में एक निजी कंपनी में 'सेल्स एग्जीक्यूटिव' के तौर पर काम कर रही थी। चूंकि मौत शादी के सात साल के भीतर हुई है, इसलिए केस की एसडीएम जांच की जा रही है। महिला के परिवार ने आत्महत्या की आशंका को खारिज कर दिया है और आरोप लगाया है कि उसके पति और ससुराल वालों ने दहेज की मांगों को लेकर आकृति की हत्या कर दी। आकृति के छोटे भाई ने आरोप लगाया कि दोषियों को बचाने के लिए इस घटना को आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। उसने दावा किया कि भाई बहनों में सबसे बड़ी उसकी बहन एक जिम्मेदार और मानसिक रूप से मजबूत इंसान थी। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि शादी के बाद महिला के पति ने उसके साथ मारपीट और उत्पीड़न किया। परिवार के अनुसार, यह प्रेम और परिवार की सहमति से हुआ विवाह था। परिवार ने आरोप लगाया कि आकृति की शादी सिर्फ ढाई महीने पहले हुई थी, जिससे उसकी मौत के हालात और भी संदिग्ध हो जाते हैं।

## नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पुलिस ने 17 वर्षीय एक लड़की का कथित तौर पर अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने के आरोप में उत्तम नगर निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पीड़िता को भी आरोपी के चंगुल से मुक्त करा लिया गया। पुलिस के अनुसार मामला तब सामने आया जब 23 जून को नाबालिग की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी बेटी 20 जून से लापता है। शिकायतकर्ता ने बताया कि परिवार ने अपने स्तर पर लड़की की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्हें अपहरण की आशंका हुई और मामला पुलिस के पास पहुंचा। जांच के दौरान पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का विश्लेषण किया। तकनीकी सुरागों की पड़ताल और स्थानीय स्तर पर सूचनाएं जुटाकर पीड़िता का पता लगाया। इसके बाद नाबालिग को सकुशल बरामद कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पीड़िता की बरामदगी और उसका बयान दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1) (दुष्कर्म) और 87 (अपहरण) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 4 भी जोड़ी है। आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।

## डीटीसी बस से कुचलकर बाइक सवार की मौत

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के जीटीबी एंक्लेव थाना अंतर्गत रविवार दोपहर डीटीसी बस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक का नाम संदीप (38) बताया गया है। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी आरपी मीणा के अनुसार रविवार दोपहर लगभग 12 बजकर पांच मिनट पर स्थानीय पुलिस को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर एक डीटीसी बस और एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिलीं। मोटरसाइकिल सवार की पहचान संदीप निवासी पप्पू कॉलोनी, साहिबाबाद, गाजियाबाद, यूपी के रूप में हुई। सिर में चोट लगने के कारण संदीप की मौके पर ही मौत हो गई थी। बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भिजवाया गया है।

## कूड़ा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए पार्षदों ने डी एमएसडब्लुएसएल स्टेट हेड से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** विभिन्न निगम वार्डों में कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निगम पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने निजी कंपनी दिल्ली एमएसडब्ल्यू सॉल्यूशंस लिमिटेड (डी एमएसडब्ल्यू एसएल) के दिल्ली प्रमुख ललित विजय से मुलाकात की और समस्या सामने रखी। पार्षदों के इस प्रतिनिधिमंडल में वार्ड कादीपुर से मुनेश देवी, वार्ड संत नगर से रूबी रावत, वार्ड तिमारपुर से प्रोमिला गुप्ता, वार्ड भलस्वा से टिम्सी शर्मा और वार्ड स्वरूप नगर से पार्षद जोगिंदर राणा शामिल थे। इस मुद्दे पर पार्षदों का कहना है कि पिछले कई दिनों से विभिन्न वार्डों में कूड़ा उठाने एवं कूड़ा प्रबंधन से संबंधित समस्याएं लगातार सामने आ रही हैं। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों के समक्ष कई बार विषय उठाया गया, लेकिन अपेक्षित स्तर पर ठोस समाधान नहीं निकल सका। अंत में डी एमएसडब्ल्यू एसएल के स्टेट हेड से मिलने पहुंचे। पार्षदों के अनुसार इस बैठक के दौरान वार्डों में कूड़ा संग्रहण वाहनों की कमी, समय पर कूड़ा उठाने तथा सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मांग है की कि बढ़ती आबादी और क्षेत्रीय आवश्यकताओं को देखते हुए कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की संख्या में तत्काल वृद्धि की जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर एवं नियमित सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

## दिल्ली में युवक की चाकू मारकर हत्या, तीन लोग गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में एक युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी पूर्व में हुए एक विवाद का बदला लेना चाहते थे, जिसमें पीड़ित ने कथित तौर पर एक आरोपी को थप्पड़ मारा था और दूसरे आरोपी को धमकी दी थी। पुलिस ने बताया कि न्यू सीलमपुर निवासी तौहीद (20) शनिवार सुबह जेपीसी अस्पताल के पास स्थित डीडीए पार्क के निकट घायल अवस्था में मिला। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाई और पाया कि घटना से कुछ समय पहले उत्तर-पूर्वी दिल्ली में तौहीद का कुछ लोगों के साथ झगड़ा हुआ था। एक अधिकारी ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने शनिवार रात सीलमपुर निवासी शहनवाज (21) , नूर हसन (20) और अनस (21) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर अपना अपराध स्वीकार कर लिया तथा पुलिस को बताया कि वे पूर्व में हुए विवाद का बदला लेना चाहते थे, जिसमें तौहीद ने कथित रूप से नूर हसन को थप्पड़ मारा था और शाहनवाज को धमकी दी थी। पुलिस ने बताया कि हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच-पड़ताल में पता चला है कि शाहनवाज पूर्व में भी लूट के एक मामले में शामिल रहा है, जबकि बाकी दो आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। पुलिस ने कहा कि घटनाक्रम का पूरा ब्योरा पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## तवे से वार कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



नजफगढ़ इलाके में 48 वर्षीय एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के बाद तवे से कई बार वार कर पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पिछले दो महीने से बेरोजगार चल रहा था और कथित तौर पर तनाव में था। वारदात के बाद आरोपी ने खुद थाने जाकर सरेंडर किया।

पुलिस ने बताया कि गोपाल नगर निवासी दिनेश पटेल ने रविवार सुबह बाबा हरिदास नगर थाने में सरेंडर कर पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी सरिता पटेल (43) की हत्या कर दी है। पुलिस टीम तत्काल उसके घर पहुंची, जहां सरिता मृत पाई गई। टीम ने घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया, जिसके बाद फॉरेंसिक और क्राइम टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में दिनेश ने बताया कि वह पिछले दो से तीन साल से राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मानसिक बीमारी का इलाज करा रहा था। उसके मेडिकल रिकॉर्ड की पुष्टि की जा रही है। पुलिस को यह भी पता चला है कि वह पहले एक आईटी कंपनी में काम करता था, लेकिन नौकरी छूटने के बाद वह पिछले दो महीनों से बेरोजगार था। आर्थिक तंगी के कारण वह तनाव में था और अक्सर घरेलू मुद्दों को लेकर अपनी पत्नी से झगड़ता रहता था। दंपती के दो बच्चे हैं, जो घटना के समय घर पर मौजूद थे। मामले की जांच के तहत बच्चों के भी बयान दर्ज किए जा रहे हैं। आरोपी के अनुसार, शनिवार रात मामूली बात को लेकर उसकी पत्नी से बहस हुई थी, जिसके बाद गुस्से में आकर उसने तवा उठाकर उस पर कई बार वार किए।

## 'बुराड़ी सर्वोदय स्कूल बिजली न होने से दो दिन से बंद, अव्यवस्था के कारण हो रहा पढ़ाई का नुकसान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उमस भरी गर्मी में दिल्ली के सरकारी स्कूलों की बदहाली चरम पर पहुंच गई है। बुराड़ी के सर्वोदय कन्या विद्यालय में पिछले दो दिनों से बिजली नहीं होने के कारण स्कूल बंद करना पड़ा, जबकि एमसीडी साउथ जोन ने भी चार स्कूलों को बेघरों के अस्थायी शेल्टर में तब्दील कर देने से स्कूल बंद करने पड़े। जिससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हुई। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इसे बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों का प्रमाण बताते हुए तीखा हमला बोला है। दिल्ली के कांग्रेसी नेता आदेश भारद्वाज ने भी दिल्ली सरकार और शिक्षामंत्री आशीष सूद पर तीखा हमला करते हुए कहा कि बुराड़ी के सर्वोदय विद्यालय में पिछले दो दिन से बिजली गुल होने के चलते इस भयंकर गर्मी में कक्षाएं चलाना असंभव हो गया, जिससे लगातार दो दिन छुट्टी घोषित करनी पड़ी और हजारों बच्चे बच्चियां पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं। आदेश भारद्वाज ने इसे सरकार की लापरवाही करार दिया और कहा कि रेखा गुप्ता सरकार स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं तक सुनिश्चित नहीं कर पा रही। बिजली जैसी मूलभूत जरूरत भी नहीं, तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दावा कैसा? आदेश भारद्वाज ने एमसीडी के साउथ जोन के 4 स्कूलों में बेघर लोगों के आश्रय घर बना देने और समय पर कक्षाएं खाली ना होने से परेशान हो रहे हजारों बच्चों और शिक्षकों का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि सरकारी विभागों के आपसी तालमेल की कमी के चलते हजारों बच्चे ना सिर्फ परेशान हो रहे हैं। बल्कि उनकी सुरक्षा पर भी खतरा है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से इस मामले पर संज्ञान लेने का अनुरोध करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और बच्चों का भविष्य राजनीतिक लापरवाही का शिकार नहीं होना चाहिए।

## प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के नेतृत्व ने भारत के विकास की गति को दी नई परिभाषा : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पिछले बारह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने भारत के विकास की गति और व्यापकता को नई परिभाषा दी है तथा जनकल्याण को सुशासन का केंद्रबिंदु बनाया है। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार सायंकाल रोहिणी के सेक्टर-10 स्थित सांवरिया सेठ टेंट में आयोजित सांस्कृतिक संध्या को संबोधित करते हुए कही। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास, विकास और जनकल्याण के आदर्शों से प्रेरित समर्पित नेतृत्व के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही उपस्थित थे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा रोहिणी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पिछले बारह वर्षों का कालखंड निर्णायक एवं प्रभावी शासन, विकास, डिजिटल परिवर्तन, सामाजिक कल्याण योजनाओं के विस्तार तथा समावेशी विकास के प्रति नई प्रतिबद्धता का साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की पारदर्शिता, प्रभावी सेवा प्रदायगी तथा नागरिक-केंद्रित नीतियों के प्रति प्रतिबद्धता ने जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया है तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में उसकी यात्रा को गति प्रदान की है। इस अवसर को सांस्कृतिक विरासत तथा राष्ट्रीय प्रगति के उत्सव के रूप में वर्णित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि जनभागीदारी लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

## तीन ड्रग्स सप्लायर चढ़े एएसबी के हत्थे, हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पूर्वी जिले की एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी (एएसबी) टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुये 571.27 ग्राम स्मैक/हेरोइन बरामद की गई। इस सिलसिले में तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनमें बरेली का एक सप्लायर भी शामिल है।

डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार एसआई अजय तोमर के नेतृत्व वाली एसआई संजीव, ऋषि, सुधीर कुमार, एएसआई साबू, हेड कांस्टेबल शैलेंद्र, मनेंद्र, नवदीप, सुबोध, कॉन्स्टेबल अनंतपाल और कॉन्स्टेबल मोराध्वज की टीम ने इन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पूर्वी जिले में ड्रग पेडलर्स, कैरियर आदि को पकड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 2 जुलाई को मुखबिर ने विश्वसनीय जानकारी दी कि बरेली के रहने वाले फुरकान और तस्लीम उर्फ मुन्ना, एनएच-24, गाजीपुर-कल्याणपुरी रोड पर फुट ओवर ब्रिज के पास रात 12:30 बजे से 1 बजे के बीच हेरोइन (स्मैक) की डिलीवरी करने आने वाले थे। सूचना मिलने पर एएसबी की रेडिंग पार्टी बनाई गई। ट्रैप लगाकर दो संदिग्धों को दबोचा गया। आरोपी फुरकान की तलाशी लेने पर उसके पास से 122.44 ग्राम हेरोइन और तस्लीम उर्फ मुन्ना के पास से 35.83 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस संबंध में कल्याणपुरी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस कस्टडी में पूछताछ के दौरान दोनों ने बरामद हेरोइन के सोर्स का नाम रिजवान उर्फ बाबू निवासी बरेली बताया। आखिर में सप्लायर रिजवान को भी सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से कुल 413 ग्राम हेरोइन और मिली।

मुख्यमंत्री ने हरि नगर, जनकपुरी एवं राजौरी गार्डन विधानसभा में जनसभाओं को किया संबोधित

# पिछले 12 वर्षों में भारत ने विश्व मंच पर स्थापित की है अपनी नई पहचान : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पिछले 12 वर्षों में भारत ने विश्व मंच पर अपनी नई पहचान स्थापित की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को हरि नगर, जनकपुरी एवं राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में भाग लेकर जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि आज देश मजबूत अर्थव्यवस्था, आधुनिक आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थय, शिक्षा और गरीब कल्याण जैसे प्रत्येक क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने विकास को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश में हुए परिवर्तनकारी विकास कार्यों, सुशासन, गरीब कल्याण एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुई अभूतपूर्व प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत का संकल्प अब विकसित दिल्ली के निर्माण के माध्यम से नई गति प्राप्त कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से विकसित भारत और विकसित दिल्ली के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार और जनता के संयुक्त प्रयासों से ही एक समृद्ध, स्वच्छ, सुरक्षित और आत्मनिर्भर दिल्ली का निर्माण संभव है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगा और दिल्ली इस यात्रा में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में भी सरकार इसी सोच के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि प्रत्येक योजना का समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। बीते महीनों में दिल्ली सरकार ने स्वच्छ यमुना अभियान, वायु प्रदूषण नियंत्रण, जल एवं सीवर व्यवस्था में सुधार, सड़कों और ड्रेनेज नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण, स्वास्थय एवं शिक्षा अवसंरचना के विकास, इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति, हरित ऊर्जा, बड़े स्तर पर वृक्षारोपण तथा डिजिटल गवर्नेंस जैसे अनेक क्षेत्रों में निर्णायक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण मुक्त, स्वच्छ एवं हरित राजधानी के निर्माण के लिए व्यापक अभियान चला रही है।

स्वच्छ यमुना अभियान, दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति-2026, विंटर एक्शन प्लान, स्वच्छ हवा-स्वस्थ दिल्ली परियोजना, ग्रीन ड्राइव के माध्यम से 70 लाख पौधारोपण अभियान तथा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने जैसी अनेक पहलें इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा हैं।

### समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे विकास का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित दिल्ली का सपना तभी साकार होगा जब विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से सरकार जनभागीदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक नीति और योजना को नागरिक-केंद्रित बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को आधार बनाकर राजधानी के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

वांगचुक के अनशन का आठवां दिन

# वजन 6 किलो तक गिरा, समर्थकों में रोष




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मामले को लेकर जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना 18वें दिन रविवार को भी जारी रहा। वहीं समर्थन में बैठे सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल 8वें दिन भी जारी रही। भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक का स्वास्थ्य अब पहले से और खराब हो गया है।

चिकित्सकों की टीम के अनुसार वांगचुक का वजन लगभग 8 किलो तक घट गया है और बीपी भी घटता जा रहा है। चिकित्सकों की ओर से जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, वांगचुक का रक्तचाप 112/70 मिलीमीटर एचजी, हृदय गति 72 धड़कन प्रति मिनट और रक्त शर्करा का स्तर 67 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर दर्ज किया गया। हेल्थ बुलेटिन में कहा गया है कि उनके शरीर में पानी की मात्रा फिलहाल संतोषजनक है, उनकी मानसिक स्थिति पूरी तरह ठीक है और वजन घटकर 60.95 किलोग्राम रह गया है। इस प्रकार वांगचुक का गत सात दिन में वजन लगभग छह किलोग्राम कम हुआ है। वहीं सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि सोमवार को मैं अपने शहर, छत्रपति संभाजी नगर में पेपर लीक के ख़िलाफ़ छात्रों के विरोध-प्रदर्शन में शामिल होऊँगा। उन्होंने कहा कि आयोजकों ने मुझे छात्रों के साथ एकजुटता दिखाने और न्याय की उनकी मांग का समर्थन करने के लिए आमंत्रित किया है।

**खबर संक्षेप**

### समस्याओं को लेकर सांसद से मिले ग्रामीण

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सिंघू गांव की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने क्षेत्रीय सांसद योगेंद्र चंदोलिया को ज्ञापन सौंपकर गांव की वर्षों से लंबित मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग की है। आरडब्ल्यूए का कहना है कि विभिन्न जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों को कई बार लिखित अनुरोध किए जाने के बावजूद अधिकांश समस्याओं का अब तक समाधान नहीं हो पाया है। आरडब्ल्यूए के महासचिव राजेंद्र सिंह द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि वर्ष 2018 में जर्जर घोषित किए गए प्राथमिक विद्यालय का नया भवन आज तक नहीं बन पाया है।

### महापौर वाही ने किया गुजरांवाला टाउन में पार्क का नामकरण

नई दिल्ली। महापौर प्रवेश वाही ने केशवपुरम जोन अंतर्गत गुजरांवाला टाउन में एक पार्क का नामकरण समाजसेवी एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक स्वर्गीय डी.जे. सचदेवा की स्मृति में उनके नाम पर किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में महापौर वाही के अलावा स्थानीय विधायक अशोक गोयल , केशवपुरम जोन के चेयरमैन विकेश सेठी, सभरवाल परिवार, निगम पार्षद आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि समाज के लिए समर्पित व्यक्तित्व कभी केवल अपने समय तक सीमित नहीं रहते। बल्कि उनके विचार, कार्य एवं मूल्य आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय डी.जे. सचदेवा के नाम पर पार्क का नामकरण केवल एक औपचारिक निर्णय नहीं, बल्कि उनके सामाजिक योगदान के प्रति दिल्ली नगर निगम एवं क्षेत्रवासियों की सामूहिक श्रद्धांजलि है।

### हल्की बारिश में ही जलमग्न हुई दिल्ली, सरकार की तैयारियों की खुली पोल : यादव

**नई दिल्ली।** हल्की बारिश में ही दिल्ली जलमग्न होने से भाजपा सरकार की तैयारियों की पोल खुल गई है। यह बात रविवार को दिल्ली के कई इलाकों में हुई बारिश के बाद दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही। उन्होंने हल्की बारिश के बाद भी विभिन्न क्षेत्रों में हुए जलभराव, यातायात अव्यवस्था और नागरिकों को हुई परेशानियों को भाजपा शासित दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम की प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि यदि मामूली बारिश में ही दिल्ली की सड़कें तालाब बन जाएं, तो यह सरकार की मानसून तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने मानसून से पहले नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और जलभराव रोकने के बड़े-बड़े दावे किए थे। लेकिन पहली हल्की बारिश ने ही इन दावों की पोल खोल दी। राजधानी के अनेक इलाकों में सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे लोगों को घंटों ट्रैफिक जाम, आने-जाने में कठिनाई और दैनिक जीवन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। यादव ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के बीच समन्वय का अभाव, नालों की सफाई में लापरवाही तथा वर्षा जल निकासी प्रणाली की अनदेखी के कारण हर वर्ष राजधानी के नागरिकों को यही समस्या झेलनी पड़ती है। सरकार प्रचार पर अधिक और बुनियादी सुविधाओं के सुधार पर कम ध्यान दे रही है। यादव ने मांग की है कि कि जलभराव वाले सभी संवेदनशील स्थानों की तत्काल समीक्षा कर स्थायी समाधान की कार्ययोजना सार्वजनिक की जाए, नालों की सफाई और मानसून तैयारियों का स्वतंत्र तकनीकी ऑडिट कराया जाए तथा लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

# राजधानी में हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



लगातार तीसरे दिन हुई झमाझम बारिश ने वीकेंड को बेहद खुशनुमा बना दिया। लेकिन दूसरी तरफ बारिश के चलते परिवहन व्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। तेज आंधी और मूसलाधार बारिश की वजह से राजधानी में कई जगह सड़कों पर जाम लग गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार अपराह्न ढाई बजे तक छतरपुर में सबसे अधिक 49 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

जबकि महरौली में 18 मिमी, नजफगढ़ में आठ मिमी और जनकपुरी में सात मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी के अनुसार, इससे पहले दिन में दिल्ली में न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक है। इससे पहले आईएमडी ने ताजा अपडेट करते हुए बारिश और तेज आंधी को लेकर अलर्ट जारी किया था। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 77 प्रतिशत रही। वहीं बारिश के चलते वायु प्रदूषण भी कम होने लगा है। सरकार के ऐप समीर के अपराह्न तीन बजकर 33 मिनट पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 162 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। आईएमडी ने कहा है कि अगले तीन चार दिन दिल्ली में अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है। सोमवार को अच्छी बारिश की संभावना देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

जिसके तहत आमतौर पर आसमान में बादल छाए रहेंगे, सुबह व पूर्वाह्न के समय दिल्ली के अनेक स्थानों पर बहुत हल्की, जबकि कई स्थानों पर मध्यम से लेकर भारी बारिश देखने को मिल सकती है।

### करोड़ों के दवा घोटाले का आरोपी रंगीली देश से फरार, एलजी बताएं कैसे भागा : सौरभ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार में दवा घोटाले पर उपराज्यपाल पर निशाना लगाया है। सौरभ ने आरोप में कहा कि यह कोई छोटा मामला नहीं है, उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू बताएं की आखिर करोड़ों के दवा घोटाले का मास्टरमाइंड राजीव रंगीला देश से फरार कैसे हो गया। उन्होंने एलजी से सीधा सवाल करते हुए कहा कि एसीबी एलजी के ही अधीन आती है। ऐसे में वह दिल्ली वालों को जवाब दें और समझाएं कि 650 करोड़ रुपए के घोटाले का मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड उनकी नजरों के सामने से देश से कैसे भाग गया। उन्होंने आरोप लगाए कि भाजपा सरकार की पुलिस ने ललित मोदी, विजय माल्या की तरह ही अब रंगीला को भी देश से भगा दिया है। दो जून को दर्ज एसीबी की एफआईआर में राजीव रंगीला मुख्य आरोपी, एक महीने तक उसे क्यों नहीं पकड़ा गया। रंगीला की मिलीभगत से एक्स-रे मशीनें, ओआरएस, चादरें और दवाइयों की खरीद में करोड़ों रुपए की लूट हुई है। भारद्वाज ने कहा कि सूत्रों के अनुसार, दिल्ली सरकार और एसीबी उसे पकड़ने की सिर्फ नौटंकी कर रही हैं। रंगीला ने अलग-अलग लोगों के नाम पर फर्जी और शेल कंपनियां बनाई थीं, जिन्हें वह खुद कंट्रोल करता था।

# दिल्ली सरकार ने की रूट नंबर 753 एक्सटेंशन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को और अधिक मजबूत करने और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार ने रविवार 5 जुलाई से मोरी गेट टर्मिनल और खेड़ी बाबा पुल के बीच रूट नंबर 753 एक्सटेंशन की शुरुआत की है। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि इस रूट नंबर 753 एक्सटेंशन की शुरुआत दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को सुगम और सुलभ पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध कराने की हमारी सरकार की प्रतिबद्धता की दिशा में उठाया गया एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने बताया कि बिहार और पूर्वांचल समुदाय के यात्रियों को आईएसबीटी कश्मीरी गेट, पुरानी और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलने से यात्रा करने में बेहद आसानी होगी। परिवहन मंत्री डॉ पंकज ने बताया कि यह नया रूट सेंट्रल और वेस्ट दिल्ली के बीच रोज़ाना की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा और साथ ही शहर के प्रमुख इंटरस्टेट ट्रांसपोर्ट हब के जरिए बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश जाने वाले पूर्वांचल समुदाय के लोगों को भी बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। परिवहन मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि यह नई सर्विस सेंट्रल दिल्ली और वेस्ट दिल्ली के तेज़ी से विकसित हो रहे रिहायशी इलाकों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी देने के साथ-साथ राजधानी दिल्ली के प्रमुख इंटरस्टेट ट्रांसपोर्ट हब में से एक तक आसान पहुंच भी सुविधा भी उपलब्ध कराएगी।

### दिल्ली विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया की तेज

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने प्रवेश प्रक्रिया तेज कर दी है। डीयू प्रशासन ने रविवार को प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े महत्वपूर्ण अपडेट जारी करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने एक वर्षीय स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों और प्लांट मॉलेक्यूलर बायोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी (पीएमजी) पाठ्यक्रम के लिए आवेदन शुरू करने की घोषणा की है। साथ ही स्नातक (यूजी), दो वर्षीय पीजी, बीटेक और पांच वर्षीय एकीकृत विधि (लॉ) पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया की ताजा जानकारी भी साझा की गई है। डीयू प्रशासन ने बताया कि यूजीसीएफ-2022 (एनईपी -2020) के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय से चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्र अब एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश संबंधित पाठ्यक्रमों की पात्रता के अनुसार चार वर्षीय स्नातक डिग्री में प्राप्त मेरिट अंकों के आधार पर होगा। इच्छुक अभ्यर्थी **https://pgportal.uod.ac.in** पर आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने जीएटी-बी 2026 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से दो वर्षीय एमएससी (प्लांट मॉलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी) (सत्र 2026-28) के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन प्रक्रिया **pgportal.uod.ac.in** पर उपलब्ध है। डीयू प्रशासन ने बताया कि यूजी प्रवेश के लिए 1 लाखा 48 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। फेज-2 पूरा करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 62,524 दर्ज की गई है। कॉलेज और कोर्स की प्राथमिकताएं ( प्रिफेंसिज) भरने की अंतिम तिथि 11 जुलाई 2026, रात 11:59 बजे तक निर्धारित की गई है।

# आजादपुर मंडी में सहायकों का पूरा रिकॉर्ड जमा कराए व्यापारी: मंडी प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- लाइसेंसधारी के खिलाफ की जा सकती है कार्रवाई
- व्यापारी का लाइसेंस भी हो सकता है रद्द

एशिया की सबसे बड़ी फल एवं सब्जी मंडी आजादपुर कृषि उपज विपणन समिति (एपीएमसी) ने व्यापारियों और कमीशन एजेंटों के लिए नया निर्देश जारी किया है। समिति ने सभी लाइसेंसधारकों से उनके यहां कार्यरत सहायकों (असिस्टेंट) के नाम और आवासीय पते का पूरा विवरण निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा कराने को कहा है।

आजादपुर मंडी मामलों को लेकर कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता हरवीर सिंह ने बताया कि मंडी में अवैध गतिविधियों को लेकर उन्होंने मंडी प्रशासन को कई बार अवगत कराया। यहां कार्य करने वालों के लिए पहचान पत्र तक के लिए जन सुनवाई में मांग उठाई। हरवीर सिंह ने बताया कि मंडी समिति द्वारा जारी सर्कुलर में आजादपुर मंडी के नियमों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया गया है कि केवल वही सहायक मंडी क्षेत्र में काम कर सकेंगे जिनके नाम संबंधित व्यापारी या

कमीशन एजेंट के लाइसेंस में दर्ज होंगे। बिना पंजीकरण वाले व्यक्ति से कार्य कराने पर संबंधित लाइसेंसधारी के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें लाइसेंस रद्द करने तक का प्रावधान है। सर्कुलर के अनुसार, समिति को किसी भी सहायक का नाम लाइसेंस से हटाने का अधिकार भी प्राप्त है। साथ ही सहायकों द्वारा किए गए सभी कार्यों की जिम्मेदारी सबंधित व्यापारी या कमीशन एजेंट की होगी। मंडी प्रशासन ने सभी व्यापारियों एवं कमीशन एजेंटों से अपील की है कि वे अपने सहायकों का पूरा विवरण निर्धारित तिथि तक लाइसेंस शाखा में जमा कर नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

बुनियादी ढांचागत कमियों को किया जा रहा है दूर

# 'मिशन कायाकल्प' के तहत दिल्ली के सरकारी स्कूलों का बदल रहा स्वरूप : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



राजधानी के सरकारी स्कूलों को केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ, आधुनिक और प्रेरणादायक शिक्षण परिसर बनाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने 'मिशन कायाकल्प' की शुरुआत की है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि 'मिशन कायाकल्प' के तहत दिल्ली के सरकारी स्कूलों का स्वरूप बदल रहा है और स्कूल आधुनिक और सुरक्षित बन रहे हैं। इस विशेष अभियान के तहत राजधानी के विभिन्न जिलों में चयनित सरकारी स्कूलों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर सुधार कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मिशन कायाकल्प को जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत सहयोग देने वाली संस्थाओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों, मार्केट एसोसिएशनों और स्थानीय समुदाय के सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकारी संसाधनों के साथ-साथ समाज की भागीदारी से स्कूलों में तेजी से सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में जनभागीदारी का एक प्रभावी उदाहरण है।


### स्कूलों की बदल चुकी है तस्वीर

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मिशन कायाकल्प के तहत किए जा रहे कार्यों से कई सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल चुकी है। जहां पहले कई स्थानों पर जर्जर भवन, उखड़ी हुई दीवारें, पुराने शौचालय और सीमित सुविधाएं थीं, वहीं अब वही स्कूल साफ-सुथरे, रंग-रोगन से सुसज्जित, बेहतर पेयजल सुविधाओं से लैस और विद्यार्थियों के लिए अधिक सुरक्षित एवं प्रेरक शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने वाले परिसर के रूप में विकसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार आने वाले समय में भी सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी ताकि राजधानी का प्रत्येक सरकारी विद्यालय उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण का उदाहरण बन सके।

### छह सरकारी स्कूलों का किया निरीक्षण

रेखा गुप्ता ने बताया कि मिशन कायाकल्प के तहत दिल्ली के विभिन्न जिलों में सरकारी स्कूलों में तेजी से बदलाव दिखाई देने लगे हैं। उत्तर जिले में छह सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करने के बाद दो विद्यालयों का चयन किया गया। लगभग 16 लाख 20 हजार रुपये की लागत से शंकराचार्य मार्ग स्थित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सेंसरी पार्क का नवीनीकरण, आरओ प्लांट और वॉटर कूलर लगाए गए। वहीं रूप नगर स्थित सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला का आधुनिकीकरण किया गया।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधरोपण



**नई दिल्ली।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रविवार को नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल के नेतृत्व बी. के. दत्त कॉलोनी स्थित बी.डी.पार्क में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर चहल ने कहा कि यह अभियान का लगातार 31वां रविवार है। उन्होंने बताया कि एनडीएमसी बिना किसी व्यवधान के प्रत्येक रविवार वृक्षारोपण अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन कर रही है। साप्ताहिक अभियानों के अतिरिक्त विश्वविद्यालयों, विभिन्न दूतावासों तथा अन्य संस्थानों के सहयोग से भी बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बढ़ती जनभागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टीम एनडीएमसी के समर्पित प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयास नई दिल्ली को अधिक हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में स्थानीय आरडब्ल्यूए विभिन्न पदाधिकारी और स्थानीय नागरिकों ने अपनी माताओं के नाम पर पौधारोपण किया।प्रतिभागियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल भावनात्मक मूल्यों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के साथ-साथ समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करती है।

**खबर संक्षेप**

### साइबर थानों ने किए एक सप्ताह में 42 लोग गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार प्रभावी कार्रवाही की जा रही है। जिसके चलते 27 जून से 3 जुलाई के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने 42 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, इस दौरान साइबर थानों की टीम ने 31,63,318 रुपए बरामद किए हैं।

### अवैध नशा बेचने वाले दो आरोपी धराए



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाही करते हुए अवैध नशा बेचने वाले 2 आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। पहचान विक्रम निवासी फर्रुखनगर गुरुग्राम हाल राजीव कालोनी फरीदाबाद व मोहम्मद सद्दाम अंसारी निवासी जामिया नगर ओखला दिल्ली के रूप में हुई है। मोहम्मद सद्दाम अंसारी से 1.248 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

### हमला करने के मामले में एक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना पल्ला के अंतर्गत एत्मादपुर पुल के पास 30 जून को एक महिला पर चाकू से हमला घायल कर दिया गया था जब वह ड्यूटी के लिए रोड पर खड़ी थी। घटनाक्रम में कार्रवाई करते हुए थाना पल्ला की टीम ने आरोपी भैया लाल निवासी हरदोई उत्तर प्रदेश हाल निहाल विहार दिल्ली को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना की टीम ने 3 जुलाई को पश्चिम विहार दिल्ली से आरोपी को काबू कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी, जिसको रविवार को जेल भेज दिया गया है।

## नागरिकों को स्वच्छ एवं सुगम वातावरण उपलब्ध होगा

# लगभग 4 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से बड़ी सीवर लाइन परियोजना का शुभारंभ, हजारों लोगों को मिलेगा लाभ:पं. मूलचंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने आज सेक्टर-3 डिस्पोजल पंडित प्लेस, तिगांव रोड के निकट से बड़ी सीवर लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ स्थानीय निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों के हाथों नारियल फुड़वाकर किया।

इस परियोजना के तहत पंचायत भवन से सेक्टर-3 डिस्पोजल तक नई बड़ी सीवर लाइन डाली जाएगी, जिस पर लगभग 4 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन डिपोजल चावला कॉलोनी से सेक्टर-3 डिस्पोजल तक बड़ी सीवर लाइन बिछने से क्षेत्र की सीवरेज एवं जल निकासी व्यवस्था पहले से अधिक सुदृढ़ होगी, जिससे लोगों को लंबे समय से चली आ रही जलभराव और सीवर संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का लाभ वार्ड-41, वार्ड.42, वार्ड.45 एवं वार्ड.46 के अलावा चावला कॉलोनी, मलरेना रोड, आदर्श नगर, पंजाबी वाड़ा, ब्राह्मण वाड़ा, मुकेश कॉलोनी, गर्ग कॉलोनी तथा भगत सिंह कॉलोनी सहित आसपास के हजारों निवासियों को मिलेगा। इससे क्षेत्र में बेहतर जल निकासी सुनिश्चित होगी और नागरिकों को स्वच्छ एवं सुगम वातावरण उपलब्ध होगा।

इस मौके पर भाजपा नेता पंडित टिपरचंद शर्मा, पार्षद महेश गोयल, पार्षद सोनू वैष्णव, पार्षद दीपक यादव, पार्षद प्रतिनिधि मास्टर जयप्रकाश, नवीन चेची, स्वराज सिंह, सुषमा यादव, पीएल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य पवन कुमार, दिनेश सिंह, चंद्रसेन शर्मा, एफएमडीए और नगर निगम के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## 90 करोड़ की लागत परियोजना के लिए शासन ने दिए 31 करोड़

## जीडीए की स्लिप परियोजना के पूर्ण होते भी सवा घंटे का समय होगा मात्र 25 से 30 मिनट में

# एलिवेटेड रोड पर चढ़ना और उतरना होगा आसान, पांच लाख लोगों में जाम से मुक्ति के साथ बचेगा समय और ईंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली-एनसीआर में एलिवेटेड रोड का इस्तेमाल करने वाले पांच लाख वाहन चालकों के लिए राहत भरी खबर है। अब तक एलिवेटेड रोड के इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों का जो सफर अभी एक से सवा घंटे में पूर्ण होता है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद महज 25 से 30 मिनट का समय लगेगा। यानि वाहन चालकों का समय व ईंधन दोनों बचेंगे। जी हां यह योजना है एलेवटेड रोड पर स्लिप रोड का निर्माण कार्य। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 90 करोड़ रुपए है।

एलिवेटेड रोड पर चढ़ने व उतरने के लिए दो रेम्प बनाये जाएंगे। जिसके बाद वसुंधरा, इंदिरापुरम कौशाम्बी आदि के लोग सीधे एलेवटेड रोड पर चढ़कर फर्राटे भर सकेंगे। इस परियोजना की टेंडर प्रक्रिया जीडीए ने पूर्ण कर दी है। जीडीए अधिकारियों का मानना है की आगामी छह से आठ महीनों में स्लिप रोड व दो चौराहों का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएंगे। दो चौराहे पूरी तरह से आधुनिक होंगे। एलिवेटेड रोड पर चढ़ने और उतरने के चक्कर में रोजाना लगने वाले लंबे जाम से परेशानी समाप्त हो जाएगी। प्रदेश शासन से अभी तक इस परियोजना के लिए 31करोड़ की धनराशि प्राप्त हो चुकी है। परियोजना पर एक नजरः लगभग 90 लाख रुपये से तैयार होने वाली इस परियोजना ने एलेवटेड रोड पर वाहनों के चढ़ने व उतरने के लिए दो रेम्प (स्लिप रोड)बनाये जाएंगे। दिल्ली से वसुंधरा की ओर जाने वाले वाहन चालकों के लिए एक रैंप बनाया जाएगा जो वैशाली होते हुए छायावाद की तरफ जाएंगे जबकि दूसरा राम इंदिरापुरम कनौनी मंदिर के पास एलिमेंट रोड से जोड़ा जाएगा जहां से होकर सीधे वहां दिल्ली के लिए फर्राटे भरेंगे इसके साथी दिल्ली इंदिरापुरम में वसुंधरा के लिए वाहनों के चढ़ने और उतरने की समस्या का पूरी तरह से समस्या का हाल हो जाएगा यह सिर्फ रोड लगभग 7:30 मी चौड़ा होगा साथी दो अत्यधिक के गोल चक्कर भी बनाए जाएंगे ताकि वाहनों के चढ़ने और उतरने पर ट्रैफिक स्मूथ चल सके।



### 5 लाख लोगों को मिलेगी जाम से मुक्ति, बचेगा समय और पेट्रोल

मजीडीए की इस नई योजना के पूरी होते ही गाजियाबाद, इंदिरापुरम और वसुंधरा के करीब 5 लाख से ज्यादा लोगों को रोजाना के सिरदर्द बन चुके ट्रैफिक जाम से सीधे राहत मिलेगी। इस परियोजना का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि लोगों का कीमती समय बचेगा और साथ ही महंगे पेट्रोल-डीजल की भी भारी बचत होगी। फिलहाल दिल्ली से आने-जाने वाले चालकों को एलिवेटेड रोड पर चढ़ने या वहां से उतरने के लिए खोड़ा और सीआईएसएफ रोड से होकर एक लंबा चक्कर काटना पड़ता है।

### क्या कहते हैं जीडीए उपाध्यक्ष

जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल कहते हैं कि इन दोनों



स्लिप रोड के चालू हो जाने के बाद एलिवेटेड रोड का करीब 40 फीसदी से ज्यादा ट्रैफिक इन नए रैंप पर शिफ्ट हो जाएगा, जिससे मुख्य सड़कों पर दबाव बेहद कम हो जाएगा। साथ ही जो सफर तय करने में अभी 1 से सवा घंटा लग जाता है, वह इन रैंप के बनने के बाद महज 20 से 25 मिनट में पूरा हो जाएगा। एलिवेटेड रोड पर बीच में ही सीधे चढ़ने और उतरने की शानदार सुविधा मिल जाएगी। उन्होंने जीडीए के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराए और निर्माण कार्य मे गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखे।

## फरीदाबाद पहुंचने पर अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का भव्य स्वागत

# सांसद से लेकर पंच तक भाजपा का कार्यकर्ता दिखाई देना चाहिए: अध्यक्ष डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने फरीदाबाद में आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ की हड्डी है। जब एक बूथ अध्यक्ष और बूथ पर काम करने वाला कार्यकर्ता अपना पसीना बहाता है तथा बूथ जीतकर भाजपा की झोली में डालने का काम करता है, तब विधायक और सांसद बनते हैं तथा सरकारें बनती हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के श्रम से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है।

इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना के फरीदाबाद आगमन पर एमवीएन स्कूल अरावली हिल के सामने भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने डॉ. अर्चना गुप्ता का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने वजीरपुर गांव परशुराम चौक से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सचिन ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित साइक्लोथॉन में सहभागिता की। डॉ. अर्चना गुप्ता ने स्वयं साइकिल चलाकर कार्यक्रम स्थल अमृता अस्पताल तक पहुंचते हुए युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

### आयोजन में कई वरिष्ठ नेता सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे

कार्यक्रम स्थल अमृता अस्पताल सेक्टर-89 के ऑडिटोरियम में पहुंचने पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर, विधायक धनेश अदलखा, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा, सतीश फागना, महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, राजकुमार वोहरा, पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता, टेकचंद शर्मा, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव राजीव जेटली, पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, जिला महामंत्री चौधरी प्रवीण गर्ग, शोभित अरोड़ा, पंकज सिंगला, प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम देख रहे हरविंदर कोहली समेत अनेक वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का पुष्प गुच्छ और फूलमालाओं से स्वागत और अभिनंदन किया।



## बड़ी कार्रवाई, दिल्ली के चंद्र विहार से गिरफ्तार कर भेजा जेल

# 20 साल बाद शिकंजे में आया उम्रकैद का भगोड़ा, प्रेमिका की हत्या के मामले में उच्च न्यायालय से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

करीब दो दशक से फरार चल रहे हत्या के एक सजायाफ्ता आरोपी को फरीदाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वर्ष 2001 में अपनी प्रेमिका की गोली मारकर हत्या करने के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा आरोपी वर्ष 2006 में माननीय उच्च न्यायालय से जमानत पर जेल से बाहर आया था, परंतु उसके बाद वह माननीय न्यायालय के समक्ष पेश नहीं हुआ और लगातार फरार चलता रहा।

अब करीब 20 वर्ष बाद क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकाश उर्फ विकी, निवासी पांडव नगर दिल्ली हाल निवासी चंद्र विहार



मंडावली, दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपी की गिरफ्तारी 4 जुलाई 2026 को दिल्ली के चंद्र विहार क्षेत्र से की गई।

बता दें कि 19 अप्रैल 2001 को थाना सूरजकुंड में एक महिला की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला दर्ज हुआ था। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी विकाश उर्फ विकी ने अपनी प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई

मामले की गंभीरता के मद्धेनजर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 29 अप्रैल 2001 को आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके विरुद्ध पुख्ता साक्ष्य एकत्रित कर न्यायालय में चालान दिया। विचारण के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए जुलाई 2002 में उसे उम्रकैद तथा 20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। पुलिस प्रवक्ता अनुसार आरोपी ने सजा के आदेश के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में अपील दायर की, जहां से मई 2006 में उसको जमानत मिली, लेकिन उसके बाद वह माननीय न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुआ और फरार हो गया। आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदलता रहा और गिरफ्तारी से बचने के लिए पहचान छिपाकर रह रहा था।

## फरीदाबाद से लेकर पलवल तक शोक की

# जिला फरीदाबाद ब्राह्मण के प्रधान बृजमोहन बातिश का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के प्रधान बृजमोहन बातिश का शनिवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। बृजमोहन बातिश के निधन से इलाके शोक की लहर है। स्वर्गीय बृजमोहन बातिश गत 50 वर्षों से सामाजिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निवाह रहे थे।

गत 5 सालों से वह जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के प्रधान पद पर रहकर समाज कल्याण के कार्यों में जुटे हुए थे और अपनी अंतिम सांस तक अपनी इस महती जिम्मेदारी को निभाते हुए परलोक को गमन कर गए। स्व. बातिश दिल्ली सरकार में सेवा करते हुए चीफ इंजीनियर के पद से रिटायर हुए थे। वह 80 वर्ष की आयु में भी उर्जावन तरीके से सामाजिक कार्यों में जुटे रहे। इसके अलावा स्व. बातिश 15 गांवों के भी प्रधान थे, जहां पर उन्होंने 15 के गांवों के लोगों को भाईचारे के सूत्र में बांधे रखा। वह दिवंगत आत्मा धार्मिक व सामाजिक ज्ञान से भरी हुई शख्सियत थी।

उनके जाने से ऐसा प्रतीत हुआ कि जैसे एक युग का अंत हुआ हो। श्री बातिश अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्री, पोते-पोती सहित भरा पूरा परिवार छोडक़र गए हैं। उनके दोनों बेटे अशोक बातिश और जगमोहन बातिश प्राइवेट स्कूल चलाकर क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। समाज के प्रति उनके समर्पण की एक झलक उनकी अंतिम यात्रा में देखने को मिली।

## एशियन फुटवियर्स की दूसरी वर्षगांठ पर समारोह का आयोजन

# व्यापार मंडल फरीदाबाद के प्रधान डॉ. राजेश भाटिया ने केक काटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एनआईटी के एक नंबर डी ब्लाक दुकान नं 11 स्थित एशियन फुटवियर्स की द्वितीय वर्षगांठ पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रुप में ब्यापार मण्डल फरीदाबाद के प्रधान डा. राजेश भाटिया ने शिरकत की और केक काटते हुए वर्षगांठ का उत्सव मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शहर के व्यापारियों व गणमान्य लोगों ने इस समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। समारोह में पहुंचने पर शहर के गणमान्य लोगों ने फूलों का बुक्के व माला पहनाकर डा. राजेश भाटिया का स्वागत किया। इस मौके पर डा. राजेश भाटिया ने कहा कि एनआईटी का एक नंबर बाजार पूरे फरीदाबाद जिले का सबसे पुराना और चर्चित बाजार है।

### फुट वियर्स के प्रबंधकों को द्वितीय वर्षगांठ की बधाई

शहर के 70 प्रतिशत से ज्यादा लोग अपनी जरूरत की वस्तुओं की खरीदारी यही से करते है और यहां के व्यापारी भी अपने ग्राहकों को भगवान का दर्जा देते हुए उन्हें बेहतर गुणवत्तायुक्त उत्पाद मुहैया करवाते है। एशियन फुट वियर्स के प्रबंधकों को द्वितीय वर्षगांठ की बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार उन्होंने अब तक अपने बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए हैं, उसी प्रकार भविष्य में भी वे उत्कृष्ट उत्पाद उपलब्ध कराकर उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे तथा साथ ही साथ डा. राजेश भाटिया ने सभी व्यापारी भाइयों से अपील करते हुए कहा कि फरीदाबाद के जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठान में अग्निशमन यंत्र अवश्य स्थापित करें। आकस्मिक आगजनी की स्थिति में समय रहते उस पर नियंत्रण पाया जा सके।

## नेपाल भागकर छिपे थे आरोपी, जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा

## किराये के कमरे से युवती का शव बरामद हुआ था

# प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की गोली मारकर हत्या पति और प्रेमिका गिरफ्तार, पुलिस ने रिमांड पर लिया

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

शादी के महज तीन महीने बाद 22 वर्षीय नवविवाहिता की गोली मारकर हत्या करने के सनसनीखेज मामले में मानेसर क्राइम ब्रांच ने आरोपी पति और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी हरिद्वार होते हुए नेपाल भाग गए थे। करीब एक महीने बाद भारत लौटने पर पुलिस ने दोनों को मानेसर से दबोच लिया। आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

दरअसल, मानेसर थाना में 22 मई 2026 को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी 22 वर्षीय बेटी की शादी फरवरी 2026 में मानेसर निवासी अंकित से हुई थी। 21 मई को उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी घर से लापता है। परिजनों ने काफी तलाश की और ससुराल पक्ष से भी संपर्क



किया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। शिकायत में पति और ससुराल पक्ष पर युवती को गायब करने का संदेह जताया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस को 22 मई को मानेसर स्थित एक किराये के कमरे से युवती का शव बरामद हुआ।

### वारदात के बाद नेपाल हुए फरार

वारदात के बाद दोनों आरोपी पहले हरिद्वार पहुंचे और वहां से नेपाल फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, दोनों 30 जून को भारत लौटे थे, जिसके बाद उनकी गतिविधियों पर नजर रखते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी, फरारी के दौरान इस्तेमाल किए गए नेटवर्क और अन्य साक्ष्यों के संबंध में पूछताछ की जाएगी। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच जारी है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का विस्तृत खुलासा किया जाएगा।

### प्रेमिका के कमरे पर ले जाकर मारी गोली

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि अंकित और रजनी पिछले तीन वर्षों से प्रेम संबंध में थे। रजनी मानेसर में किराये के मकान में रहती थी। जांच में सामने आया कि 21 मई को अंकित अपनी पत्नी को सुनियोजित तरीके से रजनी के कमरे पर लेकर गया, जहां दोनों ने मिलकर उसे गोली मार दी। हत्या में इस्तेमाल किया गया अवैध हथियार अंकित करीब दो महीने पहले उत्तर प्रदेश से लेकर आया था।

### देसी कट्टा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राईम ब्रांच एवीटीएस सिकरोना की टीम ने अवैध हथियार पर कार्रवाई करते हुए 4 जुलाई को एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान शहबाज निवासी गांव धौज फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार क्राईम ब्रांच एवीटीएस सिकरोना की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि शहबाज के पास अवैध हथियार है और फतेहपुर धौज रोड पर मौजूद है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने शहबाज को मौका से काबू किया है। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना धौज में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

## 20 हजार रुपए बरामद हुए

# कार में चला रहे थे अवैध भ्रूण जांच केंद्र, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

स्वाट टीम,सर्विलांस टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं टीम,डॉक्टर टीम,राजस्व टीम ने रविवार को अवैध भ्रूण लिंग जांच करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह कार में अवैध रूप से भ्रूण जांच केंद्र चला रहे थे।

एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि महामाया स्टेडियम फ्लाई ओवर के पास एक अर्टिगा गाड़ी में 04 व्यक्ति बैठे हैं । जो अवैध लिंग जांच एवं अवैध गर्भपात करने की तैयारी कर



रहे हैं तथा महिला का इंतजार कर रहे हैं। डाक्टर टीम व पुलिस ने छापा मारकर उन्हें पकड़ लिया।

कब्जे से गाड़ी के अंदर एक पौर्टेबल मशीन मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक कम्पनी लि चाइना मेड, एक प्रोब जेली, एवं गाडी से यूएसजी मशीन को पॉवर सप्लाई करने का यन्त्र मिला ।

## खबर संक्षेप

### बांकीपुर विस उपचुनाव लड़ेंगे प्रशांत किशोर



**बांकीपुर।** उपचुनाव के लिए जन सुराज पार्टी ने चुनावी रणनीतिकार के रूप में चर्चित प्रशांत किशोर को चुनाव लड़ाने का एलान कर दिया है। रविवार को पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में पीके नाम फाइनल कर दिया गया। प्रशांत लगातार बांकीपुर में कैंप कर रहे हैं और एनडीए को हराने की अपील कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ऋषि मिश्रा ने भी प्रशांत किशोर को विपक्ष का एकजुट समर्थन दिए जाने की चर्चा छेड़कर सियासी माहौल को नई हवा दे दिया है।

### वोटरों में पैठ बनाने कांग्रेस की पदयात्रा जल्द



**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस कमेटी वोटरों में पैठ बनाने कांग्रेस मंडलों व जिलों में पदयात्रा निकालेगी। पद यात्रा की जिम्मेदारी पिछड़ा वर्ग विभाग को सौंपी है। पिछड़ा वर्ग विभाग की तरफ से सभी मंडलों और जिलों में पद यात्रा निकालने की तैयारी शुरू कर दी है। पद यात्रा के दौरान पार्टी आरक्षण, संविधान बचाओ, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों की हत्या व प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने सहित विभिन्न मुद्दों को उठाया जाएगा।

### ट्रेजरी घोटाले में सीआईडी ने दाखिल की चार्जशीट




**हजारीबाग।** झारखंड के बहुचर्चित हजारीबाग व बोकारो ट्रेजरी गबन में सीआईडी ने जांच पूरी कर दोनों मामलों में अलग-अलग चार्जशीट विशेष अदालत में दाखिल कर दी है। सीआईडी के विशेष न्यायाधीश कुलदीप की अदालत में दाखिल चार्जशीट में हजारीबाग ट्रेजरी मामले में छह और बोकारो ट्रेजरी मामले में चार को अभियुक्त बनाया गया है।

---

## प्रदेश में अब तक 96 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण

# इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए योगी सरकार ने दी 210 करोड़ रुपए की सब्सिडी, 43 हजार से अधिक लोगों को लाभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी दिशा में प्रदेश सरकार के विजन के तहत परिवहन विभाग द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रय सब्सिडी योजना प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के माध्यम से हजारों उपभोक्ताओं को आर्थिक सहायता मिलने के साथ ही प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत हुआ है। इसके तहत योगी सरकार ने 210 करोड़ रुपए से अधिक सब्सिडी के रूप में वितरित किए।

### तेल संकट के बीच ईवी वाहनों की तरफ रुख करना ही बेहतर

उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि खाड़ी देशों में गंभीर हालात और तेल संकट के बीच ईवी वाहनों की तरफ रुख करना ही बेहतर है। वहीं प्रदेश सरकार की इलेक्ट्रिक व्हीकल क्रय सब्सिडी योजना इस दिशा में शानदार सहयोग दे रही है। इससे पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधनों पर निर्भरता कम होगी और बेहतर पर्यावरण से लोगों का स्वास्थ्य अच्छा होगा। प्रदेश सरकार ने इसी विजन के साथ 210 करोड़ रुपए से ज्यादा की सब्सिडी का भुगतान कर नया कीर्तिमान बनाया है।

### दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों को मिला सबसे अधिक लाभ

ईवी क्रय सब्सिडी योजना के अंतर्गत सबसे अधिक लाभ दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों को मिला है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक 61,417 दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। कम कीमत, कम संचालन लागत और दैनिक उपयोग के लिए उपयुक्त होने के कारण इलेक्ट्रिक स्कूटर और मोटरसाइकिलों की मांग तेजी से बढ़ी है। योजना की मूल संरचना में भी दोपहिया वाहनों को विशेष महत्व देते हुए 2 लाख दोपहिया वाहनों तक सब्सिडी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

### 43 हजार से अधिक लाभार्थियों को मिली सब्सिडी

परिवहन विभाग के मुताबिक प्रदेश में अब तक 96,778 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण हो चुका है। इनमें से 43,218 लाभार्थियों को अंतिम रूप से ईवी क्रय सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जा चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि योजना का लाभ बड़ी संख्या में आम नागरिकों तक पहुंचा है और लोग तेजी से ईवी वाहनों को अपना रहे हैं। योजना शुरू होने के बाद पहले लगभग तीन वर्षों के दौरान योगी सरकार ने रिकॉर्ड 210 करोड़ रुपए से अधिक सब्सिडी के रूप में वितरित किए हैं।

### पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और परिवहन खर्च में आ रही कमी

ईवी वाहनों के बढ़ते उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी आने, वायु प्रदूषण घटाने और पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम करने में मदद मिल रही है। इसके साथ ही आम नागरिकों के परिवहन खर्च में भी कमी आ रही है। यही कारण है कि प्रदेश में ईवी अपनाने की गति लगातार बढ़ रही है।

---

## बेसिक शिक्षा विभाग और एसबीआई के बीच होगा ऐतिहासिक एमओयू

# शिक्षकों और कर्मचारियों को मिलेगा सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा का कवच

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को नई मजबूती देने जा रही है। इसी क्रम में 8 जुलाई को वाराणसी में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होंगे।



इस पहल के माध्यम से विभाग के लगभग 10 लाख स्थायी एवं संविदा शिक्षक तथा कर्मचारी एसबीआई के विशेष सैलरी पैकेज के साथ व्यापक बीमा सुरक्षा और अन्य बैंकिंग सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। प्रस्ताव के अनुसार एमओयू के दायरे में विभाग के लगभग 4.50 लाख स्थायी तथा 5.50 लाख संविदा कार्मिक शामिल होंगे। इनमें शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, समग्र शिक्षा के कार्मिक, मध्याह्न भोजन योजना से जुड़े कर्मचारी तथा विभाग के अन्य संबद्ध कार्मिक शामिल हैं। उद्देश्य सभी पात्र कार्मिकों को एकीकृत सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है।

> यूपी सरकार बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को नई मजबूती देने जा रही है। इसी क्रम में 8 जुलाई को वाराणसी में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होंगे।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में 8 जुलाई को होगा समझौता
- लगभग 10 लाख शिक्षक एवं कर्मचारी होंगे लाभान्वित

### स्थायी कार्मिकों को मिलेगा व्यापक सुरक्षा

एसबीआई के सैलरी पैकेज के अंतर्गत पात्र स्थायी कार्मिकों को 10 लाख का ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस, 1 करोड़ का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस, 1 करोड़ का स्थायी दिव्यांगता बीमा कवर तथा 1.60 करोड़ तक का एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर मिलेगा। इसके साथ ही किसी अनहोनी की स्थिति में कार्मिकों के बच्चों की शिक्षा और पुत्रियों के विवाह के लिए भी एड-ऑन कवर उपलब्ध कराया जाएगा।

### संविदा कार्मिकों को भी मिलेगा विशेष सुरक्षा

*एमओयू के अंतर्गत 10 हजार से अधिक नेट मासिक वेतन पाने वाले संविदा कार्मिकों को 30 लाख तक का पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर मिलेगा। स्थायी विकलांगता की स्थिति में 30 लाख तथा आंशिक विकलांगता की स्थिति में 15 लाख का इंश्योरेंस कवर प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा एयर एक्सीडेंट की स्थिति में 30 लाख का इंश्योरेंस कवर भी मिलेगा। किसी अनहोनी की स्थिति में कार्मिकों के बच्चों की शिक्षा तथा पुत्रियों के विवाह के लिए भी एड-ऑन कवर उपलब्ध कराया जाएगा। 10 हजार से कम नेट मासिक वेतन पाने वाले कार्मिकों को जीरो बैलेंस खाते एवं रुपे डेबिट कार्ड के आधार पर 1 लाख का इंश्योरेंस कवर प्रदान किया जाएगा।*

### एसबीआई वेतन खाताधारकों को मिलेगा स्वत: लाभ

एमओयू लागू होने के बाद जिन कार्मिकों के वेतन खाते पहले से भारतीय स्टेट बैंक में हैं, उन्हें एसबीआई के सैलरी पैकेज में परिवर्तित किया जाएगा। जिन कार्मिकों के वेतन खाते भारतीय स्टेट बैंक में नहीं हैं, उन्हें एसबीआई में वेतन खाता खोलने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि वे भी एमओयू के अंतर्गत उपलब्ध सभी लाभों का लाभ प्राप्त कर सकें।

---

## राजद के स्थापना दिवस पर लालू का पैगाम

# भाजपा तानाशाही कर देश को पीछे धकेल रही ,कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**एजेंसी ▶▶ पटना**

राजद अपना स्थापना दिवस मना रही है। सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने पार्टी के स्थापना दिवस पर बिहार की जनता को खास पैगाम दिया है। अपने पैगाम में लालू प्रसाद यादव ने एक तरफ जहां पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और जोश भरने का संदेश दिया है तो वहीं दूसरी तरफ उन्होंने बीजेपी को भी घेरा है। लालू प्रसाद यादव ने राजद के स्थापना दिवस पर जो संदेश एक्स पर लिखा है उसमें कहा है कि राजद चुनाव लड़ने की मशीन नहीं है। उन्होंने अपने संदेश में गरीब, पिछड़ों का जहां जिक्र किया है तो वहीं कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया है कि पार्टी संसद और सड़क दोनों ही जगहों पर लड़ने में सक्षम है। लालू यादव ने एक्स पर लिखा, ' बिहार की जनता के नाम संदेश..प्रिय साथियों, आप सभी को राष्ट्रीय जनता दल के 30वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ! बिहार के करोड़ों लोगों के लिए 5 जुलाई का दिन विशेष महत्व रखता है क्योंकि 1997 को आज ही के दिन अनेक वरिष्ठ साथियों के साथ मिलकर हमने गरीबों, शोषितों, दबे कुचले वर्गों एवं अकलियतों के हक़ों और अधिकारों की प्राप्ति के लिए राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना की थी। यह कोई साधारण दिन नहीं है। इस दिन बिहार एवं देश की राजनीति की दशा एवं दिशा का कायापलट हुआ था।



**भाजपा पर हमला**

*पार्टी के स्थापना दिवस पर लालू प्रसाद यादव ने अपने चिर-परिचित अंदाज में भारतीय जनता पार्टी पर भी हमला बोला है। लालू यादव ने लिखा, 'देश में तमाम जनवादी, प्रगतिशील, समाजवादी और लोकतान्त्रिक विचारधारा से लैस दलों पर निराशा के क्षणिक बादल छाये हैं। वोटर ही नहीं निर्वाचित जनप्रतिनिधि खरीदने में पूंजी का असीमित उपयोग तथा दक्षिणपंथी प्रतिक्रियावादी राजनीति ने लोकतंत्र के अस्तित्व पर कई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। पिछड़ों की भागीदारी, शिक्षा और रोजगार के अवसरों की समानता, अकलियतों के हक़ूक़,उनकी सुरक्षा,असमान विकास के मुद्दों तथा सरकार की नाकामियों को एक तथाकथित 'हिंदुत्व के आवरण' से ढंका जा रहा है।*

---

## पेज एक का शेष

### श्री राम मंदिर चढ़ावा...

जिनकी निष्पक्ष जांच के लिए उनके बयान दर्ज किए जाने आवश्यक हैं।

**क्या-क्या आरोपों का जिक्र :** पत्र के अनुसार, प्रो. रामगोपाल यादव ने सार्वजनिक रूप से दावा किया था कि राम मंदिर में लगभग 20,000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। विदेशों से श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए सोना, चांदी, हीरे और नकदी का कोई स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं है। उन्होंने यह भी कहा था कि इस मामले में केवल छोटे कर्मचारी नहीं बल्कि बड़े लोग भी शामिल हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल के संबंध में पत्र में उल्लेख किया गया है कि उन्होंने भगवान राम के हार, आभूषण, चांदी की ईंटें, दीपक तथा बड़ी मात्रा में नकदी चोरी होने का आरोप लगाया था। उन्होंने कथित तौर पर लगभग 200 करोड़ रुपये नकद और हीरे-जवाहरात गायब होने की बात कही थी तथा निष्पक्ष जांच होने पर बड़े खुलासे होने का दावा किया था। सांसद संजय सिंह के बारे में पत्र में कहा गया है कि उन्होंने सार्वजनिक रूप से 200 करोड़ रुपये से अधिक की चोरी और इसमें 50 से अधिक कर्मचारियों के शामिल होने की बात कही थी। हालांकि पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संजय सिंह द्वारा भूमि खरीद संबंधी आरोपों पर पहले ही एसआईटी के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने के कारण उस हिस्से का उल्लेख नहीं किया गया है। प्रियंका गांधी वाड्रा के बयान का हवाला देते हुए पत्र में कहा गया है कि उन्होंने सवाल उठाया था कि क्या केवल छोटे कर्मचारी सीसीटीवी बंद कर हजारों करोड़ रुपये के चढ़ावे में हेराफेरी कर सकते हैं, या इसके पीछे बड़े लोगों की मिलीभगत है।

### रक्षा, समुद्री सुरक्षा...

आर्थिक भागीदारी, रणनीतिक सहयोग और व्यापारिक संबंधों में उल्लेखनीय विस्तार देखने को मिलेगा।

**दोनों देशों के बीच कोई विवाद नहीं :** राजदूत चक्रवर्ती ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच किसी भी प्रकार का राजनीतिक या सीमा विवाद नहीं है। दोनों देशों के विचारों में कोई बड़ा मतभेद भी नहीं है। यही कारण है कि दोनों राष्ट्र अब विकास और साझा हितों को केंद्र में रखकर दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में कार्य कर रहा है, जबकि इंडोनेशिया 'गोल्डन इंडोनेशिया' के विजन को साकार करने में जुटा है। दोनों देश अपनी-अपनी आर्थिक नीतियों और आवश्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।

**30 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार :** भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्तमान में 30 अरब डॉलर से अधिक का है। दोनों देश इसे और बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। राजदूत ने कहा कि केवल भारत से इंडोनेशिया में निवेश ही नहीं, बल्कि इंडोनेशिया से भारत में निवेश को भी बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**किन क्षेत्रों में होगा सहयोग :** प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान जिन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की संभावना है, उनमें शामिल हैं रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग।समुद्री सुरक्षा, निवेश और व्यापार, आर्थिक एकीकरण, आधारभूत संरचना, बंदरगाह विकास, समुद्री एवं हवाई संपर्क, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य सेवाएं, क्षमता निर्माण, शिक्षा और अकादमिक आदान-प्रदान।

**क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग को मिलेगी नई दिशा :** विशेषज्ञों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता, समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला, वैश्विक व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग को भी नई मजबूती प्रदान करेगी। रक्षा, आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी के विस्तार के साथ यह यात्रा भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' और इंडो-पैसिफिक विजन को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

### वीबी-जी राम जी...

संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि सरकार का संकल्प था कि 1 जुलाई, 2026 से विकसित भारत–जी राम जी पूरे देश में बिना किसी व्यवधान के लागू हो। मनरेगा को पूरे देश में लागू होने में लगभग तीन वर्ष का समय लगा था, जबकि विकसित भारत–जी राम जी एक ही दिन में पूरे देश में लागू हो गया। मंत्री ने प्रारंभिक प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पहले सप्ताह में बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारंभ हुए हैं तथा लाखों ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने आंध्र प्रदेश, केरल और राजस्थान की विशेष सराहना करते हुए कहा कि इन राज्यों ने पहले ही दिन बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराया। उन्होंने ओडिशा और पश्चिम बंगाल से शेष ग्राम पंचायतों में शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का आग्रह किया तथा झारखंड से योजना को अधिसूचित कर आवश्यक बजटीय प्रावधान सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। जिन राज्यों में आरबीआई खाते खोलने अथवा अन्य प्रक्रियाएं लंबित हैं, उन्हें भी समयबद्ध ढंग से पूरा करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी के अंतर्गत मजदूरी दरों में औसतन लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अब देश के किसी भी राज्य में मजदूरी 300 रूपये प्रतिदिन से कम नहीं होगी। चौहान ने कहा कि आज जारी की गई 25,863 करोड़ रूपये की पहली किस्त का उद्देश्य राज्यों को समय पर संसाधन उपलब्ध कराना है, ताकि श्रमिकों को 15 दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे भी अपनी हिस्सेदारी की राशि समय पर जारी करें, जिससे मजदूरी भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत–जी राम जी के प्रभावी क्रियान्वयन में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पहली किस्त राज्यों की मांग के आधार पर जारी की गई है और भविष्य में भी आवश्यकता के अनुसार धन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाएं और ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन करें ताकि गांवों का समग्र और सहभागी विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक में पारदर्शिता एवं जवाबदेही पर विशेष बल देते हुए मंत्री ने कहा कि चेहरा सत्यापन, जियो-टैगिंग तथा अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा फर्जीवाड़े के लिए कोई स्थान नहीं है तथा सरकार का उद्देश्य पारदर्शी, विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण परिसंपत्तियों का निर्माण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि राज्यों को निरंतर सहयोग उपलब्ध कराने के लिए मंत्रालय ने संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में क्षेत्रीय अधिकारियों की तैनाती की है। ये अधिकारी राज्यों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर क्रियान्वयन संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे।

### ज्ञानेश कुमार ने ...

दिग्विजय बोले- भोलेनाथ असत्य बोलने वालों को माफ नहीं करते : दिग्विजय सिंह ने कहा कि हे भोले बाबा, मुख्य निर्वाचन आयुक्त को सद्बुद्धि दें ताकि उनकी कथनी और करनी में अंतर न हो। चुनाव आयुक्त का ट्रैक रिकॉर्ड अब तक पूरी तरह भाजपा के पक्ष में रहा है। भोलेनाथ असत्य बोलने वालों को माफ नहीं करते।

### विपक्ष चाहे जितना...

उन्होंने लखनऊ सदर के बसंत कुंज स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भी दौरा किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन), बी.एल. संतोष, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे। नवीन ने कहा कि जिस प्रकार की ऊर्जा मुझे चारों ओर दिखाई दे रही है, वह इस बात का परिचायक है कि वर्ष 2027 में भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता शक्ति केंद्रों की ताकत, उनके संयोजकों के परिश्रम और मेहनत के बल पर एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाने का संकल्प लेकर तैयार बैठा है। जब कार्यकर्ताओं का उत्साह और ऊर्जा साथ होती है, तब विपक्ष चाहे कितनी भी ताकत लगा ले, भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता उसे धूल चटाने का काम करेगा। उत्तर प्रदेश जैसा विशाल भौगोलिक राज्य, जहाँ भारत की आत्मा बसती है और जहाँ प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ, वह सभी के लिए प्रेरणा का केंद्र है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम केवल आदर्श ही नहीं, बल्कि सभी को जीवन में आगे बढ़ने की दिशा भी देते हैं। जब व्यक्ति आस्था के साथ स्वयं को उनसे जोड़ता है तो उसे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। यह भूमि ऋषियों, संतों और महापुरुषों की भूमि है, जिसने केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को संदेश देने वाले महान व्यक्तित्व दिए हैं।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हर परिस्थिति में कमल खिलाने के लिए तैयार रहता है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश ने भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, परिवारवाद और क्षेत्रीय दबंगों का राज देखा था। उस समय प्रत्येक जिले में अलग-अलग दादा, गुंडे और माफिया का प्रभाव था, जबकि लखनऊ में बैठी सरकार अलग ढंग से चलती थी। आज जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' का विजन है, वहीं पहले प्रत्येक जिले में अलग-अलग दबंगों का मॉडल चलता था। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गुंडाराज और माफियाराज को केवल जिलों से ही नहीं, बल्कि गाँवों और कस्बों से भी समाप्त करने का कार्य किया है। नवीन ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास के नए-नए आयाम स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से प्रदेश की नई तस्वीर पूरे देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत हो रही है। विकास की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का जो मॉडल अपनाया गया है, उसे राज्य का नेतृत्व प्रभावी ढंग से लागू कर रहा है। एक समय इस देश में यह कहा जाता था कि दिल्ली से भेजा गया एक रुपया गरीब तक पहुँचते-पहुँचते केवल 15 पैसे रह जाता है। लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी ने जनधन खातों के माध्यम से ऐसी व्यवस्था बनाई है कि चाहे केंद्र सरकार हो या योगी आदित्यनाथ सरकार, गरीब के लिए भेजा गया एक-एक रुपया सीधे उसके खाते तक पहुँचता है। यह बहुत बड़ा परिवर्तन है। पहले बिचौलियों का राज था और दिल्ली तथा लखनऊ में बैठी सरकारें उसका लाभ उठाती थीं, लेकिन आज उत्तर प्रदेश को उस बदहाली, तुष्टिकरण और अराजक नीतियों से बाहर निकालने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। जिस उत्तर प्रदेश और बिहार को कभी बीमारू राज्य कहा जाता था, आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व और डबल इंजन सरकार के कारण दोनों राज्य विकास के अनेक पैमानों पर अग्रणी बनकर उभरे हैं। जिन राज्यों में कभी अपराधियों और जंगलराज का बोलबाला था, वहाँ भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपराधियों के शासन का अंत किया है। नवीन ने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए आया हूं और लखनऊ के कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर मुझे विश्वास हुआ है कि प्रदेश का प्रत्येक कार्यकर्ता विपक्ष को करारा जवाब देगा तथा जनता के बीच प्रत्येक विषय पर प्रभावी ढंग से अपनी बात रखेगा। इस बार भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी की राजनीति को पूरी तरह समाप्त करने का संकल्प लेकर मैदान में उतरेगा। इस बार साइकिल पंचर नहीं, खराब ही हो जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से वर्ष 2027 में प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का संकल्प लेने का आह्वान किया और कहा कि भीषण गर्मी में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं का अभिनंदन के पात्र हैं। पार्टी के कार्यकर्ताओं की ऊर्जा ही नेतृत्व की सबसे बड़ी शक्ति होती है। यदि कार्यकर्ता इसी उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तो भारतीय जनता पार्टी ऐसी ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी जिसकी विपक्ष ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी को परम वैभव तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करना होगा।

### जब सिद्धांत और मंत्री...

कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश, एक विधान, एक निशान और एक प्रधान का संकल्प लेकर जम्मू-कश्मीर में धारा 370 के खिलाफ ऐतिहासिक आंदोलन किया था। बिना परमिट जम्मू-कश्मीर जाने पर उन्हें 11 मई 1953 को गिरफ्तार किया गया और 23 जून 1953 को उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटी और मोदी सरकार ने डॉ. मुखर्जी के अधूरे संकल्प को साकार किया।

**डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आत्मनिर्भर भारत की औद्योगिक नींव रखीः अर्चना गुप्ता :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग मंत्री के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश के औद्योगिक विकास की मजबूत आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल में भारत केवल कच्चे माल का स्रोत बनकर रह गया था, लेकिन डॉ. मुखर्जी ने पहली औद्योगिक नीति के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की। प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उद्योग, रेलवे, विमानन, ऊर्जा और भारी उद्योग जैसे क्षेत्रों के विकास को नई दिशा दी। उनके कार्यकाल में हिंदुस्तान एयरक्राफ्ट फैक्ट्री, दामोदर घाटी निगम तथा इस्पात संयंत्रों जैसी अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत हुई, जिन्होंने आधुनिक भारत के औद्योगिक ढांचे को मजबूती प्रदान की।

### प्रख्यात पंडवानी...

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी श्रद्धांजलि :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया पर शोक संदेश जारी करते हुए कहा कि तीजन बाई ने अपनी बुलंद आवाज, प्रभावशाली मंचीय उपस्थिति और विशिष्ट प्रस्तुति शैली से महाभारत की कथाओं को जीवंत कर दिया था। राष्ट्रपति ने कहा कि अपने असाधारण कौशल, समर्पण और वर्षों की कठोर साधना के बल पर तीजन बाई ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध पंडवानी लोक परंपरा को न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और प्रसार में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

**उपराष्ट्रपति बोले- कला जगत की अपूरणीय क्षति :** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने अपने संदेश में कहा कि तीजन बाई ने अपनी अनूठी आवाज, प्रभावशाली प्रस्तुतियों और विलक्षण कला के माध्यम से भारत की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक परंपराओं, विशेषकर महाभारत की अमर गाथाओं, को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि उनका निधन कला और संस्कृति की दुनिया के लिए ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उपराष्ट्रपति ने तीजन बाई के परिवार, उनके शिष्यों, असंख्य प्रशंसकों और छत्तीसगढ़ के लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- विश्व स्तर पर दिलाई पहचान :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि तीजन बाई ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोककला पंडवानी को वैश्विक पहचान दिलाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका निधन भारतीय कला और संस्कृति जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि तीजन बाई का योगदान आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों और कला प्रेमियों को प्रेरित करता रहेगा।

---

## गेट काटकर निकाली पति-पत्नी की बॉडी

# 120 की स्पीड में ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो, पति-समेत 3 की मौत



**एजेंसी ▶▶ भोजपुर**

बिहार के भोजपुर में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक दंपति समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। परिवार स्कॉर्पियो कार पर सवार होकर मनाली से लौट रहा था। भोजपुर के बिहिया थाना के दोगरा गांव के समीप एनएच-922 पर यह दुर्घटना घटी।

हादसे में एक युवक घायल भी हो गया। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को जब्त कर लिया और शवों को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दिया। मृतक के परिवार में चीख पुकार का माहौल बन गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। हादसे में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। मृतकों की पहचान झारखंड के देवघर निवासी प्रकाश कुमार और पल्लवी के रूप में की गई है। एक अन्य मृतक भी वहीं का रहने वाला था। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक युवक को पहले आरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि उसकी स्थिति भी ठीक नहीं है। मरने वाले तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि गाड़ी में कुल चार लोग ही सवार थे। दुर्घटना के संबंध में आरा ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि स्कॉर्पियो चालक को झपकी आ गई होगी। गाड़ी रफ्तार बहुत अधिक होने की भी संभावना है।



# अब ओटीटी पर आएगी रामचरण की 'पेड्डी'

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रामचरण की फिल्म 'पेड्डी' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अब ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है, जिससे उन दर्शकों की खुशी दोगुनी हो गई है, जो किसी वजह से इसे बड़े पर्दे पर नहीं देख पाए थे। फिल्म पेड्डी की डिजिटल रिलीज को लेकर लंबे समय से चर्चाएं चल रही थीं और अब आखिरकार इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई है। ऐसे में रामचरण के फैंस एक बार फिर इस फिल्म का रोमांच अपने घरों में बैठकर महसूस कर सकेंगे।

लाइफ Style



# कृति
## ब्रेकअप की खबरें खारिज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ डिनर डेट पर नजर आईं, जिससे उनके ब्रेकअप की अफवाहें खारिज हो गई हैं। मुंबई में पैपराजी की ओर से कैप्चर किए गए वायरल वीडियो में, कपल खुश दिख रहा था और एक ही कार में निकला, जो उनके मजबूत रिश्ते का संकेत देता है।

बता दें कि लंबे समय से बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया को एक महिला के साथ नजर आए थे। उन दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हुई। इसके बाद से कृति और कबीर बहिया के ब्रेकअप की अटकलें लगने लगीं। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें कबीर भी नजर आएं। अब दोनों को एक साथ डिनर डेट पर जाते नजर आए है।

देर रात को मुंबई के बांद्रा में कपल डिनर डेट पर नजर आएं। वहीं, दोनों ही पैपराजी से भी बचने की कोशिश कृति और कबीर ने नहीं की। वायरल वीडियों में कपल काफी खुश नजर आ रहे हैं और पैप्स के देखकर मुस्करा रहे थे। एक ही गाड़ी में यह कपल घर की तरफ निकला। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि इनके रिश्ते में कोई दूरी नहीं आई। कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया है कि कबीर के साथ वायरल तस्वीरों में दिखी लड़की, उनकी फैमिली फ्रेंड है, जिसे वह अपनी बहन की तरह मानते हैं। हाल ही में कृति सेनन की फिल्म 'कॉकटेल 2' रिलीज हुई है। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की।

हॉलीवुड मसाला



# टेलर-ट्रैविस की शादी में चमकीं सेलेना

**लॉस एंजेसिल।** हॉलीवुड जगत की सबसे चर्चित शादियों में से एक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और अमेरिकी फुटबॉलर ट्रैविस केल्स की शादी में टेलर स्विफ्ट की लगभग 18 साल पुरानी और बेहद करीबी दोस्त सेलेना गोमेज मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं, जो शादी में टेलर की ब्राइड्समेड बनी थीं। सेलेना गोमेज ने अपनी दोस्त टेलर स्विफ्ट की शादी के कार्यक्रमों के दौरान प्रसिद्ध फैशन ब्रांड ऑस्कर डे ला रेंटा की दो खूबसूरत ड्रेस पहनीं। रिहर्सल डिनर के मौके पर उन्होंने काले रंग का स्लीवलेस गाउन और डिजाइनर जूते पहने।




# फ्री में नहीं देख सकेंगे हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन'

**लॉस एंजेलिस।** इस साल की सबसे बड़ी हॉरर सरप्राइज साबित हुई 'ऑब्सेशन' को प्राइम वीडियो और एप्पल टीवी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज तो कर दिया गया है, लेकिन फिलहाल यह फिल्म प्लेटफॉर्म के सब्सक्राइबर्स के लिए मुफ्त में उपलब्ध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे देखने के लिए दर्शकों को पैसे चुकाने होंगे। फिल्म को खरीदने के लिए 24.99 डॉलर (लगभग 2,000 रुपए) और किराये पर लेकर देखने के लिए 19.99 डॉलर (लगभग 1,600 रुपए) की कीमत तय की गई है। मेकर्स इस महीने के अंत में इसके फुल-फ्लेज्ड स्ट्रीमिंग रिलीज की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन उसकी सटीक तारीख अभी साफ नहीं है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए थे, उन्हें फिलहाल इसे किराए पर लेकर या खरीदकर ही देखना होगा।



# पहली फिल्म के बारे में विद्या का खुलासा

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अपनी पहली हिंदी फिल्म 'परिणीता' से लोगों का दिल जीत लिया था। लेकिन बॉलीवुड में कदम रखना उनके लिए आसान नहीं था। खबर के अनुसार, सिमी गरेवाल के टॉक शो में विद्या बालन ने उस पल को याद किया, जब उन्हें इस फिल्म 'परिणीता' के लिए चुना गया था। विद्या ने बताया कि वे इस फिल्म के लिए कई ऑडिशन दे चुकी थीं और उन्हें लगभग लग रहा था कि वे रिजेक्ट हो चुकी हैं। विद्या ने बताया, 'मैं मशहूर सिंगर एनरिक के एक कॉन्सर्ट में थी। मैंने अपना फोन बंद कर रखा था, ताकि कोई परेशान न करे। मेरे साथ मेरा एक दोस्त था, जो फिल्म के डायरेक्टर प्रदीप सरकार को जानता था। जब प्रदीप सरकार ने मेरे दोस्त को फोन किया और पूछा कि विद्या कहां है?



# सेंसर बोर्ड के पेंच में सल्लू की फिल्म

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' सेंसर बोर्ड के पेंच में फंस गई है और कहा जा रहा है कि फिल्म को सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। यह फिल्म इसी साल पहले अप्रैल में और फिर स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होनी थी। हालांकि, अब तक मेकर्स ने इसकी रिलीज को लेकर घोषणा नहीं की है। वहीं अब खबर है कि सीबीएफसी ने सलमान की इस फिल्म को अभी सर्टिफिकेट नहीं दिया है और इसे लेकर कोशिश जारी है। कहा जा रहा है कि सेंसर बोर्ड से इस फिल्म को क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं दिया गया है। सलमान की 'मातृभूमि' को लेकर कहा जा रहा था कि ये इस साल अगस्त में स्वतंत्रता दिवस वाले वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। हालांकि, न तो फिल्ममेकर्स की ओर से रिलीज डेट और न ही सेंसर बोर्ड से किसी तरह की दिक्कतों पर किसी तरह की कोई बात कही है।

टीवी मसाला

# 'लॉकअप 2' में आकांक्षा का चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई।** चर्चित अभिनेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला इन दिनों 'लॉकअप सीजन 2' में नजर आ रही हैं। इस शो को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। शो में एंट्री करने के साथ ही आकांक्षा ने अपनी



निजी जिंदगी को लेकर ऐसा खुलासा किया कि सबको तगड़ा झटका लगा। उन्होंने बताया था कि उनका और गौरव खन्ना का तलाक हो रहा है। अब निजी जिंदगी पर उन्होंने एक और हैरान करने वाली बात कही है। आकांक्षा चमोला 'लॉकअप 2' में एक के बाद एक बड़े खुलासे कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने शो में खुद को बाइसेक्सुअल बताया। उन्होंने स्पष्ट किया की गौरव खन्ना से शादी से पहले उनके लड़कियों के साथ रिलेशन रहे। आकांक्षा ने कहा, 'मैं शादी से पहले बायसेक्सुअल थी। मेरे कुछ लड़कियों के साथ रिलेशन रहे हैं। बहुत ज्यादा इंटिमेट रिलेशन नहीं रहे हैं, लेकिन मैं कुछ लड़कियों के साथ रिलेशनशिप में रही हूं। बस वही है। मुझे लड़कियां पसंद हैं। मैं लड़कियों की तरफ आकर्षित होती हूं। मुझे लगता है कि यही मेरा सेफ स्पेस है'। आकांक्षा चमोला के इस खुलासे के बाद नेटिजंस की सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है। कुछ लोग इस बात को उनका पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि शो में ट्रेंड रहने के लिए और टीआरपी के लिए यह सब ड्रामा है।

# फिल्म के टाइटल विवाद पर विराम



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की आगामी बायोपिक फिल्म 'ईथा' (**Eetha**) के नाम को लेकर चल रहा विवाद अब सुलझता नजर आ रहा है। यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार दिवंगत विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित है। पिछले दिनों परिवार के ही एक सदस्य के फिल्म के टाइटल पर आपत्ति जताए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। हालांकि, अब विठाबाई की सबसे बड़ी बेटी ने सामने आकर इस पूरे मामले पर परिवार का रुख साफ कर दिया है और फिल्म के नाम का पूरा समर्थन किया है। आने वाली फ़िल्म का टाइटल तब बहस का विषय बन गया जब ऐसी खबरें आईं कि विठाबाई के पोते मोहित नारायणगांवकर ने 'ईथा' नाम पर आपत्ति जताई और मांग की कि टाइटल में दिवंगत कलाकार का पूरा नाम शामिल किया जाए। इस विवाद पर बात करते हुए, विठाबाई की सबसे बड़ी बेटी, 75 वर्षीय मंगला बनसोडे करावडीकर ने चिंताओं को खारिज कर दिया और बताया कि परिवार पूरी तरह से इस टाइटल का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, हमें फ़िल्म के टाइटल से कोई आपत्ति नहीं है। मैंने मोहित से बात की है और उनसे अनुरोध किया है कि वे इस बारे में आगे कोई बयान न दें। यह टाइटल सही है क्योंकि उन दिनों, जिन गांवों में मेरी मां परफॉर्म करती थीं, वहां के लोग अक्सर उन्हें 'ईथा' कहकर बुलाते थे।

## विक्की मानसून में भी कर रहे जोरदार वर्कआउट

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में बहुत कम समय में अपने अभिनय से पहचान बना चुके एक्टर विक्की कौशल फिटनेस को लेकर काफी सजग रहते हैं। उन्होंने फिटनेस के प्रति अपनी पूरी लगन की एक झलक फैंस के साथ साझा की। एक्टर ने अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया और कहा कि कोई छुट्टी नहीं है। विक्की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो क्लिप शेयर किया और कैप्शन में लिखा कि नो डेज ऑफ। वीडियो में एक्टर जबरदस्त 'बेयर क्रॉल' एक्सरसाइज करते हुए दिख रहे हैं। अनुशासित फिटनेस रूटीन बनाए रखने के लिए मशहूर विक्की अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जिम सेशन की झलकियां फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। विक्की अब संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे।



# तमन्ना ने किया लीना संग बैंकॉक में स्टेज शेयर...

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और के-पॉप ग्रुप ब्लैकपिंक की सिंगर लीजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों बैंकॉक के एक इवेंट में साथ नजर आ रही हैं। इस वीडियो में लीजा ने तमन्ना को हाथ जोड़कर नमस्ते करने के अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया है, जिसके बाद दोनों के बीच किसी कोलेबोरेशन की अटकलें लगाई जा रही हैं।हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने 'ब्लैकपिंक' की सिंगर लीजा के साथ पोज देती नजर आई हैं। सोशल मीडिया पर इस समय उनका वीडियो लीजा के साथ काफी वायरल हो रहा है। तमन्ना में शानदार एक्टिंग और डांस के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस बैंकॉक के एक इवेंट में पहुंचीं और वहां पर मशहूर 'ब्लैकपिंक' की सिंगर के साथ नजर आई है।




## पहले मिलता था कलाकारों को सुधार करने का मौका : मधु
# आज की अभिनेत्रियां शुरुआत से ही होती हैं परफेक्ट

*मुंबई। 90 के दशक की चर्चित अभिनेत्री मधु ने अपनी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। उन्होंने 'फूल और कांटे', 'रोजा', 'जेंटलमैन' और 'योधा' जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। वह लंबे समय तक फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा रहीं। मधु का मानना है कि उनके दौर की अभिनेत्रियों को खुद को निखारने और दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने का समय मिलता था, जबकि आज की अभिनेत्रियों के सामने शुरुआत से ही खुद को साबित करने की बड़ी चुनौती होती है।*

### अब जल्द आ जाता है नया चेहरा

मधु ने कहा, हम सभी का करियर काफी लंबा रहा। मैंने अपनी इच्छा से करीब 9 साल बाद फिल्मों से दूरी बना ली, लेकिन मेरी साथ की अभिनेत्रियां लगातार काम करती रहीं। उन्होंने समय के साथ खुद को बदला, नए किरदार अपनाए और दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाए रखी। आज की अभिनेत्रियों को इतना लंबा समय नहीं मिल पाता। वे पहली ही फिल्म में बेहद खूबसूरत और पूरी तरह तैयार नजर आती हैं, कुछ फिल्में करती हैं और फिर उनके जगह पर कोई नया चेहरा आ जाता है।



### अभिनेत्रियों के सामने बड़ी चुनौती

मधु ने आगे कहा, हमारे समय का फायदा यह था कि शुरुआत में परफेक्ट न होने के बावजूद हमें खुद को साबित करने का मौका मिलता था। आज की अभिनेत्रियां शुरुआत से ही परफेक्ट होती हैं, लेकिन उन पर पहली ही फिल्म से अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव रहता है। उन्हें काफी सपोर्ट मिलता है, लेकिन अगर पहली फिल्म में दर्शकों को प्रभावित नहीं कर पाईं तो उनके लिए आगे बढ़ना मुश्किल हो जाता है।

### हमें मिलता था दूसरा मौका

मधु ने अपना उदाहरण देते हुए कहा, अगर दर्शकों को हम पसंद नहीं आते थे, तो हमें दूसरा और तीसरा मौका भी मिलता था। मेरे 9 साल के करियर में हर फिल्म मेरे लिए सीखने का एक नया अवसर थी। मैं शुरुआत में उतनी अच्छी नहीं थी, लेकिन धीरे-धीरे बेहतर होती गई। दर्शकों ने मुझे खुद को सुधारने का समय दिया। मेरी पहली फिल्म 'फूल और कांटे' में मैं बेस्ट नहीं थी, लेकिन लोगों ने मुझसे जुड़ाव महसूस किया। इसके बाद मुझे अपने अभिनय के साथ-साथ हेयरस्टाइल, मेकअप और स्क्रीन प्रेजेंस जैसी चीजों में भी सुधार करने का मौका मिला।

# कम पानी-अवधि वाली फसलों का बढ़ाएं रकबा: सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक खेती में बड़ा स्कोप है। यह बड़े मुनाफे का काम है। किसानों को चाहिए कि वे परम्परागत खेती के स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाएं। मुख्यमंत्री ने इस साल अल्प वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रदेश के किसानों से अपील की है कि वे अपने कृषि कार्यों की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक योजना बनाएं तथा कम अवधि और कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों को विशेष प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं कृषि उत्पादन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर रही है।

कृषि, उद्यानिकी एवं संबंधित विभागों के माध्यम से जिलेवार सतत समीक्षा और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। डॉ यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जल संरक्षण और जल के विवेकपूर्ण उपयोग का विशेष महत्व है। कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग द्वारा जारी तकनीकी सलाह का पालन करते हुए परिस्थितियों के अनुरूप फसल चयन करें।

परम्परागत के स्थान पर अपनाएं जैविक एवं प्राकृतिक खेती


डॉ. यादव, मुख्यमंत्री (फाइल फोटो)

### सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। किसानों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन, कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा परिस्थितियों के अनुरूप हर संभव सहयोग सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं। सरकार का प्रयास है कि किसी भी किसान को कठिनाई का सामना न करना पड़े। डॉ यादव ने किसानों को मानसून और बारिश की अपडेट्स के लिए सोशल मीडिया आधारित मैसेजिंग सिस्टम पर विशेष जोर दिया है। बारिश कम होने की स्थिति में बीज उपचार, बुवाई की तकनीक, कम पानी में उपज देने वाली फसलों जैसे-बाजरा, ज्वार, उड़द, मूंग, अरहर, कोदो-कुटकी की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ऐसी फसलें कम पानी और कम अवधि में बेहतर उत्पादन के लिए अच्छा विकल्प हैं।

### श्रीअन्न के उत्पादन को दें प्राथमिकता, सरकार भी प्रसंस्करण एवं विपणन को कर रही प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से विशेष रूप से श्रीअन्न (मोटा अनाज) जैसे कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा सहित अन्य कम पानी में सफलतापूर्वक पैदा होने वाली फसलों का रकबा बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ये फसलें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के अनुरूप होने के साथ कम लागत, अधिक पोषण एवं किसानों की आय वृद्धि के बेहतर विकल्प की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी श्रीअन्न के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां अपनाकर ही उत्पादन और आय को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का अन्नदाता अपने अनुभव, परिश्रम और आधुनिक तकनीकों के समन्वय से हर चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है।

एक युवक गंभीर, चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की घटना

# तेज रफ्तार ट्राले की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में रविवार सुबह एक भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की है।



मिली जानकारी के अनुसार, चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंगुरसिया के पास रविवार सुबह करीब 10:40 बजे वाहन के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार 20 वर्षीय प्रकाश राठिया की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्रारंभिक जांच के दौरान करीब 21 वर्षीय एक अन्य युवक को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं 21 वर्षीय ज्ञानचंद मिर्धा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक तमनार क्षेत्र के ग्राम महलोई के निवासी थे और किसी काम से रायगढ़ आ रहे थे। इसी दौरान वे हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### गार्ड ऑफ ऑनर देकर शिक्षाविद् माहेश्वरी का देहदान संपन्न

**भोपाल।** 97 वर्षीय प्रतिष्ठित शिक्षाविद् भोपाल निवासी स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद माहेश्वरी का देहदान एम्स में संपन्न हुआ। उन्होंने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व स्वयं की इच्छा से देहदान का संकल्प लिया था, जिसे उनके पुत्र विपिन कुमार माहेश्वरी (आईपीएस अधिकारी) एवं परिवारजनों ने पूरा किया। मध्य प्रदेश शासन के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार देहदाता को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया तथा पूरे सम्मान के साथ उनका पार्थिव शरीर एम्स भोपाल लाया गया।

### दिव्यांगों की शिक्षा प्रोत्साहन आवेदन की तिथि 31 अगस्त तक

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना का वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन बुलाए गए हैं। सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को शिक्षा, तकनीक और गतिशीलता से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सादगीपूर्ण विवाह की प्रशंसा की

**भोपाल।** सीएम डॉ. यादव ने बैतूल में खंडेलवाल परिवार में हुए सादगी पूर्ण विवाह समारोह की प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और उनके परिवार को भेजे संदेश में कहा कि 3 जुलाई को परिवार द्वारा सीमित संख्या में अतिथियों को आमंत्रित कर सादगी पूर्ण विवाह समारोह संपन्न किया। परिवार ने आडंबर विहीन कार्यक्रम आयोजित कर बहुत कम संख्या में अतिथि बुलाकर उत्कृष्ट परंपरा का परिचय देते हुए एक उदाहरण प्रस्तुत किया।

ईवी बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा मप्र

# ग्रेफाइट के भंडार से 'क्रिटिकल मिनरल हब' के रूप में विकसित हो रहा प्रदेश: डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि खनिज संपदा की प्रचुरता और निवेश अनुकूल नीतियों से मध्यप्रदेश देश की औद्योगिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है। बैतूल से आलीराजपुर तक फैली खनिज बेल्ट में उच्च गुणवत्ता वाले ग्रेफाइट के विशाल भंडार मिलने से प्रदेश देश के उभरते 'क्रिटिकल मिनरल हब' के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है।

इस बेल्ट में हाई फिक्स्ड कार्बन और उत्कृष्ट फ्लेकी गुणवत्ता वाला ग्रेफाइट पाया गया है। इसे इलेक्ट्रिकल वाहन (ईवी), ऊर्जा भंडारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा उद्योगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह खोज मध्यप्रदेश को भविष्य की हरित अर्थव्यवस्था का प्रमुख केंद्र बनाने के साथ देश को हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

विश्वभर में इलेक्ट्रिकल वाहनों, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों की बढ़ती मांग के कारण लगातार बढ़ रही है इसकी आवश्यकता

**खास बातें**

- बैतूल से आलीराजपुर तक तेजी से हो रहा विकसित
- हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका


फाइल फोटो।

### घरेलू स्तर पर कच्चा माल उपलब्ध कराएगा

ग्रेफाइट लिथियम-आयन बैटरियों के एनोड निर्माण का प्रमुख कच्चा माल है। इलेक्ट्रिकल वाहनों, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों की बढ़ती मांग के कारण इसकी आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में मिल रहा उच्च गुणवत्ता वाला ग्रेफाइट ईवी उद्योग को गति देगा, ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं को सशक्त बनायेगा और पवन एवं सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए बैटरी निर्माण में सहायक बनेगा। इसके साथ ही रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों को भी घरेलू स्तर पर कच्चा माल उपलब्ध कराएगा।

### आदिवासी क्षेत्रों में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

बैतूल, आलीराजपुर तथा आस-पास के आदिवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों में ग्रेफाइट आधारित उद्योगों, प्रसंस्करण इकाइयों तथा रिफाइनरी परियोजनाओं की स्थापना से स्थानीय स्तर पर हजारों प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है। इससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। प्रदेश में उपलब्ध उच्च गुणवत्ता वाले ग्रेफाइट के कारण कम लागत पर खनन संभव होगा।

### आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भूमिका महत्वपूर्ण

उच्च गुणवत्ता वाले ग्रेफाइट, स्वर्ण, रेयर अर्थ मिनरल्स, तांबा, मैंगनीज, कोयला, डोलोमाइट तथा अन्य बहुमूल्य खनिजों की उपलब्धता, आधुनिक तकनीक आधारित खनन व्यवस्था, वैज्ञानिक अन्वेषण, बड़े निवेश और औद्योगिक नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण मध्यप्रदेश देश के सबसे महत्वपूर्ण खनिज एवं औद्योगिक राज्यों में तेजी से उभर रहा है।

### ग्रेफाइट औद्योगिक विकास का नया आधार

प्रदेश ग्रेफाइट संसाधनों में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। प्रदेश के बैतूल, आलीराजपुर और सीधी जिलों में उच्च गुणवत्ता वाले ग्रेफाइट के विशाल भंडार चिन्हित किए गए हैं। इन क्षेत्रों से प्राप्त ग्रेफाइट में उच्च स्थिर कार्बन की मात्रा होने के कारण यह इलेक्ट्रोड निर्माण, बैटरी उद्योग तथा अन्य उच्च तकनीकी औद्योगिक उपयोगों के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है। प्रदेश में ग्रेफाइट खनन के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन तब आया जब सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने गैर-कोयला खनन क्षेत्र में प्रवेश करते हुए आलीराजपुर जिले के खट्टाली छोटी ग्रेफाइट ब्लॉक का अधिग्रहण किया। इससे प्रदेश में बड़े स्तर पर व्यावसायिक ग्रेफाइट खनन का मार्ग प्रशस्त हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार बैतूल क्षेत्र के ग्रेफाइट शिस्ट में वेनेडियम जैसे महत्वपूर्ण क्रिटिकल मिनरल मिलने की भी संभावना है। इससे यह क्षेत्र देश के सबसे महत्वपूर्ण बहु-खनिज क्षेत्रों में शामिल हो जाएगा।

सांसद फिरोजिया ने अमित शाह को लिखा पत्र

# आतंकी पकड़ाने के बाद महाकाल मंदिर की सुरक्षा की फिर उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवास से हाल ही में एटीएस द्वारा एक संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी के बाद उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने एक बार फिर श्री महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। सांसद ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर महाकाल मंदिर की सुरक्षा में केंद्रीय रिजर्व फोर्स (सीआरपीएफ) की तैनाती की मांग की है।

सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि श्री महाकालेश्वर मंदिर विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिवर्ष लाखों-करोड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या और अधिक बढ़ेगी, इसलिए अभी से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है।

### पहले भी लिखा पत्र

फिरोजिया ने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को महाकाल मंदिर की सुरक्षा को लेकर पत्र लिखा था। उस पत्र के बाद केंद्र सरकार की टीम उज्जैन पहुंची थी, जिसने मंदिर परिसर और सुरक्षा व्यवस्था का सर्वे किया तथा अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी। सांसद का दावा है कि केंद्रीय गृह मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि सिंहस्थ से पहले महाकाल मंदिर की सुरक्षा के लिए केंद्रीय रिजर्व फोर्स की तैनाती की प्रक्रिया पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सांसद ने कहा कि देवास से जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी और उसके अन्य राज्यों से संपर्क सामने आने के बाद सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि उज्जैन के आसपास पहले भी सिमी और पीएफआई जैसी गतिविधियों की चर्चाएं रही हैं।

### सीएम से भी अतिरिक्त बल बढ़ाने की मांग

उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने उज्जैन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) से भी चर्चा कर मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने का आग्रह किया है। साथ ही मुख्यमंत्री से अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग की है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास गृह विभाग का भी प्रभार है, इसलिए उनसे अपेक्षा है कि सिंहस्थ और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया जाएगा। फिरोजिया ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि केंद्र सरकार महाकाल मंदिर की सुरक्षा को लेकर सकारात्मक निर्णय लेगी।

## नव-नियुक्त शिक्षकों के नियुक्ति आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


स्कूल शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षक (हिन्दी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान), माध्यमिक शिक्षक (खेल), माध्यमिक शिक्षक (गायन-वादन) के कुल 4067 एवं प्राथमिक शिक्षक के पदों पर 950 अभ्यर्थियों के नियुक्तियों आदेश 3 एवं 4 जुलाई 2026 को जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने चयनित सभी 5017 नव-नियुक्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जो विजन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अपनाया है, इन नियुक्तियों के रूप में मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

दिग्विजय के आरोपों को बताया निराधार

# दिग्विजय सिंह पहले अपने कार्यकाल का हिसाब दें : वीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजुराहो सांसद एवं पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने दिग्विजय सिंह के राम मंदिर और उज्जैन महाकाल मंदिर की जमीन से जुड़े आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि दिग्विजय सिंह किस तरह के बयान देते हैं। वीडी शर्मा ने कहा कि यदि राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े किसी भी मामले में अनियमितता की शिकायत आई है तो ट्रस्ट ने स्वयं संज्ञान लिया है, सरकार ने उनके ही अनुरोध पर एसआईटी गठित की गई और निष्पक्ष जांच जारी है। यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। महाकाल मंदिर की जमीन पर आरएसएस के गेस्ट हाउस बनाने के आरोपों पर भी वीडी शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह पहले अपने कार्यकाल का हिसाब दें।


वीडी शर्मा

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासनकाल में चरनोई भूमि के आवंटन को लेकर स्वयं दिग्विजय सिंह ने बाद में उसे अपनी बड़ी गलती बताया था। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह लगातार हिंदुत्व और सनातन पर सवाल खड़े कर उसे बदनाम करने की कोशिश करते रहे है, जबकि भाजपा सरकार पारदर्शिता के साथ हर मामले की जांच कर रही है।

डॉ. मुखर्जी के बलिदान ने भारत की एकता-अखंडता को किया मजबूत : नायब सिंह

# पंजाब का भविष्य दिल्ली नहीं, किसान युवा और जनता तय करेगी : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब का भविष्य दिल्ली की राजनीति से नहीं, बल्कि पंजाब के लोग तय करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के किसान, युवा, माताएं और बहनें ही पंजाब की दिशा और भविष्य निर्धारित करेंगे। भाजपा सत्ता के लिए नहीं, बल्कि पंजाब के लोगों की सेवा करने का अवसर मांग रही है। मुख्यमंत्री रविवार को पंजाब के पठानकोट में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है और यही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सैनी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।



उनका सपना प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर पूरा किया गया। आज पूरा देश एक संविधान और एक तिरंगे के तहत मजबूती से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षों में विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं। हरियाणा सरकार भी इसी मॉडल पर काम करते हुए पारदर्शी शासन, बिना पर्ची-खर्ची सरकारी नौकरियां, किसानों को एमएसपी पर खरीद, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 126वीं जयंती पर अखिल भारतीय जनसंघ का राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय जनसंघ द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 126वीं जयंती के अवसर पर रविवार को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर हॉल में भव्य राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, समाजसेवियों तथा बुद्धिजीवियों ने भाग लेकर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके राष्ट्रवादी विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन अखिल भारतीय जनसंघ के असम प्रदेश अध्यक्ष एवं सम्मेलन संयोजक रुगेश्वर खंडवाल ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं देशभर से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय बाद संगठन का इतना बड़ा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ है, जिसमें विभिन्न राज्यों की व्यापक भागीदारी देखने को मिली। सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद प्रफुल द्वारकादास गोराडिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य डॉ. भारत भूषण पांडेय ने की।

अपने स्वागत भाषण में रुगेश्वर खंडवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का व्यक्तित्व और कृतित्व देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री देश कुमार कौशिक, राष्ट्रीय शिक्षा मंत्री ए. जे. शर्मा, वी. के. रामनरेन्द्री, सुधेश भारद्वाज, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष कुंदी पांडेय, जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष डॉ. भारत रोशन पांडेय, गुजरात से गोपालभाई पटेल, अश्विनी दत्ता, अनिल कुमार शर्मा, संतोष तिवारी, डॉ. मोनिका राठौर, डॉ. सुरेश भारद्वाज, डॉ. ज्योति यात्री, डॉ. गोल्डी खन्ना, डॉ. रवि श्रीवास्तव, सी. एस. राव सहित विभिन्न राज्यों से आए अनेक राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## बरगद संस्था ने स्वास्थ्य समुदाय पहल के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के सौजन्य से बरगद संस्था द्वारा आयोजित ₹स्वस्थ समुदाय पहल₹ के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा जागरूकता शिविर का आयोजन ग्रेटर कैलाश एनक्लेव पार्ट 2 साईं इमेजिंग एंड डायग्रॉस्टिक्स में आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के सीएमडी राजन सहगल मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इसके अलावा अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं प्रसिद्ध कैंसर रोग सर्जन डॉ. एससीएल गुप्ता, ज्ञान दृष्टि संस्था के अध्यक्ष शिवशरण कुशवाहा मौजूद थे। गांधी ग्लोबल फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज जैना, बरार ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक बरार, ऑल एंबुलेंस ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राशीद मंसूरी सहित आदि संस्थाओं ने इस कार्यक्रम में सहयोग किया। इस चिकित्सा शिविर में मेदांता हॉस्पिटल का भी विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नोमिता गुप्ता, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. ताराचंद, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. तनेजा के साथ अस्पताल के विभिन्न डाक्टरों की टीम ने करीब 300 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की। जम्मू कश्मीर के पहलगांव में समाज सेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यकर रही युवा छात्रा महवीश हसन को उनकी सेवाओ के लिए तीस हजार का चैक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राजन सहगल ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए सामाजिक कार्य होते रहने चाहिए,वही डॉक्टर एससीएल गुप्ता ने कहा कि जो मरीज अपना इलाज कराने में सक्षम नहीं है उनका इलाज करने का बीड़ा हम लोगों ने उठाया है अभी यह एक शुरुआत है। बरगद संस्था के संस्थापक अध्यक्ष हरदयाल कुशवाहा ने कहा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच के इसी क्रम में एनबीसीएफ़डीसी और बरगद संस्था मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर को पचहत्तर यूनिट ब्लड दान के साथ मेंगा कैंप का आयोजन करेगी।

विस अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंपी रिपोर्ट

# विधानसभा समिति प्रणाली को और प्रभावी बनाने 11 सिफारिशें

विस समिति प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने 11 अनुशंसाएं तैयार कर अंतिम रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


फाइल फोटो।

मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति ने विधानसभा समिति प्रणाली को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के लिए 11 महत्वपूर्ण अनुशंसाएं तैयार कर अपनी अंतिम रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है। यह रिपोर्ट पश्चिम बंगाल विधानसभा, कोलकाता में आयोजित समिति की अंतिम बैठक के बाद प्रस्तुत की गई। समिति में मध्य प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और ओडिशा विधानसभा के अध्यक्ष शामिल थे। रिपोर्ट सौंपने के दौरान मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष रथीन्द्र नाथ बोस, सिक्किम विधानसभा अध्यक्ष मिंग्मा नोर्बु शेरपा तथा ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष सुरामा पाढी मौजूद रहे।

### समिति का गठन किया था

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी कार्यवाही में वित्तीय एवं तदर्थ समितियों की भूमिका को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इस समिति का गठन किया था। समिति ने तीन चरणों में बैठकें आयोजित कर विभिन्न विषयों पर विस्तृत मंथन किया। पहली बैठक 14 जुलाई 2025 को भोपाल, दूसरी 5 मई 2026 को जयपुर और तीसरी एवं अंतिम बैठक 4 जुलाई 2026 को कोलकाता में हुई। समिति ने अपनी रिपोर्ट में विधानसभा समितियों की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने के लिए 11 प्रमुख बिंदुओं पर सिफारिशें की हैं। इनमें समितियों की बैठकों की संख्या बढ़ाने, सदस्यों के कार्यकाल और कोरम की व्यवस्था, समितियों की अनुशंसाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विधेयकों को समितियों के पास भेजने की प्रक्रिया, समिति प्रतिवेदनों पर सदन में चर्चा, विशेषज्ञों को आमंत्रित करने, सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, मौखिक साक्ष्य के दौरान विभागीय अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति, बजट परीक्षण के लिए स्थायी समितियों का गठन, सलाहकार समितियों के गठन तथा अध्ययन दौरों के बाद की जाने वाली कार्रवाई जैसे विषय शामिल हैं।

## चिंतन

# शांति के लिए आतंक की जड़ों पर प्रहार जरूरी

जम्मू-कश्मीर में केवल आतंकियों के मारे जाने से आतंकवाद समाप्त नहीं होगा। पिछले तीन दशकों का अनुभव यही बताता है कि जब तक आतंक की जड़ों पर कड़ा प्रहार नहीं होगा, तब तक नए चेहरे पुराने आतंकियों की जगह लेते रहेंगे। सीमा पार से घुसपैठ, पाकिस्तान समर्थित आतंकी ढांचा, हवाला के जरिए फंडिंग, सोशल मीडिया के माध्यम से कट्टरपंथ का प्रसार और स्थानीय युवाओं की भर्ती, ये सभी आतंकवाद की वे जड़ें हैं, जिन्हें पूरी तरह उखाड़कर फेंकना जरूरी है। आतंकवाद की फैक्ट्री तभी बंद होगी, जब उसके हर स्रोत को एक साथ समाप्त किया जाएगा। तभी घाटी में स्थायी शांति स्थापित हो सकेगी। हाल के दिनों में सामने आई दो घटनाएं। पहली शोपियां में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों का मारा जाना और दूसरी, सरकारी स्कूलों के पुस्तकालयों में अलगाववादी विचारधारा वाली पुस्तकों का मिलना स्पष्ट संकेत देती हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सुरक्षा और वैचारिक, दोनों मोर्चों पर एक साथ लड़नी होगी। शोपियां में सुरक्षा बलों ने जिस सटीक रणनीति और खुफिया जानकारी के आधार पर लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को मार गिराया, वह भारतीय सुरक्षा तंत्र की बढ़ती क्षमता का प्रमाण है। इनमें से एक आतंकी जाकिर अहमद गनी पहलगाम आतंकी हमले के बाद जारी 14 मोस्ट वांटेड स्थानीय आतंकियों की सूची में शामिल था। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान ने यह साबित किया कि सुरक्षा एजेंसियां अब केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई नहीं कर रहीं, बल्कि आतंक के पूरे नेटवर्क को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इसी संदर्भ में सरकारी स्कूलों के पुस्तकालयों में अलगाववादी विचारों से जुड़ी सामग्री मिलने का मामला भी गंभीर चिंता का विषय है। यदि शिक्षा के माध्यम से युवाओं के मन में अलगाववाद या हिंसक सोच के प्रति सहानुभूति पैदा करने का प्रयास किया जाता है, तो यह भविष्य के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। प्रशासन द्वारा आठ अधिकारियों को निलंबित करना, संबंधित लेखकों और प्रकाशकों को ब्लैकलिस्ट करना और जांच के आदेश देना इस बात का संकेत है कि सरकार इस मामले को केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संभावित वैचारिक चुनौती के रूप में देख रही है। यदि शैक्षणिक सामग्री किसी भी रूप में हिंसा, अलगाववाद या राष्ट्र-विरोधी सोच को महिमामंडित करती है, तो उसकी निष्पक्ष समीक्षा और आवश्यक कार्रवाई होना स्वाभाविक है। हालांकि, सुरक्षा के साथ विकास भी उतना ही आवश्यक है। कश्मीर के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, खेल और तकनीकी अवसर उपलब्ध कराना होगा। जिस युवा के सामने सम्मानजनक भविष्य होगा, उसके आतंकवाद के रास्ते पर भटकने की संभावना स्वतः कम होगी। स्थानीय लोगों का विश्वास जीतना, लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना और विकास की गति तेज करना आतंकवाद के खिलाफ सबसे प्रभावी दीर्घकालिक रणनीति है। जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति तभी स्थापित होगी, जब सुरक्षा बल आतंकियों पर निर्णायक प्रहार करते रहें, प्रशासन आतंक के वैचारिक और आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त करे और समाज युवाओं को हिंसा के बजाय विकास का रास्ता दिखाए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी जीत तभी होगी, जब कश्मीर की नई पीढ़ी बंदूक नहीं, बल्कि किताब, कौशल और भविष्य का चुनाव करेगी। यही स्थायी शांति का सबसे मजबूत आधार है।



जयंती विशेष
नरेंद्र मोदी


# देश की एकता व प्रगति को समर्पित जीवन

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन साहस और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। उनके व्यक्तित्व में विद्वता, जनसेवा और उच्च नैतिक मूल्यों का अद्भुत संगम था। श्यामा प्रसाद का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जहां उन्हें सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन आसानी से मिल सकता था। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी की गिनती अपने समय के महान शिक्षाविदों में होती थी, लेकिन तमाम सुविधाओं के बावजूद श्यामा प्रसाद ने त्याग और राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना। उनका दृढ़ विश्वास था कि चाहे अंग्रेजी शासन का विरोध हो, सांप्रदायिकता से लड़ाई हो या मानवीय संकटों का सामना, वे अपने समय की इन चुनौतियों के सामने मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते।

आज, 6 जुलाई का दिन राष्ट्रवाद और निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास रखने वाले करोड़ों देशवासियों के लिए बहुत ही विशेष है। आज हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म-जयंती मना रहे हैं। उनका जीवन साहस और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व में विद्वता, जनसेवा और उच्च नैतिक मूल्यों का अद्भुत संगम था। आधुनिक भारत के कुछ ही नेताओं में इतने सारे गुण एक साथ देखने को मिलते हैं। श्यामा प्रसाद का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जहां उन्हें सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन आसानी से मिल सकता था। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी की गिनती अपने समय के महान शिक्षाविदों में होती थी, लेकिन तमाम सुविधाओं के बावजूद श्यामा प्रसाद ने त्याग और राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना।

उनका दृढ़ विश्वास था कि चाहे अंग्रेजी शासन का विरोध हो, सांप्रदायिकता से लड़ाई हो या मानवीय संकटों का सामना, वे अपने समय की इन चुनौतियों के सामने मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते। इस सफर में उन्हें कई गहरे व्यक्तिगत दुख भी झेलने पड़े। पहले उन्होंने अपने छोटे बच्चे को खोया और बाद में पत्नी का भी निधन हो गया। लेकिन इन दुखद परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने हौसले को कमजोर नहीं पड़ने दिया। उनका संकल्प और सशक्त हुआ, राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण और गहरा होता गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना था। देश के विभाजन के समय उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुछ वर्षों बाद इसी उद्देश्य से उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भी संघर्ष किया। जेल और नजरबंदी भी उन्हें रास्ते से डिगा नहीं सकी। जब नजरबंदी के दौरान उनका निधन हुआ, तब वे उन अनगिनत लोगों से बहुत दूर थे, जिनके लिए वे जीवनभर संघर्ष करते रहे।

इतिहास में कुछ ऐसे पल आते हैं, जब किसी व्यक्ति का सर्वोच्च बलिदान राजनीति से ऊपर उठकर देश की स्मृति का हिस्सा बन जाता है। डॉ. मुखर्जी का बलिदान भी ऐसा ही था। आचार्य विनोबा भावे ने कहा था कि डॉ. मुखर्जी ने उस उद्देश्य के लिए अपना बलिदान दिया, जिस पर उन्हें पूरा विश्वास था। दशकों बाद, साल 2019 में आर्टिकल 370 और 35(A) को हटाया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि थी। डॉ. मुखर्जी ने हमेशा राष्ट्रहित और भारतीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इसके लिए उन्होंने मजबूत संस्थानों का निर्माण किया और ऐसी व्यवस्थाएं बनाईं, जो उस समय की सोच से काफी आगे थीं। वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में ऐसे बदलाव किए, जो राष्ट्रहित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप थे। विद्यार्थियों में अपनी यूनिवर्सिटी के प्रति गर्व की भावना विकसित हो, इसके लिए उन्होंने 24 जनवरी को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाने की परंपरा शुरू की। उन्होंने गुरुदेव टैगोर से विश्वविद्यालय के लिए एक गीत लिखने का अनुरोध भी किया था। उनके जीवन के बाद के वर्षों में इस भावना का एक और उदाहरण तब देखने को मिला, जब उन्होंने भारतीय जनसंघ बनाने का निर्णय लिया। उस समय देश में हर तरफ कांग्रेस पार्टी का ही बोलबाला था। ऐसे में उन्होंने महसूस किया कि देश



को एक ऐसे नए विकल्प की बहुत जरूरत है, जो भारत की प्रगति की बात भी करे और हमारी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़ा रहे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्यकाल बेहद अहम रहा। उन्हें एक ऐसे राजनेता के रूप में याद किया जाता है, जिनका विजन बहुत विराट था। वे उद्योग को नए-नए आजाद हुए भारत के लोगों में सम्मान, अवसर और आत्मविश्वास का संचार करने का सशक्त माध्यम मानते थे। वे वेल्थ और वैल्यू क्रिएशन के महत्व को भली-भांति समझते थे। उन्होंने दामोदर वैली कॉरपोरेशन, सिंदरी उर्वरक संयंत्र और मजबूत औद्योगिक नीति जैसी ऐतिहासिक पहल की। इसके माध्यम से आधुनिक औद्योगिक भारत की नींव रखी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि भारत के पारंपरिक सामर्थ्य की कभी उपेक्षा न हो। वे हथकरघा, कुटीर उद्योग, कारीगरों और कपड़ा उद्योग से जुड़े श्रमिकों के हितों के भी प्रबल समर्थक थे। भारत की प्राचीन परंपरा सदियों से संवाद और विचार-विमर्श का सम्मान करती आई है। डॉ. मुखर्जी इस लोकतांत्रिक भावना के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने पंडित नेहरू के मंत्रिमंडल में शामिल होना इसलिए स्वीकार किया, क्योंकि वे मानते थे कि देश की आजादी के शुरुआती वर्षों में राष्ट्र निर्माण का दायित्व राजनीतिक मतभेदों से कहीं ऊपर है। उन्होंने पूरी निष्ठा और रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाया। जब उन्हें लगा कि राष्ट्रीय महत्व के कुछ प्रश्नों पर देशहित में अलग मार्ग अपनाना आवश्यक है, तो उन्होंने पूरी गरिमा के साथ अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने अपना पूरा जीवन उस राजनीतिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए समर्पित कर दिया, जिसे वे राष्ट्र के लिए आवश्यक मानते थे। 75 वर्ष पहले पंडित नेहरू पहला संविधान संशोधन लेकर आए। इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर सीधा प्रहार माना गया। तब डॉ. मुखर्जी इसके सबसे मुखर आलोचक रहे थे। वे भली-भांति समझ चुके थे कि कांग्रेस किस हद तक जा सकती है। समय के साथ उनकी यह आशंका सही साबित हुई। जो पार्टी 75 वर्ष पहले पहला संविधान संशोधन लेकर आई थी, उसी ने 1975 में देश पर आपातकाल थोपा। डॉ. मुखर्जी अपनी मानवीय संवेदनाओं और सेवाभाव के लिए भी विशेष रूप से जाने जाते हैं। वर्ष 1943 में जब बंगाल भीषण अकाल की त्रासदी से जूझ रहा था, तब उन्होंने पीड़ितों की सेवा में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। एक ओर वे लोगों की पीड़ा से बहुत व्यथित थे, वहीं दूसरी ओर ब्रिटिश हुकूमत की असंवेदनशीलता से अत्यंत आक्रोशित भी थे। उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त करने के लिए पंचाशेर मन्वंतर नाम की एक किताब भी लिखी।

1942 में जब मेदिनीपुर में भीषण चक्रवात आया, तब उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों का नेतृत्व किया। कोलकाता के एक कॉलेज में युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. मुखर्जी ने उनसे आग्रह किया था, ''आप जो भी कार्य करें, उसे पूरी गंभीरता, लगन और ईमानदारी से करें। किसी भी काम को कभी अधूरा न छोड़ें। तब तक स्वयं को संतुष्ट न मानें, जब तक आपने उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान न दे दिया हो।'' आज हमारा देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम प्रतिदिन उस भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास करें, जिसकी उन्होंने परिकल्पना की थी। एक ऐसा भारत जो सशक्त हो, एकजुट हो, आत्मविश्वास से भरपूर और संवेदनशील हो। देश के युवाओं पर मुझे पूरा विश्वास है कि वे इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे और इस संकल्प को साकार करने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाएंगे।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## ग्रामीण विकास दिवस
बलकार सिंह पूनियां



# उपलब्धियों के बीच अधूरी विकास यात्रा

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति का आकलन उसकी ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों और महानगरों की चमक-दमक से नहीं, बल्कि उसके गांवों की सामाजिक, आर्थिक और मानवीय स्थिति से किया जाता है। गांव केवल कृषि उत्पादन के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे संस्कृति, परंपरा, जैव विविधता, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता के आधार स्तंभ भी हैं। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष 6 जुलाईको मनाया जाने वाला विश्व ग्रामीण विकास दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह स्मरण कराने का अवसर है कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास नहीं होगा, तो सतत, समावेशी और न्यायपूर्ण विकास का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा। वर्ष 2026 की थीम-'लचीलेपन में निहितः कैसे ग्रामीण विकास गरीबी उन्मूलन, जलवायु कार्रवाई और साझा समृद्धि को बढ़ावा देता है'-वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक है। यह थीम बताती है कि ग्रामीण विकास अब केवल कृषि तक सीमित विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और आर्थिक समृद्धि का आधार बन चुका है। आज जब दुनिया आर्थिक असमानता, जलवायु संकट, खाद्य असुरक्षा और अनियंत्रित शहरीकरण जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब गांवों को विकास की मुख्यधारा में लाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र की विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार आज भी विश्व के अत्यधिक गरीब लोगों का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है। अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और बढ़ते तापमान ने कृषि आधारित अर्थव्यवस्थाओं को अस्थिर बना दिया है। इसलिए ग्रामीण विकास का अर्थ केवल सड़क, बिजली और भवन निर्माण तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि ऐसा सक्षम ग्रामीण समाज तैयार करना है जो संकटों का सामना करते हुए आत्मनिर्भर विकास का मार्ग प्रशस्त कर सके। भारत का अनुभव इस दिशा में आशा और चुनौती-दोनों का परिचायक है। पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना और सेवाओं के विस्तार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाने गांवों को बेहतर संपर्क प्रदान किया, जल जीवन मिशन ने करोड़ों परिवारों तक नल से जल पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने लाखों परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए। डिजिटल इंडिया, भारतनेट, जनधन-आधार-मोबाइल ट्रिनिटी और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी पहलों ने ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन और सरकारी सेवाओं की पारदर्शिता को नई दिशा दी है। आज गांव का नागरिक भी मोबाइल फोन के माध्यम से बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहा है। 'सरस' जैसे विपणन मंचों ने ग्रामीण उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। यह स्पष्ट करता है कि यदि ग्रामीण समुदायों को प्रशिक्षण, वित्त और बाजार उपलब्ध कराया जाए, तो वे आत्मनिर्भर विकास का सफल मॉडल प्रस्तुत कर सकते हैं। फिर भी यह तस्वीर पूरी तरह संतोषजनक नहीं कही जा सकती। ग्रामीण विकास की गति पूरे देश में समान नहीं है। अनेक गांव आज भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, उच्च शिक्षा, सिंचाई, डिजिटल कनेक्टिविटी, कृषि प्रसंस्करण और बाजार तक पहुंच जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। क्षेत्रीय असमानताएं विकास की गति को प्रभावित कर रही हैं और यही असमानता समावेशी विकास की सबसे बड़ी चुनौती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है, लेकिन कृषि स्वयं अनेक संकटों से घिरी हुई है। छोटे और सीमांत किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि उनकी आय अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पाई है। खेती की लागत बढ़ रही है, बाजार मूल्य अनिश्चित हैं और जलवायु परिवर्तन ने जोखिम को कई गुना बढ़ा दिया है। अनियमित मानसून, सूखा, बाढ़ और अत्यधिक तापमान का सीधा प्रभाव उत्पादन और किसानों की आय पर पड़ रहा है। विश्व ग्रामीण विकास दिवस हमें यह संदेश देता है कि विकास केवल आर्थिक वृद्धि का नाम नहीं है। वास्तविक विकास वही है जो सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय संतुलन, लैंगिक समानता और जनभागीदारी पर आधारित हो। आवश्यकता केवल नई योजनाएं बनाने की नहीं, बल्कि उनके प्रभावी, पारदर्शी और सहभागितापूर्ण क्रियान्वयन की है। विकसित भारत का मार्ग गांवों से होकर ही गुजरता है। जब प्रत्येक गांव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षित आजीविका, डिजिटल अवसर, जलवायु सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन की सुविधाओं से जुड़ जाएगा, तभी विकसित भारत और समृद्ध विश्व का सपना साकार होगा। यही विश्व ग्रामीण विकास दिवस का सबसे बड़ा संदेश है।

(लेखक सहायक प्रोफेसर, इग्नू नई दिल्ली हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## उद्यमो भैरवः



संकलित
**दर्शन**

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है?

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा- अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा- भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा- तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहा- भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अब तो चमत्कार से ही खत्म होगा भ्रष्टाचार

हाल ही में भगवान श्री राम जी की जन्मभूमि अयोध्या मंदिर में चढ़ावे की जो गड़बड़ी की खबरें सुर्खियां बनीं, उन्होंने एक बात तो शत-प्रतिशत सिद्ध कर दी कि मानवता के दुश्मन कुछ लोगों की बुद्धि लोभ और लालच ने इस कद्र भ्रष्ट कर दी है कि लोगों को न तो भगवान की लाठी का डर रहा है और न कानून की लाठी का। ऐसे लोगों को याद रखना चाहिए कि भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं और कानून के हाथ भी बहुत लंबे हैं। बेईमानी का खेल ज्यादा दिन नहीं चलता है। हमारे देश की राजनीति, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में जो खोट आए हैं, उनका एक सबसे बड़ा कारण है भ्रष्टाचार। अब जब लोग भगवान के घर में भी भ्रष्टाचार से नहीं डर रहे हैं, तो संभावना है कि भ्रष्टाचार अब किसी चमत्कार से ही खत्म होगा। *-रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# किम जोंग ने विध्वंसक पोत से हथियारों का परीक्षण देखा

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने नए 5,000 टन वजनी विध्वंसक पोत 'कांग कोन' पर लगी परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम क्रूज मिसाइल और अन्य हथियारों के परीक्षण का निरीक्षण किया। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। 'कांग कोन' पिछले साल जलावतरण समारोह के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था और बाद में इसकी मरम्मत की गई। यह परीक्षण परमाणु हथियारों से लैस नौसेना बनाने की किम की योजना के तहत किया गया उत्तर कोरिया का नवीनतम सैन्य शक्ति प्रदर्शन है। सरकारी समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में एक रणनीतिक क्रूज मिसाइल, 'कांग कोन' की मुख्य तोप और स्वचालित तोपों का परीक्षण किया गया। इसके अलावा पोत की इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों का परीक्षण और लक्ष्य का पता लगाने एवं सूचनाओं का विश्लेषण करने की उसकी क्षमताओं का आकलन भी किया गया। सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि किम ने तट से इन परीक्षणों का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को विध्वंसक पोत के परीक्षण पूरे कर उसे दो महीने के भीतर सेवा में शामिल किए जाने का निर्देश दिया।



## ऑफ बीट

# वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है



दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म-नियंत्रण का मामला है- कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी – बहुत कम चर्बी से भूखमरी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो वही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं। जब कोई व्यक्ति वजन घटाता है, तो शरीर इसे जीवन पर खतरे के रूप में देखता है- भूख वाले हार्मोन बढ़ते हैं, खाने की लालसा बढ़ती है और ऊर्जा खर्च घटता है। यह तंत्र कभी भूख और भोजन की अनिश्चितता में जीवन बचाने के लिए विकसित हुआ था, लेकिन आज यह चुनौती बन गया है। हमारा दिमाग भी वजन की रक्षा के लिए शक्तिशाली तंत्र रखता है और यह पुराने वजन को "याद" रख सकता है। इसका मतलब है कि यदि शरीर कभी भारी रहा है, तो दिमाग बाद में उसे सामान्य मानकर उसकी रक्षा करता है।

## X ट्रेंड

### अपूरणीय क्षति

प्रसिद्ध पंडवानी गायिका, पद्म विभूषण तीजन बाई के निधन की खबर अत्यंत दुखद है। उनका जाना देश की कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। ॐ शांति।
- **नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री



### सोलर एनर्जी

यह देखकर अच्छा लगता है कि रिहायशी इलाके रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सोलर एनर्जी को अपना रहे हैं। द्वारका में एयर फोर्स और नेवल ऑफिसर्स एन्क्लेव में 500 केवी के सोलर प्लांट का उद्घाटन, एक ज़्यादा हरे-भरे, आत्मनिर्भर और विकसित दिल्ली बनाने के बढ़ते संकल्प को दिखाता है।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली



### मेहनत का सबूत

बिहार के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को हार्दिक बधाई, जिन्होंने 15 साल की उम्र में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू करके इतिहास रचा है। इतनी कम उम्र में देश का प्रतिनिधित्व करना आपके हुनर, कड़ी मेहनत और लगन का सबूत है।
- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार



### बुनियादी मानक पूरे नहीं

उत्कृष्टता' का प्रवचन देने वालों को 'डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी' को पूरा करने में 11 साल लग गये। बनाया भी तो इतने निम्न स्तर का कि उत्कृष्टता तो दूर, गुणवता का एक भी बुनियादी मानक पूरा नहीं किया।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## लखनऊ में पारंपरिक अवधी स्टाइल में अनोखा आयोजन

# एक दिलचस्प और बेहद देसी सियासी रंग दिखा, मैंगो पार्टी में रणनीति और संगठन की एकजुटता का खाका तैयार किया

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की बिसात बिछनी शुरू हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के लखनऊ दौरे के पहले दिन रणनीतियों का दौर चला, वहीं दिलचस्प और बेहद देसी सियासी रंग देखने को मिला। रविवार को आम पर सियासी चर्चा की कहानी सामने आई है, जिसने सूबे के राजनीतिक पारे को गरमा दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सूबे के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के सरकारी आवास पर पहुंच। यहां पूरी तरह से पारंपरिक अवधी स्टाइल में एक अनोखी आम पार्टी का आयोजन किया गया। इस खास महफिल ने न सिर्फ सरकार और संगठन की एकजुटता दिखाई, बल्कि विपक्ष, विशेषकर अखिलेश यादव के खेमे में भी खलबली मचा दी है।

■ खाट चारपाई में दशहरी चौसा का आनंद

### गांव और पारंपरिक माहौल बना

पाठक के लॉन को बिल्कुल गांव और पारंपरिक माहौल में बदल दिया गया। वहां खाट-चारपाई पर जब देश की सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष , सीएम योगी , राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व पाठक एक साथ बैठे। नेताओं के सामने थाली में सजे थे विश्व प्रसिद्ध मलिहाबाद के दशहरी और चौसा आम।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के घर जमी भाजपा दिग्गजों की महफिल



आम पार्टी में भाजपाध्यक्ष नबीन और उत्तरप्रदेश के सीएम और डिप्टी सीएम

### बैठक के कई मायने निकाले जा रहे

आम उत्तर प्रदेश की संस्कृति और बातचीत का अहम हिस्सा है, लेकिन जब चुनाव सिर पर हों, तो आम का स्वाद भी सियासी हो जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, ब्रजेश पाठक के आवास पर हुई इस बैठक के 3 बड़े मायने हैं। पहला- पिछले कुछ समय से सरकार और संगठन के बीच चल रही तनातनी की अफवाहों पर इस एक तस्वीर ने पूर्णविराम लगा दिया। योगी, मौर्य और पाठक का एक साथ हंसते हुए आम खाना एकजुटता की गवाही है। चारपाई पर बैठकर आम खाना सीधे यूपी के ग्रामीण मतदाताओं और जमीनी कार्यकर्ताओं को यह अहसास कराता है कि उनके नेता पूरी तरह से जमीन से जुड़े हैं।

## इस 'केमिस्ट्री' ने सपा के नैरेटिव की हवा निकाली

सपा प्रमुख अखिलेश यादव लगातार भाजपा के भीतर अंदरूनी गुटबाजी का दावा करते रहे हैं। सपा का नैरेटिव रहा है कि यूपी भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है, लेकिन नबीन के सामने इस 'केमिस्ट्री' ने सपा के उस चुनावी एजेंडे की हवा निकाल दी है। इस अनौपचारिक 'आम बैठक में केवल स्वाद नहीं लिया गया, बल्कि बेहद आत्मीय माहौल में 2027 के चक्रव्यूह को अभेद्य बनाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

### अवधी अंदाज विपक्ष को देगा बड़ी चुनौती

जब एनडीए के शीर्ष नेता एक साथ बैठकर अनौपचारिक माहौल में आम खाते हैं, तो वहां केवल स्वाद की बात नहीं होती, बल्कि चुनावी रणनीति के बारीक धागे भी बुने जाते हैं। आम चखने के बहाने भाजपा ने उत्तर प्रदेश के कोर वोट बैंक और जमीनी कार्यकर्ताओं को यह संदेश दे दिया है कि शीर्ष नेतृत्व पूरी तरह से जमीन से जुड़ा हुआ है और आपसी समन्वय बेहद मजबूत है। भाजपा का यह आक्रामक और एकजुटता से भरा 'अवधी अंदाज' निश्चित रूप से आगामी चुनावों में विपक्षी दलों के सोशल इंजीनियरिंग के दावों को कड़ी चुनौती देने वाला है।

## खबर संक्षेप

### 10 बार विधायक रहे मोहनसिंह का निधन

**छोटा उदयपुर।** गुजरात के वरिष्ठ आदिवासी नेता और 10 बार विधायक रहे मोहनसिंह राठवा का रविवार को उनके पैतृक गांव उमरवा स्थित आवास पर निधन हो गया।



वह 82 वर्ष के थे। पिछले चार वर्षों से उनका स्वास्थ्य लगातार खराब था, जिसके कारण उन्होंने सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली थी। वे आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे।

### कोलकाता में मुखर्जी की प्रतिमा का चबूतरा तोड़ा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की घटना सामने आई है।



यह घटना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कोलकाता दौरे से एक दिन पहले घटी है। भाजपा ने इसे लेकर विरोध जताया है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सुकिया स्ट्रीट में घटना हुई है।

### आर्मी ट्रक-एंबुलेंस में भिड़ंत, 3 की मौत

**श्रीगंगानगर।** जिले के सूरतगढ़ में रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे नेशनल हाईवे-62 पर भीषण सड़क हादसा हो गया।



जयपुर से डिस्चार्ज होकर घर लौट रही महिला मरीज को ले जा रही प्राइवेट एंबुलेंस ने एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और सामने से आ रहे सेना के वाहन से टक्कर हो गई। इसमें 3 की मौके पर ही मौत हो गईए दो घायल हैं।

### जीएसटी अफसर के घर डकैती, बनाया बंधक

**अलवर।** शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित शालीमार नगर में शनिवार सुबह हुई दुस्साहसिक डकैती ने पूरे शहर को दहला दिया।



जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर ओमप्रकाश के घर तीन हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने घुसकर करीब डेढ़ घंटे तक परिवार को बंधक बनाए रखा। मारपीट की, धमकी दी। 15 तोला सोना, नकदी अन्य कीमती सामान लूट ले गए।

### विला में घुसा लुटेरा, 15 लाख की संपत्ति लूटी

**ग्रेटर नोएडा।** यहां के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी के एक विला में देर रात एक बदमाश ने घुसकर महिला को चाकू की नोक पर बंधक बना लिया और लाखों रुपए के जेवर व नकदी लूटकर फरार हो गया।



पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना से हाई-प्रोफाइल सोसाइटी के निवासियों में दहशत का माहौल है।

## पंजाब में चुनाव सिर पर और कांग्रेस को सता रहा पार्टी में टूट का डर

### कांग्रेस में बगावत का अंदेशा, अब डैमेज कंट्रोल में जुटीं प्रियंका

# एकजुटता की अपील हो रही बेअसर दो वरिष्ठ नेताओं को चंडीगढ़ भेजा

### चन्नी-वडिंग की तकरार खत्म करने आमने-सामने मुलाकात की रणनीति बनाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पंजाब में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं और कांग्रेस को पंजाब में पार्टी की टूट का डर है। राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं, लिहाजा पंजाब कांग्रेस में बनीं मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर वरिष्ठ नेत्री प्रियंका गांधी ने फिलहाल स्थिति संभालने की पहल की है। इसके लिए उन्होंने दो वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली से चंडीगढ़ भेजा है।हाईकमान की ओर से भेजे गए दोनों वरिष्ठ नेताओं ने चंडीगढ़ में शनिवार को चन्नी खेमे के कुछ वरिष्ठ नाराज नेताओं से बुलाकर वन-टू-वन मुलाकात कर उनसे फिलहाल स्थिति को शांत रखने की अपील की। उधर, पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी से भी फोन पर बात कर उनसे राहुल के आने तक कोई बड़ा फैसला न लेने का आग्रह किया गया है। हाईकमान द्वारा संपर्क करने के बाद शनिवार को चन्नी भी थोड़े नरम दिखे मगर उनके समर्थक चन्नी को सीएम फेस घोषित करने या उन्हें पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने की जिद पर अड़े रहे। समर्थकों का साफ कहना है कि उन्हें मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग का नेतृत्व स्वीकार नहीं है।

### कांग्रेस किसी तरह की 'कमी' नहीं छोड़ना चाहती

पंजाब कांग्रेस में हुई इस बगावत के बाद हाईकमान एकदम सक्रिय हो गया है, क्योंकि वे पार्टी में बिखराव को विरोधियों की ताकत बनने नहीं देना चाहता है। उधर, भाजपा की नजरें भी इस पूरे विवाद पर गड़ी है जबकि कई भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के नाराज नेताओं से संपर्क साध रखा है। पंजाब कांग्रेस सूबे में किसी तरह का खेला नहीं होने देना चाहती जबकि भाजपा इस अवसर को भुनाने से पीछे नहीं हटना चाहती।

### जिताऊ चेहरों को ही मिलेगा टिकट



कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने एक सवाल के जवाब में बताया कि टिकट वितरण की जिम्मेदारी हाईकमान की है। इस बार हाईकमान ने यह जरूर साफ कर दिया है कि टिकट वितरण मेरिट के आधार पर ही होगा और जिताऊ चेहरों को ही टिकट दिया जाएगा।

### राहुल के बयान भी चर्चा में

इसी साल फरवरी में राहुल गांधी ने बरनाला में रैली के दौरान पंजाब के कांग्रेसियों को सख्त लहजे में गुटबाजी से दूर रहते हुए एकजुट रहने की अपील की थी। राहुल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में मंच से कहा था कि पार्टी में गुटबाजी करने वाले नेताओं को हाशिये पर बैठा दिया जाएगा और उनका इलाज खरगे करेंगे। इस अपील के चार महीने बाद ही पंजाब कांग्रेस में भारी बगावत देखने को मिली। अब देखना यह है कि इस स्थिति में हाईकमान का क्या स्टैंड रहता है।

### यहां वरिष्ठ नेताओं का 'एका' अहम

हाईकमान के इस मसले पर बैकफुट पर आने के आसार बहुत कम है। पार्टी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि पंजाब की सत्ता चाहिए तो वरिष्ठ कांग्रेसियों को हर हाल में एकजुट करना होगा। हाईकमान पंजाब में चुनाव से पहले एक रथयात्रा निकालने की भी तैयारी कर रहा है। रूट फाइनल किया जा रहा है और इसकी शुरुआत करने राहुल गांधी पंजाब आ सकते हैं। इस रथ पर पंजाब के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे और मिलकर कांग्रेस की ओर से चुनाव प्रचार के पहले चरण की शुरुआत करेंगे मगर इससे पहले नाराज नेताओं से बातचीत कर उनके एतराज को दूर करने की पूरी कोशिश की जाएगी।

### कांग्रेस में मची खींचतान पर आप का बड़ा हमला

## आखिर कांग्रेस को कौन चला रहा ? इस पर बहस छिड़ी



पंजाब की सियासत में एक बार फिर गरमाहट आ गई है। प्रदेश कांग्रेस के भीतर चल रही अंदरूनी कलह को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप ) ने तीखा हमला बोला है। आप के पंजाब महासचिव बलतेज पन्नू ने कांग्रेस की इस गुटबाजी पर गहरा तंज कसा है। उन्होंने विपक्षी दल की सांगठनिक स्थिति पर सीधे सवाल उठाए हैं। न्नू ने सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में मचे इस घमासान के बीच कहा कि पंजाब की जनता आज यह जानने के लिए बेताब है कि आखिर कांग्रेस पार्टी को चला कौन रहा है? उनके इस बयान ने कांग्रेस के भीतर सुलग रही गुटबाजी की आग में घी डालने का काम किया है और पार्टी में नेतृत्व के संकट को फिर से बहस के केंद्र में ला दिया है।

### हर नेता खुद को आलाकमान समझ रहा

आप नेता ने कांग्रेस नेतृत्व की कमजोरी को उजागर करते हुए कहा कि पार्टी में हर नेता खुद को आलाकमान समझ रहा है। स्थिति यह हो गई है कि कार्यकर्ताओं को भी समझ नहीं आ रहा कि वे किस नेता के निर्देश का पालन करें। इस सांगठनिक भ्रम के कारण राज्य में मुख्य विपक्षी दल लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है।

### लखनऊ में नबीन की बड़ी बैठक

## चुनावों के लिए शह- मात का खेल शुरू, भाजपा ने यहां चुनावी तैयारियां और तेज की



हरिभूमि न्यूज ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की सियासी बिसात पर साल 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए शह-मात का खेल अभी से शुरू हो गया है। भाजपा ने सूबे की सत्ता पर दोबारा काबिज होने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को राजधानी लखनऊ में एनडीए सहयोगी दलों के साथ एक हाईप्रोफाइल बैठक हुई, जिसमें चुनावी दांव-पेंच और सीट शेयरिंग को लेकर लंबी चर्चा चली। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने साफ कर दिया कि इस सियासी जंग में एनडीए के सभी साथी एकजुट होकर मैदान में उतरेंगे। नबीन के तेवर काफी आश्वस्त नजर आए। उन्होंने गठबंधन में बेहतर तालमेल और समन्वय पर जोर देते हुए कहा भाजपा अपने बूते चुनाव लड़ने का माद्दा रखती है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी घटक दल मिलकर उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाएं।

### 2017 दोहराने का टारगेट

भाजपा हाईकमान का पूरा जोर इस वक्त सरकार और संगठन के बीच की खाई को पाटने पर है।मौर्य ने कहा कि सरकार और संगठन मिलकर काम करेंगे ताकि ऐतिहासिक जीत को दोहराया जा सके। मौर्य ने सपा पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि जनता को गुंडा राज, माफिया राज, परिवारवाद और दंगे नहीं चाहिए। उन्हें विकास और सुरक्षा चाहिए। कहा जा रहा कि भाजपा के लिए '2017 का फॉर्मूला' एक ऐसा बेंचमार्क है, जिसे वह हर हाल में पाना चाहती है।

### चौधरी और नबीन ने प्रबुद्धजनों से किया संवाद

लखनऊ में भाजपा के 'विशिष्ट जनसंपर्क अभियान' के तहत रविवार को अहम कार्यक्रम हुआ। नबीन ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ उत्तर प्रदेश के पद्म पुरस्कार से सम्मानित प्रबुद्धजनों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा की। विभूतियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके अनुभवों-सुझावों को अहम बताया। इसका उद्देश्य हस्तियों के विचारों को जनहित से जोड़ना है।

### विकसित भारत—जी राम जी

## चौहान ने राज्यों को 25,863 करोड़ रुपये की पहली किस्त दी, संसाधन उपलब्ध होंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विकसित भारत—गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी—जी राम जी के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा राज्यों को संचालन के लिए 25,863 करोड़ की पहली किस्त जारी की।चौहान ने कहा कि सरकार का संकल्प था कि 1 जुलाई से यह पूरे देश में बिना किसी व्यवधान के लागू हो। योजना में किसी भी प्रकार की संचालन संबंधी शिकायत नहीं है। गरीब मजदूर भाई-बहनों की सेवा ही भगवान की सेवा है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों को सम्मानजनक रोजगार, समय पर मजदूरी देना है।

### ग्रामीण श्रमिकों को सम्मान



### इसमें धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पहली किस्त राज्यों की मांग के आधार पर जारी की गई है और भविष्य में भी धन उपलब्ध कराया जाएगा। चौहान ने कहा कि ग्राम सभाएं और ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन करें ताकि गांवों का समग्र और सहभागी विकास सुनिश्चित हो सके।

### राज्यों को समय पर भुगतान दिया जाएगा

चौहान ने कहा कि विकसित भारत—जी राम जी के अंतर्गत मजदूरी दरों में औसतन लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अब देश के किसी भी राज्य में मजदूरी 300 प्रतिदिन से कम नहीं होगी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण श्रमिकों की आय और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक है। पहली किस्त का उद्देश्य राज्यों को समय पर संसाधन उपलब्ध कराना है।

### बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु की बड़ी चेतावनी

## हिंसा या औद्योगिक इकाइयों को निशाना बनाना बर्दाश्त नहीं, 3 गुना होगी वसूली

एजेंसी ▸▸ भवानीपुर

पश्चिम बंगाल की सरकार ने राज्य में कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने बेहद सख्त कदम उठाया है। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने साफ कर दिया है कि अब सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की खैर नहीं होगी। नए कानून के तहत उपद्रवियों से नुकसान की 3गुना कीमत वसूली जाएगी। भवानीपुर में नागरिक समाज और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों के साथ हुई बैठक में यह बड़ी चेतावनी दी।



### नए कानून के मुख्य बिंदु

जुर्माना न चुकाने की स्थिति में आरोपी की अपनी संपत्ति को कुर्क और नीलाम किया जाएगा। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों को 12 महीने तक बिना ट्रायल हिरासत में रखा जा सकता है। फैक्ट्रियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जबरन बंद कराने या नुकसान पहुंचाने पर सीधे जेल होगी।

### मैं संविधान से बंधा हुआ हूं इसलिए

सुवेंदु ने भवानीपुर के वोटरों को संबोधित किया। अलीपुर में मीटिंग में सुवेंदु ने कहा कि हमने पुराने जानवरों को मारने के नियमों पर नए एक्ट को लागू करने के लिए कहा। मैं इससे ज़्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि मैं संविधान से बंधा हुआ हूं।

### महिला कर्मचारियों की भूमिका अहम

## प्रधानमंत्री ने चिप संयंत्र में भागीदारी को 'गर्व से' सराहा

एजेंसी ▸▸ पनई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के तेजी से विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर उद्योग में युवा कार्यबल, विशेषकर दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों से आने वाली महिला कर्मचारियों की भूमिका को रेखांकित किया।उन्होंने गुजरात के सानंद में एक दिन पहले सीजी सेमी आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट सुविधा का उद्घाटन करने के बाद आई है। 'एक्स' पर प्रधानमंत्रीने कहा कि गुजरात के सानंद में नव उद्घाटित सेमीकंडक्टर संयंत्र में कर्मचारियों के साथ उनकी बातचीत इस दौरे के सबसे विशेष क्षणों में से एक रही। इस संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग देश के दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं का है, जिनमें कई आदिवासी समुदायों से हैं। उन्होंने प्रशिक्षण लिया और वे भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा को नई ताकत दे रही हैं। उन्होंने लिखा, हमारी युवा शक्ति पर गर्व! देश की महिलाएं और युवा सराहनीय काम कर रहे हैं।



### मौसम विभाग ने 15 राज्यों में भारी 'परेशानी' की चेतावनी दी

## 60 किमी प्रति घंटे तक चलेंगी हवाएं, तूफानी बारिश होगी



### दिल्ली से लेकर तमिलनाडु तक बारिश का सिलसिला शुरू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली से लेकर तमिलनाडु तक बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने 15 राज्यों में अगले 10 घंटे के अंदर भीषण बारिश, आंधी और तूफान का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में बारिश के दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं, जिसकी रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। इसलिए लोगों से अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। इन हवाओं से किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंच सकता है।



### हिमाचल में चंद्रभागा नदी पर बनी 1 किमी लंबी झील

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिला में नई मुसीबत पैदा हो गई है। पिछले कुछ दिनों से जाहलमा नाले में पानी के साथ बड़े-बड़े पत्थर व मलबा आ रहा है, जिससे चंद्रभागा नदी में झील बन रही है। एक किलोमीटर से ज्यादा क्षेत्र में यह झील बन गई है। जोबरंग पुल व आसपास के खेत डूब गए हैं। पानी जोबरंग पुल के ऊपर से बह रहा है।

### दिल्ली में 15 फ्लाइट रद्द, जयपुर और लखनऊ डाइवर्ट

दिल्ली एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण 15 फ्लाइट को डायवर्ट करना पड़ा। 10 डोमेस्टिक और 5 इंटरनेशनल फ्लाइट्स को जयपुर और लखनऊ डायवर्ट किया गया।

### मुंबई में बारिश से पेड़ गिरने पर एक और शख्स की मौत



**मुंबई।** मुंबई में भारी बारिश से बीच पेड़ गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इस सीजन यह मुंबई की दूसरी घटना है। इससे पहले स्कूल बस पर पेड़ गिरने से विहान श्रीवास्तव की मौत हुई थी।

# अब लोन व वसीयत में मिले पैसे की देनी होगी जानकारी, टैक्स पर नहीं पड़ेगा असर

## आयकर विभाग ने अपनी ऑनलाइन फाइलिंग वेबसाइट में नया कॉलम जोड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देशभर में असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) भरने का सिलसिला शुरू हो चुका है। अगर आप भी इस साल अपना टैक्स रिटर्न दाखिल करने की तैयारी कर रहे हैं, तो ई-फाइलिंग पोर्टल पर आपको एक बहुत बड़ा बदलाव नजर आएगा। आयकर विभाग ने अपनी ऑनलाइन फाइलिंग वेबसाइट के साथ-साथ जेसन यूटिलिटी में एक बिल्कुल नया कॉलम जोड़ दिया है। इस नए सेक्शन का नाम 'रिसिप्ट नाट इन दी नेटर ऑफ इनकम' रखा गया है। टैक्स फाइलिंग प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के मकसद से यह नया विकल्प फिलहाल केवल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पेश किया गया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि अगर आप सरकार की तरफ से नोटिफाई किए गए आधिकारिक आईटीआर फॉर्म का पीडीएफ वर्जन देखेंगे, तो उसमें यह कॉलम कहीं नजर नहीं आएगा। इसे मुख्य रूप से ऑनलाइन फाइलिंग पोर्टल और डिजिटल यूटिलिटी का ही हिस्सा बनाया गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि जब आप अपना रिटर्न ऑनलाइन सबमिट करने जाएंगे, तभी आपको इस नए सेक्शन में अपनी वित्तीय जानकारी दर्ज करनी होगी।

### टैक्स देनदारी पर नहीं पड़ेगा असर

इस नए अपडेट से आम करदाता को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। टैक्स मामलों के विशेषज्ञों ने स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट कर दी है। इस नए कॉलम के जुड़ने से आपकी टैक्स देनदारी पर एक रुपये का भी अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने वाला है। वेद जैन एंड एसोसिएट्स के पार्टनर अंकित जैन के अनुसार, अब तक करदाताओं के लिए सिर्फ 'एक्जेम्ट इनकम' यानी टैक्स-फ्री कमाई का ब्योरा देना अनिवार्य होता था, जो नियम आगे भी जस का तस लागू रहेगा। हालांकि, इस नए विकल्प के जरिए आयकर विभाग केवल उन पैसों का स्पष्ट हिसाब मांग रहा है, जो देखने में आपकी आय जैसे लग सकते हैं, लेकिन कानूनी रूप से वे आपकी आय का हिस्सा नहीं होते।



### नए कॉलम में सभी प्राप्तियों की घोषणा करनी है

अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि इस नए सेक्शन में आखिर किन पैसों का जिक्र करना होगा। टैक्स एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस कॉलम में आपको उन सभी प्राप्तियों की घोषणा करनी है जो आय की परिभाषा में फिट नहीं बैठती हैं। इनमें मुख्य रूप से किसी बैंक, वित्तीय संस्थान या व्यक्ति से लिया गया कर्ज, वसीयत या विरासत में मिली कोई भी संपत्ति या नकद रकम शामिल है। इसके अलावा, अगर आपने अपनी कोई निजी संपत्ति बेची है या किसी ग्रामीण इलाके में मौजूद कृषि भूमि की बिक्री से आपको कोई बड़ी रकम मिली है, तो उसकी जानकारी भी आपको इसी जगह देनी होगी।

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने बैंक ऑफ बड़ौदा पर जुर्माना लगाया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि नियामकीय मानकों के कुछ प्रावधानों के अनुपालन में कमी पाए जाने पर बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) पर 63.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि 31 मार्च, 2025 तक की वित्तीय स्थिति के आधार पर बैंक का वैधानिक निरीक्षण किया गया था और इसके बाद उसे नोटिस जारी किया गया। बैंक से मिले जवाब पर विचार करने के बाद आरबीआई ने पाया कि कुछ ऋण खातों में बैंक ने तय ब्याज दर से अधिक ब्याज वसूला।

### चालू वित्त वर्ष में वस्तु व सेवा निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य : गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने चालू वित्त वर्ष में वस्तु निर्यात



को बढ़ाकर करीब 530 अरब डॉलर तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जो लगभग 16-17 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। गोयल ने यहां 'व्यापार बोर्ड' की बैठक में कहा कि सेवा क्षेत्र के निर्यात के लिए 2026-27 में लगभग 470 अरब डॉलर का लक्ष्य रखा गया है।

### मांग बढ़ने से बीते सप्ताह मूंगफली तेल में सुधार

**नई दिल्ली।** सूरजमुखी तेल से सस्ता होने तथा बिनौला तेल की उपलब्धता बेहद कम रहने के बीच मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल-तिलहन तथा कम उपलब्धता के बीच मांग बढ़ने से बिनौला तेल के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। ऊंचे दाम पर कमजोर लिवाली से सरसों तेल-तिलहन, बीते सप्ताह प्लांट वालों द्वारा खरीद का दाम घटाने की वजह से सोयाबीन तेल-तिलहन, लागत से नीचे दाम की बिकवाली की वजह से कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### पश्चिम एशिया तनाव कम होने के बाद सरकार ने उठाया कदम

# एलएनजी आपूर्ति सामान्य होने पर सरकार ने गैस पर लगाए आपात 'प्रतिबंध' वापस लिए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और होर्मुज जलडमरूमध्य से एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति सामान्य होने के बाद केंद्र सरकार ने प्राकृतिक गैस आपूर्ति पर लगाए गए अधिकांश आपातकालीन प्रतिबंध वापस ले लिए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश, 2026 में संशोधन करते हुए उन प्रमुख प्रावधानों को हटा दिया, जिनके तहत घरेलू और आयातित गैस की आपूर्ति सरकार द्वारा तय प्राथमिकता सूची के अनुसार की जा रही थी। सरकार ने यह आपात व्यवस्था नौ मार्च को पश्चिम एशिया में संघर्ष के आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत लागू की थी। उस समय अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों और उसके जवाब में ईरानी कार्रवाई के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से एलएनजी की आवाजाही प्रभावित हो गई थी। कई आपूर्तिकर्ताओं ने अप्रत्याशित स्थिति (फोर्स मेज्योर) को लागू कर दिया था, जिससे भारत सहित कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका पैदा हो गई थी।

■ अब तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति हुई सामान्य




### समुद्री यातायात फिर से शुरू हो चुका

मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा कि अब क्षेत्र में युद्धविराम लागू है, बातचीत जारी है और होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात फिर से शुरू हो चुका है। ऐसे में गैस आपूर्ति पर लगाए गए आपात प्रतिबंधों को जारी रखने की आवश्यकता नहीं रह गई है। पश्चिम एशिया संकट के दौरान सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तीन बड़े कदम उठाए थे।

### एलएनजी उत्पादन बढ़ाना का दिया था निर्देश

इनमें प्राकृतिक गैस आपूर्ति का नियंत्रण, रिफाइनरियों को पेट्रोरसायन के फीडस्टॉक की जगह एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश और थोक उपभोक्ताओं को डीजल की बिक्री सीमित करना शामिल था। एलपीजी उत्पादन और डीजल बिक्री से जुड़े दोनों प्रतिबंध पहले ही वापस लिए जा चुके हैं, जबकि अब गैस आपूर्ति से जुड़े प्रावधान भी समाप्त कर दिए गए हैं।

### जरूरत का 88 प्रतिशत आयात के जरिए पूरा होता है

भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस की करीब आधी आवश्यकता आयात के जरिये पूरी करता है। देश के कुल कच्चे तेल आयात का 40-45 प्रतिशत और एलएनजी आयात का करीब 65 प्रतिशत पश्चिम एशिया से आता है। यही वजह है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह का व्यवधान भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती माना जाता है।

### आवंटन का अधिकार सरकार के पास था

मार्च में लागू आपात आदेश के तहत घरेलू गैस, आयातित एलएनजी और री-गैसीफाइड एलएनजी के आवंटन का अधिकार सरकार के पास था। उस समय घरों को आपूर्ति की जाने वाली पाइप वाली गैस (पीएनजी), परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी, एलपीजी उत्पादन और पाइपलाइन संचालन को उनकी औसत खपत के आधार पर पूरी आपूर्ति सुनिश्चित की गई थी।

### उर्वरक संयंत्रों को 70 फीसदी गैस देने का प्रावधान किया था

उर्वरक संयंत्रों को उनकी औसत जरूरत का 70 प्रतिशत और औद्योगिक उपभोक्ताओं को 80 प्रतिशत गैस उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया था। इन प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए पेट्रोरसायन संयंत्रों और गैस आधारित बिजलीघरों की गैस आपूर्ति में कटौती की गई थी। वहीं, तेल रिफाइनरियों को भी अपनी औसत गैस खपत लगभग 65 प्रतिशत तक सीमित रखने के निर्देश दिए गए थे।

# एसबीआई करेगा 1,500 प्रोबेशनरी अधिकारियों की इस वर्ष नियुक्ति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने कारोबार के विस्तार को गति देने के लिए इस वर्ष 1,500 'प्रोबेशनरी' यानी प्रशिक्षु अधिकारियों की भर्ती करने की योजना बनाई है। एसबीआई द्वारा जारी भर्ती अधिसूचना के अनुसार, कुल 1,500 पदों में 1,446 नियमित रिक्तियां हैं, जबकि 54 पद लंबित श्रेणी की रिक्तियों के हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि आठ जुलाई है और बैंक को उम्मीद है कि पूरी भर्ती प्रक्रिया दिसंबर तक पूरी कर ली जाएगी। पात्रता मानदंड के अनुसार, आवेदक किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए तथा एक अप्रैल, 2026 तक उसकी न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। बैंक ने कहा कि वह बदलती और बहुआयामी बैंकिंग जरूरतों के अनुरूप सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पेशेवरों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों सहित विविध पृष्ठभूमि के पेशेवरों की सीधी (लैटरल) भर्ती भी करता है। इन विशेषज्ञ अधिकारियों की नियुक्ति डेटा सेंटर, सूचना प्रौद्योगिकी, जोखिम प्रबंधन, विधिक, कोषागार (ट्रेजरी), अनुपालन और डेटा विश्लेषण जैसे प्रमुख कार्यक्षेत्रों में की जाती है।

■ अधिसूचना के अनुसार 1446 नियमित और 54 पद लंबित श्रेणी के लिए

### 4,640 अधिकारियों की नियुक्ति की

बैंक की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में एसबीआई ने 4,640 अधिकारियों, 19,340 सहायक कर्मचारियों (एसोसिएट्स) और 1,653 कर्मचारियों की अनुबंध पर नियुक्ति की।

### नौकरी छोड़ने की वार्षिक दर एक फीसदी से कम

वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि एसबीआई में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की वार्षिक दर लगातार एक प्रतिशत से कम रही है। वित्त वर्ष 2025-26 में यह दर लगभग 0.97 प्रतिशत रही, जो बैंकिंग उद्योग में सबसे कम दरों में से एक है। यह कर्मचारियों की मजबूत प्रतिबद्धता, संस्थान की स्थिरता और कर्मचारी-केंद्रित नीतियों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है।

# कच्चे तेल की कीमतें तय करेंगी बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



इस सप्ताह शेयर बाजार का रुख कच्चे तेल की कीमतों, वैश्विक रुझानों और कंपनियों के तिमाही नतीजों की शुरुआत से तय होगा। विश्लेषकों ने यह कहा। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टीसीएस नौ जुलाई को अपने जून तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित करेगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी बाजार की चाल को प्रभावित करेंगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, निवेशक नौ जुलाई को आने वाले टीसीएस के तिमाही नतीजों पर करीबी नजर रखेंगे।

# सार्वजनिक बैंकों में जमा की रफ्तार रही धीमी

**मुंबई (एजेंसी)।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत शुरुआत की। कर्ज में दहाई अंक में वृद्धि हुई जबकि जमा जुटाने की गति ऋण में हुई बढ़ोतरी के मुकाबले धीमी रही। कम लागत वाले चालू खाता बचत खाता (कासा) जमा पर दबाव के बावजूद, खुदरा कर्ज वृद्धि का मुख्य इंजन बने रहे। एकत्रित आंकड़ों के अनुसार 12 सरकारी बैंकों में से नौ बैंकों के 30 जून को समाप्त तिमाही के शुरुआती कारोबारी आंकड़ों से पता चलता है कि कर्ज में सालाना आधार पर लगभग 12 प्रतिशत से 29 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई, जबकि जमा में 3.5 प्रतिशत से 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इससे पता चलता है कि जमा जुटाने की गति धीमी होने के बावजूद कर्ज की मांग बनी हुई है। बड़े बैंकों में, बैंक ऑफ बड़ौदा ने जमा में 13.8 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले वैश्विक ऋण में सालाना आधार पर 17.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि बैंक ऑफ इंडिया ने कर्ज में 18.64 प्रतिशत और जमा में 14.92 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

# सोने की कीमत मजबूत बने रहने की संभावना : विश्लेषक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोने की कीमत अगले सप्ताह मजबूत बने रहने की संभावना है। निवेशक अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में वृद्धि के बारे में और संकेत पाने के लिए अमेरिका और अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे। कारोबारी अमेरिकी सेवा पीएमआई, व्यापार आंकड़े और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के साथ-साथ यूरो क्षेत्र, चीन, जापान और जर्मनी के महंगाई के आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे। वैश्विक घटनाक्रम या कच्चे तेल की कीमतों में किसी भी बदलाव से कीमती धातुओं में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा शोध) प्रणव मेर ने कहा, 'घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में सोने की कीमतों को समर्थन मिलने की संभावना है।' मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त डिलीवरी के लिए सोने के वायदा भाव में लगातार चार सप्ताह की गिरावट के बाद तेजी आई।

■ निवेशकों की नजर अमेरिकी के आर्थिक आंकड़ों पर होगी



### सोना शुरूआती गिरावट से उबर गया

मेर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में 4,000 डॉलर प्रति औंस से नीचे बने रहने की कई नाकाम कोशिशों के बाद सोना शुरुआती गिरावट से उबर गया। सप्ताह के अंत में सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। रूस और यूक्रेन के बीच नए तनाव ने भी सर्राफा की मांग को समर्थन दिया। विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार, केंद्रीय बैंकों ने मई में अपने रिजर्व में कुल 41 टन सोना जोड़ा।

### मध्यम वर्ग भारत की वृद्धि के इंजन : सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत का मध्यम वर्ग देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य इंजन है और लगभग 500 शहर देश के नए आर्थिक गतिविधि केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। फ्रांस के प्रमुख आर्थिक मंच 'रॉन्कोंट्रेस इकॉनमिक द ऐक्स-एन-प्रोवेन्स' में 'नए मध्यम वर्ग के उदय को कैसे बढ़ावा दिया जाए' विषय पर आयोजित चर्चा में सीतारमण ने कहा कि वर्तमान में भारत की लगभग 31 प्रतिशत आबादी मध्यम वर्ग में शामिल है। उन्होंने बताया कि भारत में आर्थिक उदारीकरण के बाद से मध्यम वर्ग सालाना आधार पर लगभग 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

# सेबी ने दी 'ओपन मार्केट बायबैक' को मंजूरी, 1 अगस्त से होगा लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शेयर बाजार में पैसा लगाने वाले निवेशकों के लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी ने एक बड़ा फैसला लिया है। एक अगस्त से शेयर बाजार में 'ओपन मार्केट शेयर बायबैक' का रास्ता फिर से खुलने जा रहा है। यानी, अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं, तो अब आपको अपनी हिस्सेदारी बेचने का एक और पारदर्शी विकल्प मिलने वाला है। पहले सेबी ने इस प्रक्रिया पर पूरी तरह रोक लगाने की तैयारी कर ली थी, लेकिन अब नियमों में अहम बदलाव के साथ इसे दोबारा हरी झंडी दे दी गई है। कुछ समय पहले तक, सेबी ओपन मार्केट बायबैक को धीरे-धीरे पूरी तरह से बंद करने के पक्ष में था। रेगुलेटर का मानना था कि पुराने टैक्स नियमों के कारण निवेशकों के बीच एक तरह की असमानता पैदा हो रही थी। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। टैक्स व्यवस्था में सुधार लागू होने के बाद, सेबी ने अपना पुराना रुख बदल लिया है। अब इसे मौजूदा 'टेंडर ऑफर' के साथ एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में पेश किया गया है। इस फैसले के पीछे का मुख्य उद्देश्य कंपनियों का खर्च घटाना, बायबैक की प्रक्रिया को तेज करना और शेयर बाजार में भारी गिरावट के वक्त शेयरों की कीमतों को गिरने से बचाना है।




### क्या होता है शेयर बायबैक?

दरअसल, जब कोई शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी अपने ही मौजूदा निवेशकों से अपने शेयर वापस खरीद लेती है, तो इस पूरी प्रक्रिया को 'शेयर बायबैक' कहा जाता है। कंपनियां बाजार से अपने शेयर वापस लेने के बाद आमतौर पर उन्हें रद्द कर देती हैं। शेयर कैंसल होने से बाजार में उस कंपनी के कुल शेयरों की संख्या घट जाती है। इससे कंपनी की वित्तीय सेहत मजबूत दिखती है और लंबी अवधि में निवेशकों को फायदा मिलता है।

### टेंडर ऑफर से अलग है ओपन मार्केट बायबैक

मौजूदा समय में ज्यादातर कंपनियां टेंडर ऑफर का इस्तेमाल करती हैं, जहां वे एक तय कीमत पर निवेशकों से शेयर खरीदती हैं। लेकिन ओपन मार्केट बायबैक का तरीका बिल्कुल अलग है।

## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 6278




**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 6277 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |



# 70वें मिनट में एमबाप्पे का 'मास्टरस्ट्रोक'



## फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से हराया क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का

## एमबाप्पे का 19वां वर्ल्ड कप गोल पराग्वे का सफर खत्म

एजेंसी ▶▶ फिलाडेल्फिया

स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने अपने पांव का जादू दिखाते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पराग्वे के खिलाड़ियों ने एमबाप्पे को खुलकर खेलने से रोके रखा और इस बीच उन्हें भड़काने की भी कोशिश की। यह दिग्गज खिलाड़ी हालांकि शांत बना रहा और इस बीच मुस्कुरा कर खेल का पूरा आनंद भी लेता रहा। यही वजह थी कि जब फ्रांस को 70वें मिनट में पेनल्टी मिली तो उन्होंने बड़ी सहजता से पराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल को छकाकर उस पर गोल कर दिया। एमबाप्पे के विश्व कप करियर का यह 19वां गोल था, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

### लगातार चौथी बार क्वार्टर फाइनल में फ्रांस

भीषण गर्मी में खेले गए इस मैच में एमबाप्पे के इस गोल ने फ्रांस को लगातार चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। एमबाप्पे ने बाद में कहा, 'हम जानते थे कि इस मैच में क्या होने वाला है। हम भी आक्रामक हो सकते थे लेकिन हम जानते हैं कि कैसे खेलना है। हमें पता है कि आक्रामक फुटबॉल कैसे खेलते हैं। शायद वे सोच रहे थे कि हम सूट-बूट में आएंगे, लेकिन हम तैयार थे।' फ्रांस क्वार्टर फाइनल में गुरुवार को मैसाचुसेट्स के फॉक्सबोरो में मोरक्को का सामना करेगा।

### मेस्सी के रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे एमबाप्पे

एमबाप्पे सभी विश्व कप में कुल मिलाकर सर्वाधिक गोल करने के मामले में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के करियर रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं। इस टूर्नामेंट में एमबाप्पे और मेस्सी दोनों के सात-सात गोल हैं और वे 'गोल्डन बूट' की दौड़ में शीर्ष पर हैं। एमबाप्पे ने पिछले विश्व कप में यह पुरस्कार जीता था लेकिन तब उनकी टीम फाइनल में अर्जेंटीना से हार गई थी।



### 'गोल्डन बूट' की दौड़ बनी रोचक



**फिलाडेल्फिया।** फ्रांस के काइलियन एमबाप्पे ने पराग्वे के खिलाफ राउंड ऑफ 16 में पेनल्टी किक पर गोल दागकर अपने विश्व कप करियर का 19वां और मौजूदा टूर्नामेंट का सातवां गोल करके अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के साथ 'गोल्डन बूट' की दौड़ रोचक बना दी। इन दोनों खिलाड़ियों ने वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक सात-सात गोल किए हैं और वह टूर्नामेंट में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को मिलने वाले 'गोल्डन बूट' की दौड़ में सबसे आगे हैं। नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड और इंग्लैंड के हैरी केन पांच-पांच गोल के साथ 'गोल्डन बूट' की दौड़ में अगले स्थान पर हैं। अपना छठा विश्व कप खेल रहे मेस्सी ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर सर्वाधिक 20 गोल किए हैं और इस तरह से एमबाप्पे इस रिकॉर्ड के मामले में उनसे केवल एक गोल पीछे हैं। यही नहीं एमबाप्पे का विश्व कप के नॉकआउट राउंड में यह 11वां गोल था और इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया। वह तीन विश्व कप में से प्रत्येक के नॉकआउट राउंड में कम से कम तीन गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया टी-20 चैंपियन

## बेथ प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दोनों बनीं



## ▶▶ फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर कब्जाई ट्राफी

## ▶▶ 151 रन का टारगेट 17 बॉल रहते चेज किया

एजेंसी ▶▶ लंदन

### मूनी ने 64 और फोबे लिचफील्ड 48 रन बनाए

- ▶▶ ऑस्ट्रेलिया ने 2010, 2012, 2014, 2018, 2020, 2023, 2026 में खिताब अपने नाम किया, ऐसा करने वाली इकलौती टीम।
- ▶▶ इंग्लैंड महिला टीम ने 2009 में पहला टी20 विश्व कप जीता था, लेकिन उसके बाद से कभी ट्रॉफी नहीं जीत पाई।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी (64 रन) के अर्धशतक और फोबे लिचफील्ड (48 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी से रविवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को 17 गेंद रहते सात विकेट से शिकस्त देकर सातवां खिताब अपने नाम किया। मूनी ने 49 गेंद का सामना करते हुए 10 चौके जमाए जबकि लिचफील्ड ने 13वें ओवर की अंतिम गेंद पर आउट होने से पहले 35 गेंद की तेज तर्रार पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जड़े। इससे ऑस्ट्रेलिया ने 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.1 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। मूनी और लिचफील्ड ने जॉर्जिया वोल (09) के दूसरे ओवर में लॉरेन बेल की गेंद पर बोल्ड होने के बाद जिम्मेदारी से खेलते हुए इंग्लैंड की गेंदबाजों के खिलाफ आराम से रन जुटाते हुए 67 गेंद में शतकीय भागीदारी निभाई। पर 13वें ओवर में चार्ली डीन की अंतिम गेंद पर लिचफील्ड के लेग स्टंप उखड़ गए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 117 रन पर दूसरा विकेट गंवाया। उनके आउट होने से पहले मूनी ने 38 गेंद में सात चौके की मदद से अपना पचासा पूरा कर लिया था। यह इस टूर्नामेंट में उनका तीसरा अर्धशतक भी था। इस तरह वह महिला टी20 विश्व कप के तीन अलग चरण में तीन या इससे ज्यादा बार 50 रन से अधिक का स्कोर बना चुकी हैं। फिर ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 42 गेंद में 34 रन की दरकार थी। मूनी को 16वें ओवर में सोफी एक्लेस्टोन ने पगबाधा आउट किया जिसके बाद एलिस पैरी (नाबाद 13 रन) और एशले गार्डनर (नाबाद तीन रन) टीम को जीत तक ले गईं। इससे पहले इंग्लैंड ने कप्तान नैट साइवर ब्रंट (नाबाद 58 रन) के अर्धशतक से चार विकेट पर 150 रन का स्कोर खड़ा किया। नैट साइवर ब्रंट ने 53 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में पांच चौके लगाए। उन्होंने फ्रेया केंप (नाबाद 44 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी निभाई। हालांकि 55 गेंद की इस साझेदारी के दौरान केंप ने आक्रामक बल्लेबाजी की। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया और उसकी गेंदबाजों ने अच्छी शुरूआत कराई। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे ही ओवर में एमी जोंस का विकेट झटक लिया जिन्हें लुसी हैमिल्टन ने आउट किया।

## खबर संक्षेप



### बीएमडब्ल्यू इंटरनेशल: कट से चूके शुभंकर

**म्यूनिख।** शुभंकर शर्मा लंबे ब्रेक के बाद वापसी करते हुए यहां बीएमडब्ल्यू इंटरनेशनल ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूक गए। शुभंकर ने लगातार दो दौर में 73 का स्कोर बनाया, जो उन्हें कट में जगह दिलाने के लिए नाकाफी था। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा। जर्मनी के थॉमस रोसेम्युलर सात अंडर 65 के दिन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ खिताब की दौड़ में शामिल हो गए है। उनका कुल स्कोर 11 अंडर है और वह संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं रोसेम्युलर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे बर्नड वीसबर्गर और माइकल होलिक से दो शॉट पीछे हैं। इन दोनों का कुल स्कोर 13 अंडर है।

### खिताबी दौड़ में बरकरार दीक्षा और अदिति अशोक



**हुलेनकोर्ट।** गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक ने हुलेनकोर्ट महिला ओपन के तीसरे दौर के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंचकर खिताब की दौड़ में अपनी मजबूत दावेदारी बनाए रखी है। दीक्षा ने लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) के इस टूर्नामेंट में भारत की उम्मीदों को कायम रखते हुए एक अंडर 71 और अदिति ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला। दोनों ओलंपियन का कुल स्कोर पांच अंडर 211 है और वे तालिका में शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट से पांच स्ट्रोक पीछे हैं। बेनेट ने तीन अंडर 69 का कार्ड खेला और कुल 10 अंडर के स्कोर के साथ बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने स्पेन की कैरोलिना चकार्रा पर दो स्ट्रोक की बढ़त बना ली है। दीक्षा ने दूसरे और नौवें होल पर बर्डी लगाई, जबकि दिन का एकमात्र बोगी 10वें होल पर किया।

# भारत ए की श्रीलंका ए पर शानदार जीत, बराड़ ने चटकाए 10 विकेट

एजेंसी ▶▶ गॉल

तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने दूसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट में कुल 10 विकेट लेकर भारत ए को श्रीलंका ए पर शानदार 10 विकेट की जीत दिलाकर अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ संभावित टेस्ट पदार्पण के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी।

साई सुदर्शन के 168 रन की बदौलत भारत ए ने पहली पारी में 543 रन का विशाल स्कोर बनाया और श्रीलंका ए पर 177 रनों की बढ़त हासिल की। भारत ए ने दिन की शुरुआत 8 विकेट पर 541 रन से की थी। मैच के चौथे और अंतिम दिन खेल तेजी से आगे बढ़ा। बराड़ ने दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर श्रीलंका ए की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। पहली पारी में भी उन्होंने 4 विकेट लिए थे, जिससे पूरे मैच में उनके विकेटों की संख्या 10 हो गई।

### श्रीलंका ए की बल्लेबाजी नाकाम

श्रीलंका ए की ओर से आशेन बंडारा ने 87 रन बनाए, लेकिन उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। श्रीलंका ए की दूसरी पारी 209 रन पर सिमटने के बाद भारत ए को जीत के लिए केवल 33 रन का लक्ष्य मिला। साई सुदर्शन और अमन मोखाड़े ने 6.2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए यह लक्ष्य हासिल कर लिया और भारत ए ने 10 विकेट से आसान जीत दर्ज की।



### आकिब की तुलना में बराड़ का प्रदर्शन प्रभावशाली

अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए टीम में जगह के एक अन्य दावेदार आकिब नबी की तुलना में बराड़ का प्रदर्शन कहीं अधिक प्रभावशाली रहा। पंजाब के इस तेज गेंदबाज ने पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत के लिए पदार्पण करते हुए भी प्रभावित किया था। वह टेस्ट टीम का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्हें अब तक टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका नहीं मिला है।

# हमें इंग्लैंड की परिस्थितियों के अनुरुप ढलना होगा : किशन



**मैनचेस्टर।** विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का मानना है कि भारत को इंग्लैंड की परिस्थितियों में बेहतर तरीके से ढलना होगा और बीच के ओवरों में धीमी गति से बल्लेबाजी करने की समस्या से निजात पाना होगा, जिसके कारण उसे यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हार का सामना करना पड़ा। भारत अपने पिछले चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में जीत हासिल नहीं कर पाया है। किशन ने कहा, 'बिल्कुल उनके पास गेंदबाजी के सबसे अच्छे विकल्प होंगे। उन्हें परिस्थितियों की बेहतर समझ होगी। लेकिन हम भी सुधार की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम सभी यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके खिलाड़ी हमारे खिलाफ क्या कर रहे हैं क्योंकि उनके पास ज्यादा जानकारी है।

# भारत ने जीते सात पदक, इनमें पांच हरियाणा के खिलाड़ियों को मिले

## अंडर-20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप | ओवरऑल टीम ट्रॉफी में तीसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

थाईलैंड में आयोजित अंडर-20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप 2026 में भारत की अंडर-20 फ्रीस्टाइल कुश्ती टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। भारतीय पहलवानों ने शानदार खेल की बदौलत कुल 7 पदक अपने नाम किए और ओवरऑल टीम ट्रॉफी में तीसरा स्थान हासिल कर तिरंगा लहराया। इसमें पांच पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं। भारतीय दल की इस ऐतिहासिक सफलता में 1 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम अंक तालिका में दबदबा बनाते हुए ओवरऑल टीम ट्रॉफी में तीसरे स्थान पर रही।



### इन खिलाड़ियों ने जीते पदक

| पदक | नाम | शहर | वेट |
|---|---|---|---|
| हरियाणा के खिलाड़ी | | | |
| स्वर्ण | सुमित | (रोहतक) | 70 किग्रा |
| रजत | पुष्प | (झज्जर) | 61 किग्रा |
| रजत | रौनक | (सोनीपत) | 125 किग्रा |
| कांस्य | रोहित | (पानीपत) | 57 किग्रा |
| कांस्य | लक्की | (रोहतक) | 97 किग्रा |
| अन्य राज्यों के खिलाड़ी | | | |
| रजत | सौरभ | (उत्तर प्रदेश) | 79 किग्रा |
| कांस्य | आदर्श | (महाराष्ट्र) | 74 किग्रा |

## ग्रैंड चेस टूर : ब्लिट्स वर्ग में पिछड़े, अलीरेजा ने बढ़त बनाई

# रैपिड वर्ग वाला शानदार फॉर्म दोहराने में नाकाम प्रज्ञानानंदा

एजेंसी ▶▶ जागरेब

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ग्रैंड चेस टूर के क्रोएशिया चरण में रैपिड वर्ग वाला अपना शानदार फॉर्म दोहराने में नाकाम रहे और ब्लिट्ज वर्ग के शुरुआती 9 दौर में सिर्फ 3.5 अंक ही हासिल कर पाए।

इस बीच फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शानदार खेल दिखाते हुए एकल बढ़त बना ली है। प्रतियोगिता में अब सिर्फ एक दिन का खेल बाकी है। अलीरेजा ने तेज खेल वाले प्रारुप में कमाल का खेल दिखाया और 9 में से 8 अंक हासिल किए। उन्होंने 20 अंक के साथ अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वियों उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव पर तीन अंक की बड़ी बढ़त बना ली है।

### प्रज्ञानानंदा चौथे स्थान पर खिसके

प्रज्ञानानंदा 15.5 अंक के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश का दिन भी औसत रहा और वे 14 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ग्रैंड चेस टूर के इतिहास में सबसे दमदार प्रदर्शन में से एक में अलीरेजा ने आधे खिलाड़ियों को कम से कम सात अंक पीछे छोड़ दिया है। जर्मनी के विन्सेंट कीमर 13 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं। नीदरलैंड के अनीश गिरी उनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि रोमानिया के डीक बोगदान डैनियल के 11.5 अंक हैं। नीदरलैंड के जोर्डन वैन फोरेस्ट उनसे दो अंक और पीछे हैं जबकि क्रोएशिया के इवान सारिक सिर्फ पांच अंक के साथ सबसे नीचे हैं।



### प्रज्ञानानंदा ने ब्लिट्ज वर्ग में खोई लय

रैपिड वर्ग के बाद अलीरेजा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे प्रज्ञानानंदा ब्लिट्ज वर्ग में अपनी लय खो बैठे। दिन की शुरुआत कीमर पर जीत के साथ करने के बाद प्रज्ञानानंदा ने गिरी के साथ अगली बाजी ड्रॉ खेली लेकिन फिर लगातार चार हार ने उनके आत्मविश्वास को कम कर दिया। टूर्नामेंट के चौथे दिन भारतीय खिलाड़ी ने आठ में से 3.5 अंक जुटाए। गुकेश के लिए भी स्थिति काफी अलग नहीं थी लेकिन उन्होंने प्रज्ञानानंदा से आधा अंक अधिक हासिल किया। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन ने चार बाजी गंवाई। ब्लिट्ज वर्ग में अब भी नौ दौर खेले जाने बाकी हैं लेकिन शीर्ष स्थान शायद पहले ही तय हो चुका है।

## 106वीं जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

# जोकोविच ने विम्बलडन में फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी ▶▶ लंदन



सात बार के विम्बलडन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने रविवार को क्वालीफायर और विश्व रैंकिंग में 132वें स्थान पर काबिज रोमन सफियुलिन की कड़ी चुनौती को पार करते हुए विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में रोजर फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मैच के दौरान जोकोविच कई बार अपनी नाराजगी जाहिर करते नजर आए। पहले सेट में 2-5 से पिछड़ने के बाद उन्हें दो सेट प्वाइंट बचाने पड़े। तीसरे सेट की शुरुआत में सर्विस गंवाने के बाद सेंटर कोर्ट पर सर्बियाई भाषा में कथित तौर पर अपशब्द बोलने के कारण उन्हें अंपायर ने चेतावनी भी दी। इसके बावजूद जोकोविच ने मुकाबला 7-6 (8-6), 6-3, 3-6, 6-3 से जीत लिया। यह विम्बलडन में उनकी 106वीं मैच जीत थी, जिसके साथ उन्होंने पुरुष वर्ग में रोजर फेडरर (105 जीत) को पीछे छोड़ दिया। हालांकि महिलाओं में मार्टिना नवरातिलोवा के 120 मैच जीत के रिकॉर्ड से वह अब भी पीछे हैं। जोकोविच 17वीं बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। यह फेडरर के रिकॉर्ड से सिर्फ एक कम है। अब वह अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी फेडरर के आठ विम्बलडन खिताब की बराबरी करने से केवल तीन जीत दूर हैं। हालांकि उन्होंने माना कि खिताब जीतने के लिए उन्हें अपने खेल में और सुधार करना होगा। जोकोविच ने कहा, ''फिलहाल मेरी स्थिति 'किसी तरह टिके रहो और आगे बढ़ो' जैसी है। उम्मीद है कि अब बेहतर प्रदर्शन का दौर आएगा।''

### ज्वेरेव की क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने पर नजर

**लंदन।** विंबलडन में दूसरे सीड अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिकी खिलाड़ी मार्कोस गिरोन के खिलाफ 6-2, 7-6(4), 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ ज्वेरेव ने अपने करियर में चौथी बार ऑल इंग्लैंड क्लब में चौथे राउंड में जगह बनाई। फ्रेंच ओपन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद, जर्मन खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ विंबलडन पहुंचे, हालांकि उन्होंने माना कि ग्रास (घास) उनका सबसे कम पसंदीदा सरफेस है। वह एसडब्ल्यू19 में कभी भी चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए, लेकिन उनके हालिया प्रदर्शन से संकेत मिला कि शायद वह अब आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।




झांसा देने वालों से सावधान रहने की अपील

# विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर मंत्रालय से जुड़े होने के फर्जी दावों से किया सावधान, गलत पैसे वसूल रहे हैं कुछ लोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर सक्रिय कुछ व्यक्तियों और अकाउंट्स को लेकर सार्वजनिक चेतावनी जारी की है। मंत्रालय ने कहा है कि कुछ लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह झूठा दावा कर रहे हैं कि वे विदेश मंत्रालय को व्यापार, माइग्रेशन और अन्य नीतिगत मामलों में सलाह देते हैं। इतना ही नहीं, कुछ लोग पैसे लेकर यह भी दावा कर रहे हैं कि वे लोगों को विदेश मंत्रालय के साथ काम करने या मंत्रालय में अवसर प्राप्त करने के तरीके सिखाते हैं। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक सोशल मीडियाहैंडल से जारी बयान




में स्पष्ट किया गया है कि ऐसे व्यक्तियों या सोशल मीडिया हैंडल का मंत्रालय से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसे भ्रामक दावों और फर्जी पोस्टों से सावधान रहें तथा किसी भी प्रकार की फीस या भुगतान करने से पहले जानकारी की सत्यता अवश्य जांच लें।

### क्या कहा विदेश मंत्रालय ने?

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि कुछ व्यक्ति सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट कर रहे हैं, जिनसे यह आभास कराया जा रहा है कि वे व्यापार, इमिग्रेशन और अन्य नीतिगत मामलों में विदेश मंत्रालय के सलाहकार हैं। इसके अलावा, वे भुगतान लेकर विदेश मंत्रालय के साथ कैसे काम करें जैसे विषयों पर सेशन और सलाह भी दे रहे हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इन लोगों का विदेश मंत्रालय से कोई आधिकारिक संबंध नहीं है और जनता को ऐसे भ्रामक दावों से सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### सोशल मीडिया प्रोफाइल भी चर्चा में

सोशल मीडिया पर मंत्रालय की चेतावनी के साथ कुछ ऐसे प्रोफाइल भी साझा किए जा रहे हैं, जिनमें विदेश नीति, सार्वजनिक नीति और मंत्रालय से जुड़े होने जैसे दावे किए गए हैं। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने किसी व्यक्ति का नाम लेकर कार्रवाई की घोषणा नहीं की है, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी सोशल मीडिया प्रोफाइल या व्यक्ति के दावों को मंत्रालय की आधिकारिक मान्यता नहीं समझा जाना चाहिए।

### लोगों से क्या अपील?

विदेश मंत्रालय ने नागरिकों से आग्रह किया है कि सोशल मीडिया पर मंत्रालय से जुड़े होने के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करें। एमईए में नौकरी, एमईए के साथ काम करने का तरीका या सरकारी नीति पर विशेष पहुंच के नाम पर पैसे मांगने वालों से सावधान रहें। केवल विदेश मंत्रालय और भारत सरकार के आधिकारिक प्लेटफॉर्म से जारी जानकारी पर ही भरोसा करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या फर्जी दावे की सूचना संबंधित अधिकारियों को दें।


### बढ़ रहे हैं ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले

डिजिटल माध्यमों के बढ़ते उपयोग के साथ सरकारी संस्थानों के नाम पर फर्जी सलाह, नकली प्रशिक्षण कार्यक्रम और भुगतान आधारित कोर्स के जरिए लोगों को ठगने के मामले भी बढ़े हैं। ऐसे में विदेश मंत्रालय की यह चेतावनी आम नागरिकों, छात्रों, नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं और विदेश नीति में रुचि रखने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विदेश मंत्रालय ने दोहराया है कि उससे जुड़े किसी भी आधिकारिक कार्यक्रम, भर्ती, इंटर्नशिप या नीति संबंधी जानकारी के लिए केवल मंत्रालय के आधिकारिक माध्यमों पर ही भरोसा किया जाए और सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट दावों से बचा जाए।

## खबर संक्षेप

### लद्दाख में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में रविवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर



भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई और इसकी गहराई 15 किलोमीटर थी। दोपहर करीब एक बजे झटके आने से लोगों में दहशत फैल गई। लोग घरों से बाहर निकलने लगे। खबर लिखे जाने तक किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है। हम अपने सभी पाठकों को पल-पल की खबरों से अपडेट करते हैं। हम लेटेस्ट और ब्रेकिंग न्यूज को तुरंत ही आप तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### 72 मौतों के मामले में 11 वर्षीय बच्चे पर मुकदमा

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जनवरी में गुल प्लाजा



शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग के मामले में पुलिस ने अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। इस चार्जशीट में 11 साल के एक बच्चे, उसके पिता और चार अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हैं। गवाहों के अनुसार, पिता की गैरमौजूदगी में बच्चा कृत्रिम फूलों की दुकान पर माचिस से खेल रहा था।

### लाल सागर में मालवाहक जहाज पर हमला

**दुबई।** यमन के समुद्री तट के निकट लाल सागर में एक मालवाहक जहाज पर अज्ञात हथियारबंद हमलावरों द्वारा हमला किए जाने की खबर है। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र ने बताया कि यह हमला तटीय शहर होदेदा के पास हुआ।

चंबल ने जब-जब भी कदम बढ़ाया, तब-तब देशभक्ति का नया गीत गाया

सीएम डॉ. यादव ने किया 2500 करोड़ की अडाणी डिफेंस यूनिट का शिलान्यास

# शिवपुरी में बनेंगी मॉडर्न मिसाइलें 5 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

सीएम ने कहा कि यहां से जो मिसाइल बनेगी, वो लंबी दूरी तय करके दुश्मन के देश में गिरेगी और भारत का मान-सम्मान बढ़ाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/शिवपुरी

अब मध्यप्रदेश देश की रक्षा में बड़ी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी जिले में 2,500 करोड़ की लागत के अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शिलान्यास किया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया,अदाणी ग्रुप के युवा नेतृत्व करण अदाणी,जीत अदाणी भी मौजूद थे। इस मौके पर सीएम डॉ. यादव ने 211 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल की ये धरा कई सौ साल से अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रही है। चंबल ने जब-जब भी कदम बढ़ाया, तब-तब देशभक्ति का नया गीत गाया है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आज नया इतिहास लिखा गया है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने मथुरा में कंस को मारने के बाद मध्यप्रदेश में शिक्षा ग्रहण की। लेकिन, जब तक वे गुजरात जाकर द्वारिकाधीश नहीं हुए, तब तक आनंद नहीं आया।

यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा निजी प्लांट


कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीएम और केंद्रीय मंत्री सिंधिया

» सीएम ने शिवपुरी में किया 211 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन

» केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा शिव की नगरी में लिखी जा रही इतिहास की नई इबारत

### मुख्यमंत्री कीं ये घोषणाएं

- शिवपुरी को नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए 120 करोड़ की लागत से 14 किमी की फोरलेन सड़क बनाई जाएगी।
- मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी यूनिट की स्थापना की जाएगी। खोड में कला-वाणिज्य-विज्ञान का नया कॉलेज स्थापित किया जाएगा।
- शिवपुरी में नवीन तहसील सुभाषपुरा बनाई जाएगी। पिछोर में एक नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा।
- भितरवार रोड से समोहा डैम तक नई सड़क बनाई जाएगी।
- खनियाधाना कृषि उपज मंडी की स्थापना की जाएगी। ग्राम पंचायत खतौरा में सांदीपनि विद्यालय की स्थापना की जाएगी। शिवपुरी में 200 बिस्तरों का मातृ-शिशु अस्पताल स्थापित किया जाएगा।

### सांदीपनि विद्यालय देश का सबसे अच्छा स्कूल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुछ दिनों पहले गुना में सीमेंट फैक्ट्री का उद्घाटन हुआ। इस तरह यह पूरा ग्वालियर-गुना क्षेत्र बदलने वाला है। सुदामा-कृष्ण की जोड़ी हमारे लिए सबक है। अगर संकट के समय दोस्त आपके पास आए तो आप उसे नहीं भूलना। मित्रता के समय भाव बराबर होना चाहिए, पैसा तो आता-जाता रहेगा। भगवान कृष्ण ने सुदामा को अपने पास 8 महीने रखा।


### शिवपुरी नया सितारा बन कर चमकेगा: सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भगवान शिव की शिवपुरी में आधारशिला रखी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। उनके नेतृत्व में भारत का मान बढ़ा है। संकट के समय विश्व भारत की ओर आशा से देखता है। विकसित भारत-2047 मां भारती का लक्ष्य बन चुका है। शिवपुरी नया सितारा बन कर चमकेगा।

15 जुलाई से लागू होगी भारत-यूके ट्रेड डील

# रीपैकेजिंग और पॉलिशिंग करने वाले प्रोडक्ट्स को नहीं मिलेगी टैक्स छूट

शर्तें पूरी न होने पर कस्टम्स अधिकारी छूट देने से इनकार कर सकते हैं।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच हुआ ऐतिहासिक व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) आगामी 15 जुलाई 2026 से लागू होने जा रहा है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने इस समझौते से जुड़े नए नियम और नोटिफिकेशन जारी कर दिए हैं, जिससे यह साफ हो गया है कि किस सामान को इस समझौते के तहत टैक्स में मिलने वाली विशेष छूट का फायदा मिलेगा।

वित्त मंत्रालय और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा जारी इन नियमों के मुताबिक, 'कंट्री ऑफ ओरिजिन' (मूल देश) को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। नए नियमों में साफ कहा गया है कि अगर किसी दूसरे देश से सामान लाकर भारत या यूके में सिर्फ उसकी रीपैकेजिंग, नया लेबल लगाने, धुलाई, छंटाई, पॉलिशिंग या साधारण असेंबली की जाती है, तो उसे टैक्स छूट का लाभ नहीं मिलेगा। किसी प्रोडक्ट को दोनों देशों में बना हुआ तभी माना जाएगा, जब वह पूरी तरह से किसी एक देश में तैयार किया गया हो या वहीं की सामग्री से बना हो। शर्तें पूरी न होने पर कस्टम्स अधिकारी छूट देने से इनकार कर सकते हैं। इस बीच, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन में आयोजित इंडिया-यूकेः पार्टनर्स इन प्रोग्रेस बिजनेस प्लेनरी कार्यक्रम में इस ऐतिहासिक समझौते के फायदे गिनाए। उन्होंने कहा कि इस डील से दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप और इनोवेशन के क्षेत्र में सहयोग मजबूत होगा।

# बड़ा सवालः खामेनेई के जनाजे के लिए क्या वाकई खोदी जा रहीं 3,000 कब्रें?

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान का खौफनाक इमरजेंसी प्लान

अमेरिका और इजराइल के हमले में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के जनाजे को लेकर एक चौं का ने वाली रिपोर्ट सामने आई है। जर्मनी के अखबार डाई वेल्ट के दावे के मुताबिक, ईरानी प्रशासन ने जनाजे के दौरान संभावित बड़े हादसे से निपटने के लिए एक अत्यंत गोपनीय आपातकालीन योजना तैयार की है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि लाखों लोगों की उमड़ने वाली भारी भीड़, भीषण गर्मी और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर प्रशासन ने सबसे खराब स्थिति का आकलन किया है, जिसमें 1,500 से 3,000 लोगों की मौत तक की आशंका जताई गई है।

इसलिए 3 हजार कब्रे खोदी गई हैं। दावा है कि इसी के तहत तेहरान के बेहेश्त-ए-जहरा कब्रिस्तान में आपातकालीन तौर पर कब्रें तैयार की जा रही हैं, हालांकि ईरान सरकार ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है। कथित तौर पर ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने सरकार को एक गोपनीय पत्र भेजकर लापता है।

और संभावित मृतकों से निपटने के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाने का सुझाव दिया है।

इस विशाल शोक कार्यक्रम में देश-विदेश से करीब दो करोड़ लोगों के शामिल होने का अनुमान है। इस अभूतपूर्व भीड़ को संभालने के लिए तेहरान में 11,000 बसें तैनात की गई हैं और मेट्रो सेवाओं को चौबीसों घंटे मुफ्त कर दिया गया है।

# खामेनेई के 3 बेटे अंतिम संस्कार में दिखे



### उत्तराधिकारी मोजतबा गायब

**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल के हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के दौरान उनके तीन बेटे-मसूद, मेसम और मुस्तफा-पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। तेहरान के ग्रैंड मोसाला परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा का नेतृत्व वरिष्ठ धार्मिक नेता जाफर सोभानी ने किया।

इसरो को मिली बड़ी कामयाबी

# गगनयान मिशन के लिए 'सोल्व' रॉकेट मोटर का पहला परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की दिशा में एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसरो ने सॉल्व सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल फॉर एक्सपेरिमेंट्स) नामक विशेष परीक्षण रॉकेट की सॉलिड मोटर यानी ठोस ईंधन प्रणाली का पहला सफल परीक्षण किया है। यह महत्वपूर्ण टेस्ट आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में किया गया, जहां रॉकेट मोटर का प्रदर्शन वैज्ञानिकों की उम्मीदों के बिल्कुल मुताबिक रहा। इस सफल परीक्षण का मुख्य



उद्देश्य भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करना है। सोल्व कोई आम रॉकेट नहीं है, बल्कि इसे विशेष रूप से गगनयान मिशन के क्रू मॉड्यूल की सुरक्षा जांचने के लिए तैयार किया गया है। इस रॉकेट की मदद से उस हिस्से को, जिसमें अंतरिक्ष यात्री बैठेंगे, आसमान में करीब 10 से 17 किलोमीटर की ऊंचाई पर ले जाया जाएगा और फिर वहां से अलग कर दिया जाएगा। इसके बाद मॉड्यूल की रफ्तार को नियंत्रित करने के लिए एक-एक करके 10 विशेष पैराशूट खोले जाएंगे ताकि अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से समुद्र में लैंड कर सकें। गगनयान भारत का बेहद खास अंतरिक्ष प्रोजेक्ट है, जिसके तहत दो से तीन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से लगभग 400 किलोमीटर ऊपर अंतरिक्ष की कक्षा में भेजा जाएगा। ये यात्री वहां तीन दिन का समय बिताएंगे और फिर उन्हें सुरक्षित रूप से भारतीय समुद्री क्षेत्र में वापस उतारा जाएगा। इस पूरे मिशन के लिए इंसानों की सुरक्षा के लिहाज से बेहद मजबूत माने जाने वाले ह्यूमन रेटेड एलवीएम-3 (एचएलवी-3) रॉकेट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## प्रदर्शनकारियों ने भारत से मदद की लगाई गुहार

पाकिस्तानी हुकूमत क्रूरता में कोई कसर नहीं छोड़ रही

# पीओके में 600 कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भड़का आक्रोश

» श्रीनगर से लोगों से कहा मदद करें दवाएं और राशन भी खत्म हो गया

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में पाकिस्तानी सरकार की दमनकारी कार्रवाई और 600 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं की सामूहिक गिरफ्तारी के बाद हालात बेकाबू हो गए हैं। प्रमुख आंदोलनकारी नेता शौकत नवाज मीर की नजरबंदी से नाराज जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने अब इस्लामाबाद की हुकूमत को खुली चुनौती देते हुए भारत से सीधी मदद की गुहार लगाई है। क्षेत्र में इस समय पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ



जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन चल रहे हैं, जिसमें प्रदर्शनकारी दोनों देशों के बीच की सीजफायर लाइन (एलओसी) को हमेशा के लिए खत्म करने की मांग कर रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर जम्मू-कश्मीर जेएएसी के मुख्य सदस्य सरदार अमन खान का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तानी शासन के तहत हो रही व्यवस्थित क्रूरता, भारी किल्लत और गंभीर मानवीय संकट को उजागर किया है। अमन खान ने भरी भीड़ के सामने विभाजन के उस पार यानी भारतीय हिस्से के जम्मू-कश्मीर के लोगों को संदेश भेजते हुए कहा कि मेंढर, पुंछ, राजौरी, डोडा और श्रीनगर के लोग हमारी मदद के लिए आगे आएं। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि इस तरफ राशन और दवाओं की भारी कमी हो चुकी है और वे अब इस सीजफायर लाइन को खत्म करना चाहते हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों की मनमानी की तीखी आलोचना करते हुए प्रदर्शनकारी नेताओं ने चेतावनी दी है कि स्थानीय नागरिक अब इस्लामाबाद की धमकियों के आगे झुकने वाले नहीं हैं। वायरल वीडियो में खान सुरक्षा व्यवस्था को सीधे चुनौती देते हुए भीड़ से पूछते नजर आ रहे हैं।

### *हम खत्म करना चाहते सीजफायर लाइन*

*पाकिस्तानी नियंत्रण से निकलने की स्थानीय लोगों की बेताबी को उजागर करते हुए, जेएएसी नेता ने सीमाओं को खत्म करने की मांग की और विभाजन के पार संदेश भेजते हुए कहा, ₹हम सीजफायर लाइन को खत्म करना चाहते हैं और हमें आपके समर्थन की जरूरत है। उसने दूसरी तरफ के लोगों से मेरी अपील है कि वे आगे आएं। और जैसा कि मैंने कहा, रास्ते... अगर हमने राजनीतिक बातचीत के लिए दरवाजा खुला रखा है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109